WWW.NAVPRADESH.COM
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

रायपुर, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 , अंक- 224 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत-सा. अफ्रीका वनडे: रोहित-विराट पहुंचे रायपुर, आज प्रैक्टिस मैच

टीमों का प्रैक्टिस शेड्यूल

दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी 2 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे से स्टेडियम में प्रैक्टिस करेंगे। इसके बाद शाम 5.30 बजे से भारतीय टीम प्रैक्टिस के लिए उतरेगी। टीम के साथ 30 खिलाड़ियों और अधिकारियों का दल रायपुर पहुंचेगा। प्रैक्टिस के दौरान आम दर्शकों की एंट्री प्रतिबंधित है, जबकि बीसीसीआई के कार्डधारी ही स्टेडियम में प्रवेश कर सकेंगे।

स्थानीय खिलाड़ियों के साथ करेंगे प्रैक्टिस

दोनों टीमों के लिए 30 स्थानीय खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। प्रैक्टिस के दौरान इन खिलाड़ियों को रोहित-विराट के सामने गेंद डालने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों की डिमांड के अनुसार स्थानीय खिलाड़ी को नेट्स पर भेजा जाएगा।

स्टेडियम में पानी फ्री, खाने-पीने के रेट तय

दर्शकों की सुविधा के लिए स्टेडियम में 22 बड़े वाटर फिल्टर लगाए गए हैं। पानी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही हर वेंडर को रेट-लिस्ट डिस्प्ले करना होगा, ताकि ओवर चार्जिंग न हो। स्टेडियम में कई जगह रेट-चार्ट चस्पा किया जाएगा।

- चार्टेट प्लेन से आई दोनों टीम

आज प्रैक्टिस, 3 दिसंबर को मैच

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे मैच खेला जाएगा। दोनों टीम राची से एक ही चार्टर्ड फ्लाइट से आज शाम 4.30 बजे रांची से रायपुर पहुंची हैं। इस दौरान खिलाड़ियों ने हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया। भारत ने रांची वनडे जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और अन्य स्टार खिलाड़ी कल स्टेडियम में प्रैक्टिस करेंगे।

वहीं सिविल लाइन पुलिस ने 30 नवंबर को ब्लैक टिकट बेचने वाले 2 आरोपियों को हिरासत में लिया। अवैध तरीके से टिकट खरीदकर ज्यादा दामों में बेचे। पुलिस ने भारत माता चौक और आसपास इलाके में घेराबंदी कर, फाफाडीह के रहने वाले ऋतिक माकीजा और देवव्रत माकीजा को गिरफ्तार किया।

स्टूडेंट्स के बीच टिकट खरीदने मची थी होड़ : वहीं इससे पहले इंडोर स्टेडियम में पहले फेज में ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले फिजिकल टिकट लेने पहुंचे। वहीं स्टूडेंट्स के लिए रिजर्व सीटों की बिक्री भी बीते सोमवार को हुई थी। इसके लिए सुबह 4 बजे से ही काउंटर के सामने भीड़ जुट गई थी। हालांकि, स्टूडेंट्स टिकट की ▪ शेष पृष्ठ 6

आज बेबाक

सही बात है। जब विनाशकाल आता है तो सबसे पहले विवेक मर जाता है। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान 9वीं फेल तेजस्वी यादव गरजता था कि - ये बिहार है यहां के लोग खैनी के साथ चूना रगड़ते हैं। एनडीए को भी रगड़ देंगे। हुआ क्या ? खुद ही रगड़े गये और खटारा लालटेन बुझ गई। तेजस्वी यादव की तरह ही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी चीख रही हैं कि - ये बंगाल है यहां भाजपा उनसे जीत नहीं सकती। दरअसल दीदी को अपना खेला खत्म होने का खतरा नजर आ रहा है। इसलिए वे हत्थे से उखड़ रही हैं।

भारत फुटवियर क्षेत्र में बन रहा दुनिया की बड़ी ताकत: राष्ट्रपति

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत फुटवियर क्षेत्र में दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है। श्रीमती मुर्मू ने यह बात यहां फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि भारत फुटवियर क्षेत्र में तेज़ी से आत्मनिर्भर बन रहा है और विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका मज़बूत कर रहा है। श्रीमति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने फुटवियर सेक्टर को 'चैंपियन सेक्टर' का दर्जा दिया है ताकि इस क्षेत्र में निवेश और विकास बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत फुटवियर विनिर्माण और खपत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का फुटवियर निर्यात 2.5 अरब डॉलर से अधिक रहा, जबकि आयात लगभग 68 करोड़ डॉलर था। यानी भारत का निर्यात आयात से करीब चार गुना है।

सरकार ने संसद में स्वीकारा, विमानों के सिग्नल से छेड़छाड़

नई दिल्ली (वार्ता)। नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की समस्या हुई थी, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किनजारापु ने बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) के पास उडऩे वाले कुछ विमानों ने जीपीएस स्पूफिंग की सूचना दी। यह समस्या रनवे 10 पर जीपीएस आधारित लैंडिंग के दौरान दर्ज की गई। स्पूफिंग का पता लगते ही तुरंत वैकल्पिक प्रक्रियाएं अपनाई गईं, जिससे विमान सुरक्षित रूप से उतरे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि दूसरे रनवे पूरी तरह सुरक्षित रहे क्योंकि वहां पारंपरिक नेविगेशन सिस्टम उपलब्ध थे। उड़ान संचालनों पर कोई गंभीर असर नहीं पड़ा। सरकार के अनुसार, जीपीएस जामिंग/स्पूफिंग की रिपोर्ट नवंबर 2023 से अनिवार्य की गई है। इसके बाद देश के कई बड़े हवाईअड्डों से यह समस्या लगातार सामने आ

संसद का शीतकालीन सत्र: दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी पर हंगामा

सरकार एसआईआर और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार

- जनता की आकांक्षाओं तथा लोकतंत्र के अनुरूप संसद की कार्यवाही में हिस्सा लें
- संसद को चुनावी हार-जीत की निराशा, अहंकार का अखाड़ा न बनने दें

नई दिल्ली/वार्ता। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्ष चर्चा के लिए अड़ा है। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया कि सरकार एसआईआर और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष से अपील कि वह इस पर कोई समय सीमा न थोपें। वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में वंदे मातरम् पर 10 घंटे चर्चा करा सकता है। यह बहस गुरुवार-शुक्रवार को हो सकती है। पीएम मोदी खुद इसमें हिस्सा ले सकते हैं। 30 सितंबर को राज्यसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में सत्तारूढ़ ▪ शेष पृष्ठ 6

- मणिपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स बिल पास हुआ
- केंद्र ने चालू वित्त वर्ष में 41 हजार करोड़ अतिरिक्त खर्च की मंजूरी मांगी
- संसदीय समितियों को दो बिलों पर रिपोर्ट पेश करने के लिए और समय मिला
- सीतारमण ने तंबाकू-पान मसाला पर सेस लगाने वाले दो बिल पेश किए

सदन में ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए

सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। ये राष्ट्र को प्रगति की ओर तेज गति से ले जाने के जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का काम ये शीतकालीन सत्र करेगा, ये मेरा विश्वास है। समय समय पर ऐसे प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता रहता है।

अहंकार में ड्रामेबाजी का खेल खेल रहे सत्ता में बैठे लोग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि असलियत यह है कि संसदीय मर्यादा और संसदीय प्रणाली को पिछले 11 साल से सरकार ने लगातार कुचला है उसकी लंबी फेहरिस्त है। सच्चाई यही है कि आम आदमी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता और देश के बहुमूल्य संसाधनों की लूट से जूझ रहा है और सत्ता में बैठे लोग, सत्ता के अहंकार में ड्रामेबाजी का खेल, खेल रहे हैं।

एसआईआर: राज्यसभा से विपक्ष का वॉकआउट

संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने पर राज्यसभा में विपक्ष ने एसआईआर पर चर्चा की मांग की। सरकार द्वारा इसका पर चर्चा न होने पर विपक्ष ने राज्यसभा से वॉक आउट किया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- केंद्र सरकार स्पेशल इंटेंसिव रिविजन या चुनावी सुधारों पर चर्चा से पीछे नहीं है, लेकिन विपक्ष समय-सीमा थोपने की जिद न करे।

मोबाइल में देना होगा साइबर सिक्योरिटी एप

सरकार ने कंपनियों को 90 दिन की डेडलाइन

नई दिल्ली/वार्ता। अब हर नए स्मार्टफोन में साइबर सिक्योरिटी एप 'संचार साथीश् प्री-इन्स्टॉल (पहले से डाउनलोड) मिलेगा। केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ये आदेश आज सामने आया है। इसमें एपल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी मोबाइल कंपनियों को 90 दिन का समय दिया गया है। इस एप को यूजर्स डिलीट या डिसेबल नहीं कर सकेंगे। पुराने फोन पर सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए यह एप इन्स्टॉल किया जाएगा। हालांकि यह आदेश फिलहाल पब्लिक नहीं किया गया है, बल्कि चुनिंदा कंपनियों को निजी तौर पर भेजा गया है। इसका मकसद साइबर फ्रॉड, फर्जी IMEI नंबर और फोन की चोरी को रोकना है। एक सीनियर सरकारी अधिकारी ने कहा, 'यह एप फर्जी IMEI से होने वाले स्कैम और नेटवर्क मिसयूज को रोकने के लिए जरूरी है।

संचार साथी एप क्या है, कैसे करेगा मदद

- सरकार का बनाया साइबर सिक्योरिटी टूल है
- एपल और गूगल प्ले स्टोर पर वॉलंटरी डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, लेकिन अब नए फोन में यह जरूरी होगा।
- एप यूजर्स को कॉल, मैसेज या वॉट्सएप चैट रिपोर्ट करने में मदद करेगा।
- IMEI नंबर चेक करके चोरी या खोए फोन को ब्लॉक करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को दिया आदेश, पहले डिजिटल अरेस्ट घोटाले की करें जांच

- देशों से संचालित साइबर अपराधियों तक पहुंचने इंटरपोल की सहायता लें

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने आज सीबीआई को अहम निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने देश की संघीय जांच एजेंसी से कहा कि वह पहले अखिल भारतीय स्तर पर सामने आ चुके डिजिटल अरेस्ट घोटाले के मामलों की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी राजनीतिक दलों के शासन वाले राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों से भी डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को अनुमति देने को कहा।

साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता: सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े मध्यस्थों को भी निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों से

संबंधित घटनाओं की जांच में सीबीआई को पूरा विवरण मुहैया कराएं और सहयोग भी प्रदान करें। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि जांच एजेंसी टैक्स के पनाहगाह विदेशी ठिकानों और देशों से संचालित साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता ले।

अदालत रिजर्व बैंक से भी तीखा सवाल पूछा: साइबर अपराध ▪ शेष पृष्ठ 6

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना: बदलेगी छत्तीसगढ़ के शहरों की सूरत, 13 नगर निगमों के लिए 429.45 करोड़ मंजूर

- योजना शहरों को आधुनिक, सुंदर और जीवंत बनाने की प्रभावी योजना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शहरों में आइकॉनिक विकास कार्यों के लिए राज्य शासन ने इस साल मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना शुरू की है। पहले चरण में इसे राज्य के सभी 14 नगर निगमों में लागू किया गया है। इसके तहत शहरों में मजबूत अधोसंरचना के विकास के बड़े काम मंजूर किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद योजना के अंतर्गत अब तक 13 नगर निगमों में 26 कार्यों के लिए 429 करोड़ 45 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के बारे में कहा कि इस योजना से शहरों के अधोसंरचना विकास में बड़ा बदलाव आएगा। शहरों के सतत् विकास और नागरिक केंद्रित समाधानों को ध्यान ▪ शेष पृष्ठ 6

गरमा-गरम

डीजीपी कांफ्रेंस | पीएम बोले- महिला सुरक्षा बढ़ाने डायल-112 जैसा प्लेटफॉर्म बने

भगोड़ों पर लगाम, एआई-डेटा-ड्रिवन सिस्टम से चलेगी पुलिसिंग

रायपुर/नवप्रदेश। आईआईएम नवा रायपुर में 60वीं ऑल इंडिया डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस देश की सिक्योरिटी स्ट्रैटजी को बदलने के लिए एक प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करती है। पुलिस को अब जनता और युवाओं के बीच भरोसे की एक नई इमेज बनानी होगी। पीएम ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ क्राइम को रोकने के लिए डायल 112 जैसा एक देशव्यापी प्लेटफॉर्म बनाया जाना चाहिए। देश में भविष्य की पुलिसिंग एआई फोरेंसिक, एनएटीजीआरआईडी और डेटा-ड्रिवन सिस्टम से चलेगी। साथ ही

भगोड़ों को विदेश से भारत लाने पर भी रणनीति बनी। उन्होंने कहा आतंकवाद, ड्रग्स का गलत इस्तेमाल, साइबर क्राइम और महिलाओं की सेफ्टी जैसे मुद्दों पर एक तेज और को-ऑर्डिनेटेड स्ट्रैटजी की जरूरत पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि विजन 2047 की तैयारी में पुलिसिंग को एकाउंटेबल, सेंसिटिव और मॉडर्न बनाने की ▪ शेष पृष्ठ 6

डीजीपी कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें

- विजन 2047 पुलिस व्यवस्था रोडमैप
- भगोड़ों का वापस लाना और फोरेंसिक सुधार
- पर्यटन पुलिस को फिर सक्रिय करने सलाह
- पुलिस की जनता में छवि सुधारने की अपील
- युवाओं तक पुलिस की पहुंच बढ़ाने पर जोर
- शहरी पुलिस मॉडल मजबूत करने की बात
- नए आपराधिक कानूनों की जागरूकता बढ़ाए
- टेक्नोलॉजी-एआई के व्यापक उपयोग पर जोर
- NATGRID इंटीग्रेशन मजबूत करने की जरूरत
- नशीली दवाओं के खिलाफ संयुक्त रणनीति
- आतंकवाद -कट्टरपंथ-निरोध पर विचार-विमर्श
- महिलाओं की सुरक्षा में तकनीक के उपयोग
- प्राकृतिक आपदाओं पर तेज और समन्वित प्रतिक्रिया
- फोरेंसिक आधारित जांच को बढ़ावा दिया
- तटीय और द्वीप सुरक्षा पर खास चर्चा
- राष्ट्रपति पुलिस पदक और शहरी पुलिस पुरस्कार प्रदान

नक्सलियों के पीएलजीए सप्ताह ऐलान के बाद बस्तर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

जगदलपुर/नवप्रदेश। नक्सलियों द्वारा हर साल मनाए जाने वाले पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी सप्ताह की घोषणा के बाद इस बार बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा तैयारी और अधिक कड़ी कर दी गई है। नक्सल संगठन ने 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक पीएलजीए वीक मनाने का ऐलान किया है और इसके साथ ही भारत बंद की चेतावनी भी जारी की है। इस बार नक्सलियों के बयान का फोकस उनकी कमजोरी और हुए नुकसान पर है। पिछले 11 महीनों में हुई अलग-अलग मुठभेड़ों में उनके करीब 320 सदस्य मारे जाने का दावा उन्होंने खुद अपनी बुकलेट में किया है, जिसमें अधिकांश संख्या दंडकारण्य जोन की बताई गई है। यह पहली बार है जब नक्सल संगठन खुलकर अपने बड़े नुकसान का ज़िक्र कर रहा है। सुरक्षा एजेंसियां नक्सलियों की इस घोषणा को उनके मनोबल गिरने और संगठन में बढ़ती अस्थिरता का संकेत मान रही हैं। दूसरी ओर, बंद की चेतावनी के बाद सुरक्षा ▪ शेष पृष्ठ 6

संगठन ने पहली बार स्वीकारा बड़ा नुकसान

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़

आम जनता के साथ पुलिस संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करें

भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों ने की भेंट

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि पुलिस को आमजनता से मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करना चाहिए। पुलिस की छवि, थाने में शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से किए गए व्यवहार से बनती है। पुलिस अधिकारियों को थाने में आए पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर होना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने आज राजभवन में भेंट करने आए भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों से उक्त बातें कही।

भेंट के दौरान राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंद्रखुरी रायपुर के निदेशक श्री अजय कुमार यादव, अकादमी के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज शुक्ला भी उपस्थित थे। परीवीक्षाधीन आइपीएस अधिकारियों श्री आदित्य कुमार, सुश्री अंशिका जैन, श्री बनसोडे प्रतीक दादासाहेब और सुश्री साकोरे मानसी नानाभाऊ ने राज्यपाल से भेंट की।

टीचर ने शराब पीकर बच्चे की पिटाई की,आंखों में आया खून

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में 7 साल के छात्र को बुरी तरह पीटने वाले टीचर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षक उदय कुमार यादव ने गिनती गिनने में गलती करने पर दूसरी कक्षा के स्टूडेंट को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए थे।

इस पिटाई से बच्चे के आंख में खून उतर आया था और चेहरा सूज गया था। मामला प्राथमिक शाला जावाखाड़ी का है। त्रिकुंडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है।

शराब के नशे में पहुंचा था स्कूल

पुलिस के अनुसार, बच्चे के परिजन धनंजय यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका 7 साल का बेटा भागीरथी यादव, जो शासकीय प्राथमिक शाला जवाखाड़ी, ग्राम पंचायत पलगी में कक्षा दो का छात्र है, 28 नवंबर 2025 को स्कूल से घर लौटने पर गंभीर रूप से घायल मिला।

न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 72/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) और किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 75, 82 के अंतर्गत मामला दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी शिक्षक की तलाश कर उसे हिरासत में लिया गया।

अवैध दवा भंडारण के दो मामलों में कोर्ट ने सुनाई सजा

एक आरोपी को 3 साल और दूसरे आरोपी को 6 महीने की जेल

जांजगीर-चांपा। जिले में बिना वैध अनुज्ञप्ति के दवाओं के भंडारण और संचालन से संबंधित दो मामलों में स्पेशल कोर्ट ने कठोर सजा सुनाई है. पहले मामले में आरोपी मनीष पूरन विश्वास को अधिनियम की धारा 18(ए) सहपठित धारा 28 के उल्लंघन में दोषी पाते हुए 6 महीने सश्रम कारावास और 20,000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया. दूसरे मामले में आरोपी प्रणव दत्त पांडेय को धारा 18(ए), 18(सी) सहपठित धारा 28 और धारा 27(B)(i) के उल्लंघन में दोषी पाते हुए कुल 3 वर्ष और 6 महीने सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई. वहीं 1,00,000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना वैध औषधि अनुज्ञप्ति के दवाओं का भंडारण और बिक्री करना दंडनीय अपराध है। अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी. आमजन से अपील की गई है कि दवाइयां केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही खरीदें।

कोटपा अधिनियम का कड़ाई से पालन, चालानी कार्रवाई

राज्य में कोटपा अधिनियम , 2003 के प्रावधानों के सख्त अनुपालन के लिए महासमुंद, मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी और रायपुर जिले के औषधि निरीक्षकों ने पिछले सप्ताह धारा 4 और 6 के तहत विशेष कार्रवाई की है. स्कूल-कॉलेजों के आसपास तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 18,700 रुपए अर्थदंड वसूल किया गया। विभाग ने कहा कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पेश की चार्जशीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। कथित तांत्रिक और कृष्ण कुमार श्रीवास्तव उर्फ केके के खिलाफ तेलीबांधा पुलिस ने चार्जशीट पेश कर दी है। इसमें कई खुलासे हुए हैं। चार्जशीट में पुलिस ने दावा किया कि केके और उसके बेटे कंचन ने करोड़ों रुपए चीन और ऑस्ट्रेलिया में निवेश किया है, यह पैसा हवाला के माध्यम से भेजा गया है। दोनों के बैंक खातों की जांच में 441 करोड़ रुपए के लेन-देन का रिकॉर्ड भी मिला है इस बात पुष्टि फॉरेंसिक जांच में पता चला है कि इन्होंने ऑनलाइन सट्टा एप महादेव बुक से जुड़ी मेस्टिजिक कंपनी में भी निवेश किया है।

पुलिस के मुताबिक पिछली सरकार में बिलासपुर निवासी केके श्रीवास्तव बेहद प्रभावशाली था। वह कई बड़े नेताओं से जुड़ा हुआ था उसने नोएडा की रावत एसोसिएट कंपनी के मालिक अर्जुन सिंह को स्मार्ट सिटी के तहत 500 करोड़ के ठेके दिलाने

का झांसा दिया और उनसे 15 करोड़ रुपए ले लिए। आपको बताते चले कि तेलीबांधा थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद केके और और उसका बेटा कंचन फरार हो गए थे पुलिस ने लंबी जांच के बाद 24 जून को केके को भोपाल से गिरफ्तार किया। जांच में सामे आया था कि युवा कांग्रेसी नेता आशीष शिंदे ने अपनी कार में केके को छिपाकर नागपुर ले गया वहां कुछ दिन रहने के बाद दोनों दिल्ली पहुंचे।

खंगाले गये बैंको के रिकॉर्ड

करीब एक महीने तक वहां छिपे रहने के बाद केके भोपाल आया और शिंदे रायपुर लौट गया पुलिस ने शिंदे को आरोपी की मदद करने के लिए गिरफ्तार किया है चार्जशीट में कहा गया है कि कंचन ने अपने परिचित अब्बास अली और कई अन्य लोगों के बैंक खातों का उपयोग पैसों के लेन-देन के लिए किया इनके खातों में करोड़ों रुपए के ट्रांजैक्शन मिले हैं कई खातों को कमीशन पर लिया गया था, पुलिस ने करीब 12 बैंकों के लेन-देन का रिकॉर्ड खंगाला है। जांच में खुलासा हुआ कि अर्जुन सिंह ने ठेका मिलने की उम्मीद में 10 से 17 जुलाई 2023 के बीच कंचन और केके को रायपुर और बिलासपुर के करीब 12 बैंक खातो में 15 करोड़ रुपए भेजे, इनमें से तीन खाते बिलासपुर के अब्बास अली के नाम पर हैं,जो केके श्रीवास्तव के लिए काम करता था।

चार्जशीट में मनी लॉन्ड्रिंग और महादेव सट्टा का जिक्र

केके पिता-पुत्र लगातार अर्जुन से संपर्क में थे और उन्हें वॉट्सएप पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े फर्जी दस्तावेज भेजते रहे, जिससे अर्जुन को भरोसा हो गया कि वह काम दिला देंगे कुछ रकम लौटाने के बाद बाकी पैसा वापस नहीं न करके दोनों ने पैसे को निजी उपयोग में खर्च कर दिया। चार्जशीट में मनी लॉन्ड्रिंग और महादेव सट्टा बुक से संबंध का उल्लेख किया गया है रिपोर्ट ईडी और सीबीआई को भेजी गई है ईडी ने जांच शुरू कर दी है और सीबीआई भी जल्द पूछताछ करेगी। महादेव सट्टा मामले की जांच सीबीआई कर रही है और अब तक 120 से अधिक लोगों के बयान लिए जा चुके हैं।

नरहरा वाटरफॉल में मिला शव

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में नरहरा वाटरफॉल में डूबे एक युवक का शव 21 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था और नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। शव मिलने के बाद पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

यह घटना 30 नवंबर की दोपहर लगभग 1 बजे की है। रायपुर के रहने वाले तोरण नायक अपने दोस्तों के साथ नरहरा वाटरफॉल घूमने आया था। सभी जलाशय के किनारे नहा रहे थे, तभी अचानक तोरण का पैर फिसल गया। वह करीब 20 फीट नीचे स्थित गहरी खाई में गिर गया और पानी में लापता हो गया था।

अनियंत्रित होकर कार मकान में घुसी, ड्राइवर की मौत

सूरजपुर। तेज रफ्तार अनियंत्रित कार एक कच्चे मकान में जा घुसी। इस हादसे में कार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार धरतीपारा से खोपा की ओर जा रही थी। रफ्तार तेज होने के कारण रास्ते में गाड़ी का बैलेंस बिगड़ा और सीधे एक घर की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, कार काटकर शव को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। करंजी चौकी की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंची। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक को बाहर निकालना मुश्किल हो रहा था। घंटों की मशक्कत के बाद कटर मशीन की सहायता से कार को काटकर शव को बाहर निकाला गया।

शराब दुकान हटाने एबीपीवी ने खोला मोर्चा

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान खड़ा हो गया है. जिले के सबसे पुराने शासकीय इंद्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्टनम मार्ग में स्थित शराब दुकान के कारण विद्यार्थियों को आय दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शराबी उनका रास्ता रोककर उन्हें परेशान करते हैं. शराबियों से तंग आकर आज कॉलेज के विद्यार्थियों और एबीवीपी संगठन ने एसडीएम कार्यालय भोपालपट्टनम पहुंच गए। उन्होंने एसडीएम से जल्द से जल्द कॉलेज

के मुख्य रास्ते पर मौजूद शराब दुकान को हटाने की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि छुट्टी के समय शराब दुकान के पास कुछ लोग खुलेआम शराब पीते हैं और राह चलते छात्रों को रोककर छेड़छाड़ करते हैं. लड़की छात्रों का कहना है कि कई बार रास्ते से गुजरना तक मुश्किल हो जाता है. स्थिति इतनी खराब है कि कई पेरेंट्स अपने बच्चों को कॉलेज भेजने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

प्रकाश पर्व पर भव्य बाइक रैली

बलोदाबाजार। दिसंबर माह सतनाम धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। यही वह महीना है जब 18 दिसंबर को सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास जी का जन्म दिवस गिरोधपुरी धाम में भव्य रूप से मनाया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 1 दिसंबर को पूरा छत्तीसगढ़ 'प्रकाश पर्व' के रूप में विशेष श्रद्धा के साथ मनाता है।

इसी श्रद्धा और प्रेरणा से आज बलौदा बाजार के गार्डन चौक स्थित नैन दास स्मृति सभा स्थल से गिरोधपुरी धाम के लिए सतनाम संदेश बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में शहर और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों युवा शामिल हुए, जिन्होंने सतनाम पंथ के सिद्धांतों को अपनाने और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

नकली देसी शराब बनाने वाले पर कार्यवाही

कवर्धा। जिले में नकली देसी शराब निर्माण मामले में खुलासा होने के बाद कबीरधाम पुलिस ने इस नेटवर्क की अगली कड़ी तक पहुँचते हुए एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई अंजाम दी है। पुलिस की विशेष टीम ने झारखंड के जमशेदपुर में दबिश देकर इस गिरोह से जुड़े दो बड़े सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस की प्रोफेशनल दक्षता, तकनीकी विश्लेषण और अंतरराज्यीय स्तर पर प्रभावी

ऑपरेशन क्षमता को दर्शाती है।

यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में की गई।

पूछताछ में उजागर हुआ बड़ा नेटवर्क

पूछताछ में आरोपी मोहन गुप्ता ने स्वीकार किया कि वह फर्नीचर पॉलिश का व्यवसाय चलाने की आड़ में कोलकाता से बड़ी मात्रा में स्पिरिट मंगवाकर झारखंड सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध शराब नेटवर्क को सप्लाई करता था। इसी माध्यम से वह कबीरधाम के पोड़ी क्षेत्र में पहले पकड़े गए आरोपियों तक केमिकल पहुँचाता था।

एसआईआर में नाम जोड़ने के लिए 3 कैटेगरी : 12 दस्तावेजों में से एक दिखाना जरूरी

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन)के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। आयोग ने पहले घोषित सभी तिथियों को एक हफ्ते बढ़ाकर नया शेड्यूल जारी किया है।

इस नए कार्यक्रम में 1 जनवरी 2026 को योग्य तिथि माना गया है। यानी इस तिथि तक 18 साल पूरा करने वाले नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल हो सकेंगे। वहीं गणना अवधि एक हफ्ते के लिए बढ़ा दी गई है, जो पहले चार दिसंबर तक ही थी।

अब 11 दिसंबर 2025 तक BLO घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित और संग्रह करेंगे। इसके अलावा 11 दिसंबर 2025 तक जहां आवश्यक होगा, मतदान केंद्रों की पुनर्व्यवस्था की जाएगी।

डिजिटलीकरण में छत्तीसगढ़ 8वें पोजिशन पर

12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक डेटा अपडेट कर मसौदा सूची तैयार होगी। ओवरआल बात करें तो छत्तीसगढ़ में श्वस्न फॉर्म का डिस्ट्रीब्यूशन लगभग 100त्न हो गया है। लेकिन 29 नवंबर तक मिले डेटा के मुताबिक, उनका डिजिटलीकरण उस रफ्तार से नहीं हो पा रहा है। इस तरह 12 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश में छत्तीसगढ़ 8वें पोजीशन पर है।

छत्तीसगढ़ में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर मतदाताओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 2003 की वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने स्पष्ट किया है कि 2003 की सूची में नाम न होने पर भी आपका वोट देने का अधिकार सुरक्षित है। एसआईआर फॉर्म भरने के लिए केवल वर्तमान वोटर आईडी का होना पर्याप्त है।

14 फरवरी को जारी की जाएगी अंतिम वोटर लिस्ट

16 दिसंबर 2025 तक जनता ड्राफ्ट लिस्ट की जांच कर सकेगी। 15 जनवरी 2026 तक नाम छूटने/गलत होने पर सुधार के लिए आवेदन का समय दिया जाएगा। वहीं 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक दावों-आपत्तियों का निपटान ERO/AERO की ओर से किया जाएगा।

10 फरवरी 2026 तक ECI डेटा की गुणवत्ता की जांच करेगा। और 14 फरवरी 2026 को अंतिम वोटर लिस्ट जारी कर दी जाएगी। यानी ECI ने सभी ECI ने सभी डेट्स एक हफ्ते तक आगे बढ़ाई है।

नाम जोड़ने के लिए तीन कैटेगरी है –

कई लोग भ्रम में थे कि एसआईआर फॉर्म तभी वैलिड होगा जब 2003 की सूची में उनका या उनके परिवार का नाम हो। कलेक्टर गौरव सिंह के अनुसार ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने बताया है कि तीन तरह की कैटेगरी है।

पहला 2003 के वोटर लिस्ट में नाम है। दूसरा जिनके पेरेंट्स यानी माता-पिता का नाम नहीं मिल रहा। लेकिन ग्रैंड पेरेंट्स का नाम मिल रहा तो भी काम चलेगा। अपने दादा-दादी, नाना-नानी किसी का भी नाम 2003 की लिस्ट में है, तो फॉर्म में उसका विवरण दर्ज करें और खुद को उससे लिंक करें।

तीसरा किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं मिल रहा है। ऐसे केस में भी चिंता की जरूरत नहीं है। आप अपने वर्तमान वोटर आईडी के आधार पर फॉर्म भर दें। फॉर्म जमा होने के बाद जब नई मतदाता सूची प्रकाशित होगी, तो आपका नाम उसमें मौजूद रहेगा।

नोटिस के बाद सत्यापन और दस्तावेज जमा करना होगा, नाम जुड़ जाएगा लेकिन इसके लिए जिलास्तर पर एक और प्रक्रिया अपनाई जाएगी

तीन दिवसीय डीजी कांफ्रेंस का समापन, शीर्ष अफसरों को पीएम ने दिये कई बड़े संदेश

एआई समेत मॉडर्न टेक्नॉलॉजी से विकसित राष्ट्रों की तर्ज पर तैयार होगा विश्व स्तरीय पुलिस सिस्टम

■ आतंकवाद, कट्टरपंथ के साथ ड्रग्स जैसी समस्या के खात्मे के लिये शीर्ष अफसरों से योजना बनाने का आव्हान

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में तीन दिनों तक डीजी कांफ्रेंस का समापन हो गया। कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और सभी राज्यों के डीजीपी सहित देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। करीब 250 से ज्यादा शीर्ष अफसरों की मौजूदगी में विकसित देशों की तर्ज पर देश की पुलिस व्यवस्था का नेटवर्क स्थापित करने की रणनीति बनी।

राष्ट्रीय सुरक्षा के ढांचे को मजबूत बनाने, जनता की नजरों में पुलिस का चेहरा सकारात्मक बनाने पर जोर दिया गया। आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या से निपटने के साथ ही देश के भगोड़ों का पता लगाकर वापस लाने, महिला सुधार, ड्रग्स जैसे अपराधों के नियंत्रण उपायों को लेकर गंभीर मंत्रणा की गई। छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में पिछले चार दशक से उभरे नक्सलवाद को समूल समाप्त करने की दिशा में बीते दो साल में हासिल की गई सफलता के उदाहरण भी रखा गया।डीजी कांफ्रेंस में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस अफसरों को कई संदेश दिये। प्रतिबंधित संगठनों की कड़ी मॉनिटरिंग करने के लिये सिस्टम स्थापित करने का प्लान तैयार करने कहा गया। देश के कई राज्यों में ड्रग्स व नशीली दवाओं के दुरुपयोग की समस्या पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इससे निपटने के लिए व्यापक योजना बनाकर काम करने पर जोर दिया गया।

नव प्रदेश EXCLUSIVE WWW.NAVPRADESH.COM

डीजी कांफ्रेंस में पीएम मोदी ने अपराधों को नियंत्रित करने में टेक्नॉलॉजी खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड एकीकरण के उपयोग पर जोर दिया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया गया। विजन 2047 के तहत पुलिस व्यवस्था का रोडमैप तैयार करने और इसका क्रियान्वयन करने की दिशा में आगे बढ़ने की रणनीति तय की गई।

कट्टरपंथ के असर को रोकने के लिये निगरानी सिस्टम हर राज्य में विकसित करने पर जोर दिया गया। महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने में तकनीक का उपयोग करने, विदेशों में रह रहे भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की रणनीति और प्रभावी जांच के लिए फोरेंसिक क्षमता को मज़बूत करने पर मंथन किया गया।

पीएम ने साफ संदेश दिया कि देश को विकसित भारत बनाने की राह पर लॉ एंड ऑर्डर का रोड़ा न अटके। शहरों से लेकर गांवों तक क्राइम बढ़ने और इसके नियंत्रण पाने में नाकामी की स्थिति में भारत को कभी विकसित राष्ट्र का दर्जा नहीं मिल सकेगा। यूएस सहित यूरोप के विकसित राष्ट्रों की तर्ज पर भारत का सुरक्षा तंत्र का नेटवर्क अत्यंत उच्च स्तर पर विकसित करने का संदेश दिया गया। इसके लिये तकनीक का सहारा लेने और बेहतर पुलिसिंग की प्लानिंग करने पर जोर दिया गया।

छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन की सफलता का उदाहरण पेश

डीजी कांफ्रेंस में छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या की सफलता का जिक्र किया गया। राज्य में जिस तरह से नक्सलवाद का खात्मा किया जा रहा है और फोर्स के लगातार अटैक से बड़ी तादाद में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं, उसकी रणनीतिक कामयाबी साझा की गई। पीएम मोदी के अलावा गृहमंत्री ने नक्सलवाद से प्रभावित रहे इलाकों में विकास कार्य करने पर जोर दिया ताकि दोबारा नक्सलवाद न पनपने पाए। वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो चुके इलाकों में विकास की नई इबारत लिखने में पुलिस के योगदान और रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। ताकि, सरकारी सिस्टम से नाराज या असंतुष्ट वर्ग दोबारा माओवाद का रास्ता न चुन सके। विकास का मॉडल इतना सफल हो कि दोबारा बंदूक का रास्ता चुनने की कोई सोच भी न सके। ऐसी सोच वालों को स्थानीय लोगों का समर्थन भी न मिले। डीजी कांफ्रेंस में पीएम ने जिस तरीके से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास कार्य कराने पर जोर दिया, उससे यह संदेश साफतौर पर निकला कि न सिर्फपीएम मोदी बल्कि गृहमंत्री अमित शाह सहित देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी यह मान चुके हैं कि तय डेडलाइन 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया होकर रहेगा। छत्तीसगढ़ राज्य के परिपेक्ष्य में ड्रग्स के बढ़ते कारोबार और दुरुपयोग को रोकने के साथ ही शहरों में बढ़ते अपराधों के नियंत्रण के लिये भी प्लान बनाने कहा गया। इसके लिये युवा वर्ग को पुलिस से जोडने, पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में सुधार करने प्लान तैयार करने की रणनीति बनाने का आव्हान किया गया। युवाओं समेत नागरिकों के बीच पुलिस का मौजूदा चेहरा सॉफ्ट बनाने के लिये आवश्यक उपाय करने, जनता की धारणा बदलने की जरूरत पर बल दिया गया। इसके लिये पुलिस के संवेदनशील रवैये के साथ ही जवाबदेही तय करने की रणनीति बनाई गई। शहरों में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिये शहरी पुलिस नेटवर्क मजबूत करने का प्लान बनाने कहा गया।

राज्यों की विविधताओं को राष्ट्रीय एकता एक सूत्र में पिरोती है : राज्यपाल

■ राजभवन में मनाया गया 6 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों का स्थापना दिवस

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में राजभवन में 6 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री डेका ने कहा कि राज्यों की विविधताओं को राष्ट्रीय एकता एक सूत्र में पिरोती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान इसी एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक है।

सोमवार को राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम् में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, उत्तराखण्ड, लक्षद्वीप, और पुडुचेरी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि भाषाओं, वेशभूषा, खान-पान, कला और परंपराओं में भिन्नता होने के बावजूद हमारी आत्मा एक है। यही विविधता भारत को विश्व में अद्वितीय बनाती है। केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में आज राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में इन राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

राज्यपाल ने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक ईकाई नहीं है बल्कि हजारों वर्षो की सभ्यता संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का जीवंत संगम है। श्री डेका ने विभिन्न राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक राज्य प्राचीन विरासत और आधुनिक तकनीक का संगम है। बीते युग में विजय नगर साम्राज्य ने कला और स्थापत्य को ऊंचाई दी, वैसे ही आज बैंगलुरू भारत का आईटी हब बन गया है। कर्नाटक अपने प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति के साथ-साथ भाषा और साहित्य में समृद्ध है।

राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु भारत की द्रविड़ सभ्यता का केंद्र है। भारत की सबसे प्राचीन भाषाओं में एक तमिल भाषा की यह भूमि, महान मंदिर स्थापत्य, भरतनाट्यम नृत्य, संगीत और समृद्ध साहित्य परंपरा के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

संगम साहित्य और तिरूक्कुरल जैसे ग्रंथों ने भारतीय ज्ञान को समृद्ध किया है। तमिलनाडु देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाता है। इस राज्य ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कर्नाटक के बाद तमिलनाडु देश का सबसे बड़ा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विकास क्षेत्र है।

राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली हमारी राजधानी ही नहीं बल्कि देश का दिल भी है। यह वह भूमि है जहां इतिहास ने करवट ली है। यहां की गलियों में भारत का इतिहास सांस लेता है, चाहे वह प्राचीन इन्द्रप्रस्थ की कहानी हो या आधुनिक भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो। लाल किला, कुतुब मीनार, संसद भवन, इंडिया गेट- ये केवल इमारतें नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के गौरव के प्रतीक हैं। यहां सांस्कृतिक विविधता हर गली और मोहल्ले में देखने मिलती है।

डेका ने कहा कि उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना एक साथ हुई थी। दोनों राज्यों में कई समानताएं है जैसे इन राज्यों में आबादी का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है और कृषि उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। उत्तराखंड की हिमालय की चोटियां, नदियां और घने जंगल इसकी पहचान है वहीं छत्तीसगढ़ भी जंगल, नदियां, पहाड़ और प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर राज्य है। सतत् विकास और पारिस्थितिक संतुलन के लिए दोनों राज्यों में समान चुनौतियां हैं। राज्यपाल ने कहा कि पुडुचेरी अपने फ्रांसीसी स्थापत्य, आध्यात्मिक वातावरण और सांस्कृतिक समन्वय के लिए प्रसिद्ध है। प्राचीन काल में पुडुचेरी फ्रांस के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र था। आज कई पर्यटक यहां के खूबसूरत समुद्र तटों और उस समय की सभ्यता की झलक पाने के लिए आते हैं। हिन्द महासागर में स्थित अनमोल द्वीप समूह लक्षद्वीप अपने नीले पानी, स्वच्छ समुद्र तट और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। आज जब पूरा विश्व पर्यावरण संकट की चुनौती से जुझ रहा है, तब लक्षद्वीप की जीवनशैली हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन की प्रेरणा देती है।

एचआईवी-एड्स जागरूकता पर जोर दिया जायसवाल ने

■ विश्व एड्स दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर /नवप्रदेश। 1 दिसंबर, विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और विधायक रेणुका सिंह के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एचआईवी-एड्स की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। मंत्री ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि गाँव-गाँव जाकर लोगों को शिक्षित करना आवश्यक है, ताकि एचआईवी संक्रमितों को उनके पूर्ण अधिकार मिलें और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार हो। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त सह परियोजना संचालक ने संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और समस्त राज्य मुख्यालय कर्मचारियों को एचआईवी-एड्स की रोकथाम और भेदभाव को रोकने के लिए शपथ दिलाई। गौरतलब है कि इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जमीन गाइडलाइन के खिलाफ आप का प्रदर्शन आज

रायपुर /नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश मे जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों मे बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ कल 2 दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों मे आम आदमी पार्टी धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन करेगी। राजधानी रायपुर में यह धरना प्रदर्शन रायपुर नगर निगम के पास,पहाड़ी मैना चौक पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म होगा अपितु गरीबों, किसानों, मध्यवर्गीय परिवार की जमीन खरीद कर मकान बनाने का सपना टूट जायेगा।

बीएससी नर्सिंग की 50प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस बार बीएससी नर्सिंग की लगभग आधी से ज्यादा सीटें खाली रह गई हैं। प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में कुल 7811 सीटें हैं, जिनमें से काउंसलिंग के दोनों राउंड पूरा होने के बाद भी 4147 सीटें लगभग 53प्रतिशत पूरी तरह खाली पड़ी हैं। इतनी बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने से नर्सिंग कॉलेज और छात्र-छात्राएं दोनों परेशान हैं। मुख्य वजह बताई जा रही है ङ्क इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने निर्धारित पर्सेंटाइल कटऑफ सामान्य वर्ग के लिए 50 पर्सेंटाइल और आरक्षित वर्ग के लिए 40 पर्सेंटाइल है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने भारतीय नर्सिंग परिषद के सचिव को औपचारिक पत्र लिखकर दो बड़ी राहत मांगी है। जो इस प्रकार हैं-

सत्र 2025-26 के लिए पर्सेंटाइल की बाध्यता पूरी तरह खत्म कर शून्य पर्सेंटाइल कर दी जाए।

प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई जाए।पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य में छात्रों के लिए 50 या 40 पर्सेंटाइल लाना बेहद मुश्किल होता है। हर साल यही होता है कि पहले पर्सेंटाइल की वजह से सीटें खाली रहती हैं, फिर बाद में ढ्ढहृष्ट और राज्य सरकार मिलकर पर्सेंटाइल घटाती हैं और सीटें भर जाती हैं।छत्तीसगढ़ निजी नर्सिंग महाविद्यालय संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हर साल बीएससी नर्सिंग की सभी सीटें भर जाती हैं, लेकिन इस बार दिवाली के ठीक दिन प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई।

सुनीता पेन्द्रो सर्वोच्च श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार पद्मश्री के लिए नामांकित

रायपुर /नवप्रदेश। कीर्तिमान लेखिका कवयित्री शिक्षाविद तथा संस्कृति रक्षक डॉ. सुनीता पेंद्रो इनका भारत सरकार के वर्ष 2026 के सर्वोच्च श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार पद्मश्री हेतु नामांकन हुआ है और उनका नामांकन आयडी 426148 है। पद्मश्री पुरस्कार भारत सरकार के गृह विभाग के माध्यम से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में वितरीत किए जाते है।

डॉ. सुनीता पेंद्रो इन्होने भारत की विभिन्न सामाजिक व्यवस्थाओं और संस्कृतियों का गहन अध्ययन किया है।डॉ. सुनीता पंद्रो सही अर्थों में राष्ट्र निर्माण के ऐतिहासिक दायित्व का निर्वहन कर रही हैं, नई पीढ़ी को लक्ष्योन्मुख बना रही हैं और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नैतिक मूल्यों का संचार कर रही हैं।

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में जातिवाद भारतीय गणतंत्र का संविधान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की धरोहर एवं उसकी वर्तमान उपादेयता, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर डॉ. सुनीता पंद्रो ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आदिवासी साहित्य और कला को बढ़ावा देने का असाधारण कार्य किया है।

डॉ. सुनीता पंद्रो ने अपने जीवन में जो विद्वत्तापूर्ण समर्पण दिखाया है, वह असाधारण है। डॉ. सुनीता पंद्रो विभिन्न पहलों के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती हैं कि भारत में महिलाओं को रोज़गार मिले और वे एक समृद्ध भारत के अपने सपने को साकार कर सकें।

रायपुर में जल्द बनेगी अत्याधुनिक स्पेस लैब

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पीएम मोदी का जताया आभार

अंतरिक्ष विभाग से मिली स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में अत्याधुनिक स्पेस लैब स्थापित करने को लेकर केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा की है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन का आभार जताया है।

सांसद बृजमोहन ने बताया कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर रायपुर में स्पेस लैब स्थापित करने का प्रस्ताव भेजा गया था, उस पर अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने पत्र के माध्यम से स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह लैब प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव देने वाला एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। सांसद ने आगे बताया कि प्रदेशवासियों को इस सुविधा का लाभ भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा बहुत जल्द ही मिलेगा, यह हमारा संकल्प भी है और प्रतिबद्धता भी। आज इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए, लोकसभा में नियम 377 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरे भारत में ऐसे स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने का विशेष आग्रह रखा है, ताकि देश के हर बच्चे तक अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के समान अवसर पहुंच सकें।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब हमारी नई पीढ़ी विज्ञान, अनुसंधान और तकनीक में पूरी तरह स्वावलंबी बनेगी। छत्तीसगढ़ की धरती से उठी यह पहल अब राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप ले रही है यही नया भारत है, यही मोदी जी का विज़न है, और यही हमारी अटूट प्रतिबद्धता है।

बीएलओ और महिला कर्मचारियों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है सरकार

रायपुर/ नवप्रदेश। एसआईआर अभियान के दौरान बीएलओ और महिला कर्मचारियों से दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाओं पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार की अदूरदर्शिता, हड़बड़ी, बदइंतजामी और अव्यवस्था के कारण हर वर्ग परेशान है। आम मतदाताओं का आक्रोश बीएलओ पर फूटने लगा है, खासतौर पर महिला कर्मचारियों को कई जगह दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। बीएलओ की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है, राजधानी रायपुर में महिला बीएलओ को चप्पल से पीटा गया, सार्वजनिक तौर पर हाथापाई की गई, इस तरह की अनेकों घटनाएं प्रदेश में लगातार घट रही है। हर काम छोड़कर चुनाव आयोग की बाध्यता और शर्तों को पूरा करते-करते अनावश्यक परेशानियों से आम जनता का धैर्य भी टूटने लगा है। सत्ताधारी दल से जुड़े नेता अपने राजनीतिक हित में काम करने के लिए बीएलओ पर अनुचित दबाव बना रहे हैं।

I PLUS Security System
CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

मार्केट से प्राइस लेकर आओ और भारी डिस्काउंट पाओ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।
हमारे यहाँ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहाँ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।
ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।
MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)
Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

सुविचार

सबको उसी तराजू में तोलिए जिस में खुद को तोलते हैं, फिर पता चलेगा लोग उतने बुरे नहीं जितना आप समझते हैं। - अज्ञात

पुलिस की कार्यप्रणाली में बदलाव जरूरी

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का अखिल भारतीय सम्मेलन हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन के दौरान पुलिस व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने सहित पुलिस के सामने मौजूद चुनौतियों पर गंभीर चर्चा हुई और सुरक्षित भारत के लिए रोडमैव बनाने पर मंथन किया गया साथ ही देश को नक्सली हिंसा से मुक्त करने के लिए उठाये गये कदमों की समीक्षा की गई तथा नक्सली हिंसा से ग्रस्त रहे बस्तर के समग्र विकास के लिए नये मॉडल पर भी मंथन किया गया। इस दौरान अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आम जनता के बीच और खासतौर पर युवाओं के बीच पुलिस के प्रति धारणा को तत्काल बदलने की सख्त जरूरत है और इसके लिए कार्यदक्षता, संवेदनशीलता और जनता के प्रति जवाबदेही को बढ़ावा देना आवश्यक है। साथ ही शहरी पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने और पर्यटक पुलिस को फिर से सक्रिय करने की भी जरूरत है। प्रधानमंत्री का कहना सही है कि पुलिस की छवि में सुधार के लिए कारगर प्रयास किये जाने चाहिए। सिर्फ थानों में पुलिस आपकी मित्र है के स्लोगन लिखने से पुलिस की छवि में सुधार नहीं आएगा। दरअसल ब्रिटिश कालीन पुलिस अपनी बर्बरता के लिए जानी जाती थी और आजादी के बाद पुलिस के छवि को सुधारने के लिए संबंधित राज्य सरकारों ने प्रयास भी किये हैं लेकिन आज भी पुलिस के प्रति लोगों के मन में जो भावना घर कर गई है वह पूरी तरह से हट नहीं पाई है। आज भी पुलिस से लोग दूरी बनाने में ही अपनी भलाई समझते हैं। जबकि पुलिस बगैर नागरिकों के सहयोग के कानून और व्यवस्था को बनाकर नहीं रख सकती। पुलिस का आम जनता के प्रति रूखा व्यवहार भी दोनों के बीच दूरी बढ़ा रहा है। इसकी एक वजह तो यह है कि देश के सभी राज्यों में वहां की जन संख्या के अनुपात में पुलिस बल कम रहता है। नतीजतन पुलिसकर्मियों पर काम का बोझ बढ़ जाता है। जिसका असर उनके स्वभाव पर पड़ना लाजमी है। इसलिए सबसे जरूरी तो यह है कि बढ़ती आबादी के अनुपात में पुलिस थानों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाये और पुलिसकर्मियों के लिए भी काम के घंटे तय किये जायें। इस तरह के प्रभावी कदम उठाने से ही पुलिसकर्मी तनाव रहित होकर अपने काम को बेहतर ढंग से अंजाम दे पाएंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस और जनता के बीच बढ़ती दूरी को कम करने के लिए इस सम्मेलन में जिन मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई है उसके अनुरूप पुलिस की कार्यप्रणाली में शीघ्र ही सुधार देखने को मिलेगा।

रोहित और विराट ने रचा नया इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वन-डे मैच में भारत ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जीत दर्ज कर क्रिकेट प्रेमियों का दिल खुश कर दिया। साउथ अफ्रीका की टीम ने पिछले सप्ताह ही टेस्ट मैच की सीरीज में 2-0 से भारत को हराया था। जिसका टीम इंडिया ने वन-डे में हिसाब बराबर कर दिया। जिस रोहित शर्मा और विराट कोहली को चूका हुआ खिलाड़ी माना जा रहा था। उन्होंने ही टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत दिलाई। रोहित शर्मा को विराट कोहली दोनों ने ही इस मैच में नया कीर्तिमान रचा। जहां विराट कोहली ने वन-डे सीरीज में अपना 52वां शतक जड़ा वहीं रोहित शर्मा ने 60वां अर्धशतक लगाते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सर्वाधिक सिकसर लगाने का खिताब हासिल कर लिया। इसके पहले सबसे ज्यादा 351 सिक्सर लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तानी खिलाड़ी शाहिद अफरीदी के नाम था। जिसे रोहित शर्मा ने तोड़ दिया। वो भी शाहिद अफरीदी ये सौ मैच कम खेलकर। इस तरह रोहित शर्मा और विराट कोहली ने साबित कर दिया कि शेर भले ही बूढ़ा हो जाये वह शेर ही रहता है। इन दोनों ही खिलाड़ियों में अभी भी जो रनों की भूख देखी जा रही है उसे देखकर यही लगता है कि इनमें अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। यदि वन-डे वर्ल्ड कप में राहित शर्मा और विराट कोहली को टीम इंडिया का हिस्सा बनाकर रखा जाता है तो निश्चित रूप से ये एक बार फिर भारत को वर्ल्ड कप जिताने में जरूर सफल होंगे।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ मीरा एक सूत्र लिए गोविंद के पीछे लगी थी, इस राह में जिसको आना हो आ जाना और इस राह से जिसका मतलब नहीं उससे हमारा कोई मतलब नहीं।

❖ हमारे रास्ते चिन्हित हैं, राजपथ हैं जो कदम से कदम मिलाकर चला वो हमारा साथी है, संगी है; जिसने थोड़ा भी मुझे खींचने का प्रयास किया इस मार्ग से दोबारा उसका मुख देखना भी ठीक नहीं -यह दृष्टि है भक्ति करने का, बड़ा दृढ़ होना पड़ता है भक्ति में।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। नेपोलियन बोनापार्ट की 1804 में फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई। फ्रांस जोसेफ 1848 में प्रथम ऑस्ट्रिया के सम्राट बने। जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी 1911 में भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा,रानी बनें। उनके बंबई (अब मुम्बई) आगमन की याद में ही गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया। पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) में 1942 में श्री अरविंदो आश्रम स्कूल की स्थापना हुई जिसे बाद में श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एजुकेशन के नाम से जाना गया अमरीका और नेशनलिस्ट चीन के बीच 1954 में सुरक्षा संधि हुई। संयुक्त अरब अमीरात ने 1971 में ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की। फिदेल कास्त्रो 1976 में क्यूबा के राष्ट्रपति बने। स्पेन की प्रथम संसद में समाजवादी बहुमत एवं फिलिप गोंजालेज 1982 में प्रधानमंत्री निर्वाचित। बेनजीर भुट्टो ने 1988 में पाकिस्तान की प्रधानमंत्री का पद संभाला। विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में देश के सातवें प्रधानमंत्री बने। बेरिंग्स बैंक कांड के चर्चित व्यक्ति निक लीसन को 1995 में सिंगापुर के न्यायालय द्वारा साढ़े छह वर्ष की कैद की सजा।

बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष चिंतित

राजेंद्र बहादुर सिंह

2025 के दिल्ली चुनाव में भाजपा ने 27 वर्षों बाद सत्ता हासिल की, जहां आम आदमी पार्टी (आप) की केजरीवाल सरकार को हटना पड़ा। हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार लगातार जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के हुड्डा को व्यक्तिगत सफलता मिली पर पार्टी हारी। बिहार 2025 में एनडीए ने 202 सीटें जीतीं, तेजस्वी की आरजेडी को महज 25 सीटें मिलीं । हालांकि वोट शेयर 23त्न रहा। दलों के लिए यह मौके की घड़ी है कि वे अपने आप को फिर से संगठित करें, जनता के बीच पहुंच बढ़ाएं और चुनावी रणनीतियों को आधुनिक एवं व्यापक बनाएं ताकि आने वाले चुनावों में भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकें इससे स्पष्ट होता है कि चुनाव जीतना सिर्फ बहुमत पाने का सवाल नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और जनसंपर्क की सियासी कला का मेला है, जिसमें फिलहाल भाजपा विपक्ष से एक नहीं कई कदम आगे है।

❒ बंगाल , पंजाब समेत दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा के विजय रथ को किस तरह रोकेगा विपक्ष

महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार में विपक्षी दलों को चुनावी हार से कई महत्वपूर्ण सबक सीखने की जरूरत है, जबकि भाजपा को तीनों राज्यों की जीत ने नई ऊर्जा और राजनीतिक मजबूती प्रदान की है।

महाराष्ट्र, हरियाणा, उड़ीसा के बाद बिहार में हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा-नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों की पुनः जीत विपक्ष के लिए चेतावनी के साथ आत्म मंथन है । हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने में भाजपा की सफलता ने दिखाया कि मजबूत संगठन, विकास के कामों का प्रचार प्रसार और जनसंपर्क अभियान कितने प्रभावी हो सकते हैं।

वहीं महाराष्ट्र के चुनाव में भी भाजपा ने आदर्श गठबंधन के साथ मिलकर सत्ता मजबूत की। बिहार में 2025 के चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने रिकॉर्ड बहुमत हासिल किया, जबकि महागठबंधन और कांग्रेस जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टियों को बड़े झटके लगे। बिहार में भाजपा ने पहली बार सबसे अधिक सीटें जीतीं, वहीं प्रमुख विपक्षी दलों में अंतर्विरोध और रणनीतिक कमजोरियां सामने आईं।

विपक्ष की हार से यह स्पष्ट हुआ कि नेता और पार्टी संगठन को जनभावनाओं को समझने और स्थानीय स्तर पर विकास के वादों को सच्चाई में बदलने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विपक्षी दलों के बीच असंगति, कमजोर जनसंपर्क और प्रभावी नेतृत्व की कमी ने उनके लिए बड़ी चुनौती खड़ी की। खासकर बिहार में महागठबंधन के अंदर मतभेद, सीट बंटवारे और एकजुटता में कमी ने उनकी हार को और गहरा किया। कांग्रेस का भी अलग-थलग प्रदर्शन विपक्ष को परिणामों पर गंभीरता से पुनर्विचार के लिए मजबूर करता है। इसके अलावा, विकास, रोजगार, महिलाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक न्याय जैसे प्रमुख मुद्दों पर विपक्ष को अपनी रणनीति खोजनी होगी।

दूसरी ओर, इन राज्यों में भाजपा को मिली जीत ने पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊर्जा और विश्वास दिया है। लगातार

मिली सफलताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत किया है और युवा कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं में प्रेरणा जगाई है। बिहार की जीत ने भाजपा और उसके नेतृत्व को यह स्पष्ट संदेश दिया कि विकास आधारित एजेंडा, मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क और कड़ी मेहनत के साथ ही विकासोन्मुख प्रतिस्पर्धा से ही जीत संभव है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भी पार्टी की जीत ने मोदी और शाह के नेतृत्व में राजनीतिक ताकत को सुदृढ़ किया है, जिससे भाजपा आने वाले वर्ष में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में अपने किले मजबूत करने की तैयारी कर रही है ।

भाजपा की इन सफलताओं का एक बड़ा कारण पार्टी का चुनावी रखरखाव में सटीक रणनीतियों का होना है। पार्टी ने सामाजिक एवं आर्थिक विकास को चुनावी मुद्दा बनाया और विपक्ष की कमजोरियों का फायदा उठाया। तकनीकी और डिजिटल चुनाव प्रचार के जरिये व्यापक जनसंपर्क किया गया। स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करने के साथ-साथ जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को भांपकर वोट बैंक की सघन पैमाने पर पहचान की गई। इसके विपरीत विपक्षी दलों की रणनीति में विसंगति एवं संगठनात्मक कमजोरी नतीजों पर भारी पड़ी।अंत में, महाराष्ट्र, हरियाणा और फिर बिहार की हार से विपक्ष को अपनी अंदरूनी असहमति, कमजोर जनसंपर्क एवं प्रभावशाली नेतृत्व की कमी जैसी कमियों को दूर करने की जरूरत है।उत्तर प्रदेश में भी सपा के मुखिया अखिलेश यादव आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने के लिए कमर कस रहे हैं। यूपी विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लक्ष्य को लेकर बीजेपी का आत्मविश्वास चरम पर है। लेकिन समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दल भी अपने-अपने इलाकों में लोगों से जुड़ने और वोट बैंक मजबूत करने के लिए रणनीति बनाने में लगे हुए हैं।

दलीय गठबंधन के फायदे और नुकसान पर चिंतन जारी है विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह बीजेपी की लोकप्रियता और विकास-अभियानों के सामने अपनी प्रासंगिकता आम जनता के सामने साबित करें। दूसरी ओर भाजपा इन जीतों से मिली ऊर्जा को बूस्ट कर आगामी विधानसभा चुनावों में नए रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हालिया विधानसभा चुनावों में दिल्ली, हरियाणा और बिहार में मजबूत प्रदर्शन कर प्रमुख विपक्षी नेताओं अरविंद केजरीवाल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और तेजस्वी यादव को राजनीतिक रूप से कमजोर स्थिति में धकेल दिया है। 2025 के दिल्ली चुनाव में भाजपा ने 27 वर्षों बाद सत्ता हासिल की, जहां आम आदमी पार्टी (आप) की केजरीवाल सरकार को हटना पड़ा। हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार लगातार जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के हुड्डा को व्यक्तिगत सफलता मिली पर पार्टी हारी। बिहार 2025 में एनडीए ने 202 सीटें जीतीं, तेजस्वी की आरजेडी को महज 25 सीटें मिलीं । हालांकि वोट शेयर 23त्न रहा। दलों के लिए यह मौके की घड़ी है कि वे अपने आप को फिर से संगठित करें, जनता के बीच पहुंच बढ़ाएं और चुनावी रणनीतियों को आधुनिक एवं व्यापक बनाएं ताकि आने वाले चुनावों में भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकें।इससे स्पष्ट होता है कि चुनाव जीतना सिर्फ बहुमत पाने का सवाल नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और जनसंपर्क की सियासी कला का मेला है, जिसमें फिलहाल भाजपा विपक्ष से एक नहीं कई कदम आगे है।

अरुणाचल प्रदेशः सीमाओं पर शौर्य, भीतर विकास—चीन की चालों पर भारतीय जवाब

अशोक कुमार साहू

जबकि विस्तारवादी चीन में आम लोगो के सीमा पर आने की पाबन्दी है।अपुष्ट जानकारी के अनुसार चीन ने सीमा से जुड़े बहुत बड़े क्षेत्र में केवल सैन्य अफसरों और शासन के उच्चाधिकारियों को ही जाने की अनुमति दे रखी है। बुमला सीमा से लगभग 40 किमी दूर तवांग शहर हो या फिर बोमडिला और गौहाटी और ईटानगर को जोड़ने वाला दुर्गम पहाडियों से होकर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग,पहाड़ को चीरकर बनाए गए रास्ते तथा उसे बेहतर बनाने के लिए लगातार किए जा रहे कार्यों से बीआरओ के इंजीनियरों और श्रमिकों के प्रति आभार नही जताना उनके प्रति नाइंसाफी होंगी,जिनकी बदौलत किसी भी मुश्किल स्थिति में सेना का सीमा पर साजो सामान पहुंचना अब मुश्किल नही रहा।

शंघाई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चीन के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह भारतीय नागरिक प्रेमा वांगजोम थोंगडोक के साथ अरूणाचल प्रदेश की निवासी होने को लेकर उनके पासपोर्ट पर सवाल उठाकर भले ही एक बार फिर अपनी ओछी हरकत से दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया हो,पर उसकी इस तरह की हरकतों से अब अरूणाचल प्रदेश का आम जनमानस उद्वेलित नही होता। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जहां इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि चीन की इस तरह की हरकतों से सच्चाई नही बदलने वाली हैं,अरूणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न अंग है,वहीं अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू ने भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।इसके इतर अरूणाचल प्रदेश के आम जनमानस में चीन की इन हरकतों से गुस्सा तो जरूर आता है पर वह इसे केवल उसकावे वाली कार्रवाई मानते है।उनका मानना हैं कि विस्तारवादी सोच वाला चीन इस तरह की हरकतों से आगे भी बाज नही आने वाला है। चीन पहले भी अरूणाचल प्रदेश पर अपनी दावेदारी और राज्य के स्थानों के नाम बदलने की हरकते यह जानते हुए भी करता रहा है कि इससे हकीकत नही बदलने वाली है।स्थानों के नाम बदलने की इसकी हरकतों का मामला अरूणाचल विधानसभा में भी उठ चुका है और कुछ विधायकों ने राज्यपाल के.टी.परनायक से भी इसकी शिकायत की।पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी श्री

परनायक ने उन्हे आश्वस्त किया इससे कुछ नही होता,हम भी उनके स्थानों के नाम बदल सकते है,पर इस तरह की ओछी हरकत में भारत का विश्वास नही हैं।

अरूणाचल प्रदेश के लोगों में राष्ट्र के प्रति लगाव देखते ही बनता है।एक शान्त,सुन्दर और प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण यह राज्य सामारिक दृष्टि से देश के लिए काफी अहम होने के साथ ही बहुत ही संवेदनशील है।कश्मीर घाटी में पड़ोसी देश के साथ कतिपय लोगो की सहानुभूति की लगने वाली अटकलों के इतर यहां के लोगो में चीन के विस्तारवादी रवैये के प्रति उतना ही आक्रोश रहता है जितना देश के दूसरे हिस्से के लोगो में।राजधानी ईटानगर से लगभग 500 किमी दूर15200 फुट ऊंचाई पर स्थित बुमला चीन सीमा तक 1962 के भारत-चीन युद्द के वीर शहीद परमबीर चक्र विजेता सूबेदार जोगिन्दर सिंह एवं अन्य सैनिकों के स्मारक और उनकी शौर्य और बहादुरी की अनगिनत कहानियां बंया कर रही है जोकि राष्ट्रीयता और देश प्रेम की भावना को झकझोर देती है। बोमडिला से लेकर बुमला तक सेना की जगह जगह मौजूदगी और उनके निरन्तर बनते कैम्प तथा संचार,सड़क से लेकर अद्योसंरचना मजबूत करने के लिए सेना के साथ मिलकर सीमा सड़क संगठन के चल रहे कार्यों को देकर वहां पहुंचने वाला हर भारतीय यह सोचते हुए गौरवान्वित महसूस करता है कि..यह 1962 वाला भारत नही हैं बल्कि उसने इतनी तरक्की कर ली है कि उसके पास भी लड़ाई के जहां आधुनिक संसाधन मौजूद हैं वहीं उसके बहादुर सैनिक चीन के सामने बर्फीले पहाड़ों पर डटे है,और हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने की स्थिति में है..। सीमा पर तैनात सैनिकों के हौसले बहुत ही बुलन्द है। अरूणाचल प्रदेश के दौरे पर गए छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्रेस दीर्घा समिति के सदस्यों से बुमला सीमा पर सैनिकों ने अनौपचारिक बातचीत में पास में ऊंची बर्फीली चोटियों को दिखाते हुए बताया कि उन पर दोनो देशों की सेनाओं के जवान आमने सामने तैनात है।सर्दियों में बर्फ से बढ़ने वाली चुनौती के बारे में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि उनके पास ठंड से बचाव के सभी आधुनिक कपड़े है।सीमा पर दोनो देशों के बीच टकराव के बारे में पूछे जाने पर उन्होने मुस्कराते हुए कहा कि सीमा है तो कभी कभार नोकझोंक स्वाभाविक है।उन्होने दोनों देशों के सैन्य अफसरों की फ्लैग मीटिंग के लिए बने स्थानों को भी दूर से दिखाया।

एक तरफ भारत की ओर सीमा पर देशभर से प्रशासन से औपचारिक अनुमति लेकर लोगो की भारी भीड़ तो दूसरी तरफ चीन की तरफ पसरा सन्नाटा।चीन की पोस्ट पर तैनात सैनिकों का दिनभर का सारा समय भारतीय सीमा के भीतर की चहल पहल और उनके फोटो खींचते और वीडियों बनाते बीत जाता है।सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा का भी प्रशिक्षण रहता है।सीमा पर पूरे प्रोटोकाल का पालन होता है और वहां पर किसी को भी इसको नजरदांज कर फोटो खींचने की अनुमति नही है।

दरअसल भारत सरकार ने औपचारिक अनुमति के साथ सीमा पर आम लोगो को जाने की अनुमति दे रखी है,और सेना आगंतुको के लिए कैन्टीन भी चलाती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कहते हैं, छोटे

कहते हैं, छोटे बच्चे रोते तो हैं, पर आँसू बहाकर नहीं रोते पर मेरे नन्हे फ़रिश्ते ने कतर-नज़र और भीगी पलकों से जो एहसास दिया– वह मेरे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं। लौट तो आई हूँ, पर मन का आधा हिस्सा वहीं रह गया है जिंदगी चल तो रही है, पर एह सास अब भी उसी के संग ठहरे हैं। और इसी दर्द में दिल बार-बार ये ही पूछे– हर मुलाक़ात का अंज़ाम जुदाई क्यों है? अब तो हर वक्त यही बात सताती है मुझे। - **आरती आलोक शर्मा**

तुम सबों की जीत

तुम सबों की जीत के लिए गया था अभिमन्यु ! फिर क्यूँ कहते हो वो हार गया? तुमलोग जानते थे भली-प्रकार वो चक्रव्यूह सिर्फ भेद पायेगा। किन्तु, कभी लौट के न आएगा। फिर भी जाने दिया उसे। अपनी विजय-लिप्सा में। अपनी झूठी सांसारिक वाह-वाही में। ये कैसा धर्म-युद्ध था? ये कैसा सांसारिक-दिखावा था? क्यूँ झूठी यश-गाथा गाते हो उसकी? तुम सबों ने मिलकर उस अबोध की आहुति दी। अपनी विजय-गाथा के लिए। - **तनु दहलवी**

मच्छली की गंघ को जूड़े में बाँधकर

मच्छली की गंघ को जूड़े में बाँधकर हर रोज वो उसे पकाती है सब कहते हैं बहुत स्वादिष्ट बनती है उसकी मच्छली तश्तरी पर, लोभी नजर स्वाद तलाशती हैं। इन सबके मध्य खो जाती है छटपटाती मछली! - **सरिता खोवाला**

पलकों पर तैरते यादों के शीशे शीशे

पलकों पर तैरते यादों के शीशे शीशे के टुकड़ो में चेहरा तुम्हारा चेहरे पर तुम्हारे एक प्यारी सी बिंदी बिंदी से जुड़ी इक तेरी मेरी कहानी उस कहानी के किस्से में हम तुम तुम हम में हम तुम में कुछ ऐसे थे सिलसिले जैसे लगता है हम तुम आज ही हैं मिले मिलकर उन यादों में आँखों में सपने भरे आज फिर पलकों पर तैरते वो यादों के शीशे। - **नीरज वर्मा नीर**

उनके नकली चेहरे थे उन जैसो

उनके नकली चेहरे थे उन जैसो से ही टूट गए। ऐसे वैसे नाते थे सब ऐसो वैसे से ही टूट गए ।। पिछले साल तक जिनसे हमने सारी खुशियां बांटी थी। कमल पैसों के रिश्ते थे सारे पैसे से ही टूट गए।।आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो - **कमलकांत डोंगरे**

जब तक आप हिन्दू साधु सन्यासी क

जब तक आप हिन्दू साधु सन्यासी को ट्रोल करना नहीं सीख पाते या उनका विरोध करना नहीं सीखेंगे आपको प्रगतिवादी नहीं माना जाएगा ?? इसलिए आगे बढ़िये... और खामियां ढूंढिए और सामने लाईये... जल्दी ही आप प्रगतिशील लेखक कहलाएंगे और बहुत जल्द आपको सम्मानित भी किया जाएगा विश्वास मानिए ?? - **सीमा राय**

संविधान ग्रामीण जनसमूह से तैयार

संविधान ग्रामीण जनसमूह से तैयार किया गया। विधि सलाहकारों की समिति से गठित संविधान सभी समाज एवं इति धर्म को ध्यान में रखते हुए आर्थिक एवं वर्तमान भौगोलिक स्थिति के अनुसार संविधान संपूर्ण भारतवासियों को बहुत-बहुत बौद्धिक शिक्षाप्रद है। ?? - **गौरी पटले**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन भी आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी।

वृषः आज के दिन भाग दौड़ अधिक रहेगी परन्तु परिणाम आशा के विपरीत रहने से मन मे नकारात्मक विचार बनेंगे।

मिथुनः आज का दिन धन के साथ-साथ सुख शान्ति दायक भी रहेगा। व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे।

कर्कः आज आपमे आध्यात्मिक उन्नति होगी। धर्म के गूढ़ रहस्यों को जानने में रुचि लेंगे।

सिंहः आज का दिन थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा। सेहत प्रातः काल से नरम रहेगी मन अकारण ही अशांत रहेगा।

कन्याः आज का दिन विविध क्षेत्रों में विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करेंगे उसमे आरम्भ में थोड़ी झिझक रहेगी परन्तु अंतिम फल शुभ ही रहेगा।

तुलाः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। सेहत में उतार-चढ़ाव आएंगे स्वास्थ्य नरम रहने पर भी कार्यो को प्रभावित नहीं होने देंगे।

वृश्चिकः आपको आज का दिन मिलाजुला फल देगा। आज का दिन लाभ दिला सकता है परन्तु क्रोध को वश में रखना जरूरी है वरना बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

धनुः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है आज राह चलते लोग भी आपके व्यक्तित्व पर छींटाकशी करेंगे।

मकरः आज के दिन आप अपना ध्यान आवश्यक कार्यो पर एकाग्र करने का प्रयास करें अन्यथा जहाँ लाभ होना है वहां हानि मिलेगी।

कुंभः आज आप अधिकांश समय आराम में बिताना पसंद करेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायत पेट सम्बंधित समस्या मुख्यतः रहेगी।

मीनः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मौज मस्ती की ओर आकर्षित रहेगा यात्रा प्रवास के योग भी बन रहे है ना चाहकर भी करनी पड़ सकती है।

सूर्योदय : 07:03, सूर्यास्तः : 05:29, चन्द्रोदयः : 14:16, चन्द्रास्तः :27:40, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी,नक्षत्र : अश्विनी, योग : वरीयान, प्रथम करण : वणिज (08:20 तक), द्वितीय करण : विष्टि (19:01 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मेष (13:18 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) हाल ही में, अल्पाइन ग्लेशियरों के पिघलने के कारण किन दो देशों ने अपनी राष्ट्रीय सीमाओं को पुनः निर्धारित किया है?

2) असोलाभट्टी वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी किस पर्वत श्रृंखला पर स्थित है?

3) विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 का विषय क्या है?

4) गैलीलियो गैलीली ने जनवरी 1610 में बृहस्पति के कितने गैलीलियन चंद्रमा खोजे थे?

5) कैसावा का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है, जिसे हाल ही में खबरों में प्रमुखता मिली?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) इटली और स्विट्जरलैंड (2) अरावली पर्वतमाला (3) कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य (4) 4 (5) नाइजीरिया

पहेली

शब्द सामर्थ्य -245

बाएं से दाएं: [illegible]

ऊपर से नीचे: [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 244 का हल

दुर्ग में जमीन कारोबारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, कई प्रदर्शनकारी घायल

जमीन की कीमतें 5-9 गुना बढ़ने पर कर रहे थे विरोध



दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा नई कलेक्टर गाइडलाइन जारी किये जाने के बाद से दुर्ग सहित कई जिलों में जमीन कारोबारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि नई कलेक्टर गाइडलाइन जारी होने के बाद जमीन की कीमतें 8 से 9 गुना तक बढ़ गई हैं। आज दुर्ग में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। जमीन दलालों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लाठी चार्ज होने से कई प्रदर्शनकारियों को चोट आई है। बड़ी तादाद में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। कलेक्ट्रेट और रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर 6 थानों की पुलिस तैनात कर दी गई है। जमीन कारोबारियों के विरोध प्रदर्शन के बीच कांग्रेस ने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। काले झंडे दिखाते हुए राज्य सरकार के फैसले का विरोध किया गया। दुर्ग में जमीन कारोबारी पांचवें दिन भी प्रदर्शन कर रहे थे। सुबह से बड़ी संख्या में जमीन कारोबारी कलेक्ट्रेट और रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। नारेबाजी और धरना-प्रदर्शन के बीच माहौल धीरे-धीरे तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए प्रशासन ने पुलिस फोर्स मौके पर तैनात कर दी। दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारी रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर बढने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन भीड़ आगे बढ़ती रही। भीड़ को रोकने पुलिस जवानों ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के बाद प्रदर्शनकारी अलग-अलग दिशा में भागने लगे। कुछ देर बाद प्रदर्शनकारी दोबारा इकट्ठा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने सभी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है। कई जमीन कारोबारियों को हिरासत में लिया गया है।

उपद्रवियों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की

दुर्ग एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनकारियों से चर्चा के दौरान भीड़ में मौजूद उपद्रवियों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की। जब पुलिस ने उन्हें पीछे धकेला, तो उन्होंने पुलिस पर पानी के पाउच फेंके। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को कई बार समझाया गया कि वे चक्काजाम या जुलूस न निकालें। इसके बावजूद लोग बिना अनुमति के जुलूस की तरह यहां पहुंच गए। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। एएसपी ने बताया कि प्रदर्शनकारी सड़क पर ही भाषण दे रहे थे। भीड़ में मौजूद कुछ लोगों के उकसावे के कारण स्थिति बिगड़ गई। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। कई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पानी के पाउच फेंके।

नई गाइडलाइन में 9 गुना तक बढ़ गई है जमीन की कीमत

नई कलेक्टर गाइडलाइन में जमीन की कीमतें 5 से 9 गुना तक बढ़ गई हैं। जमीन कारोबारियों ने बताया कि जिस जमीन की कीमत पहले सरकारी गाइडलाइनों में 10 लाख रुपए तय थी, वह अब 70 से 90 लाख रुपए हो गई है। इसके कारण रजिस्ट्री व अन्य शुल्कों पर भी पड़ रहा है। पहले से मंदी में चल रहा जमीन कारोबार नई कलेक्टर गाइडलाइन के कारण अब पूरी तरह ठप हो गया है। इसी वजह से रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और अंबिकापुर समेत कई जिलों में जमीन कारोबारी कलेक्टर गाइडलाइन की कीमतों का विरोध कर रहे हैं। जमीन कारोबारियों का कहना है कि सरकार से गाइडलाइंस में बदलाव करने की मांग की गई है।

जमीन की बढ़ी दर और कारोबारियों पर पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में विधायक देवेंद्र 4 को करेंगे भूख हड़ताल

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने जमीन की नई गाइडलाइन के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जमीन कारोबारियों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की निंदा की है। उन्होंने जमीन की बेतहाशा कीमतें बढ़ाने को सरकार का तानाशाही निर्णय बताया है। देवेंद्र ने कहा कि सरकार के तानाशाही निर्णय के खिलाफ एकदिवसीय भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। 4 दिसंबर को दुर्ग में महात्मा गांधी प्रतिमा चौक पर सुबह 9 बजे से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। भाजपा सरकार से जमीन की नई गाइड लाइन को वापस लेने की मांग की जाएगी। छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन की वजह से जमीन की कीमतें कई गुना बढ़ गई है। जिसके खिलाफ प्रदेश भर के रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारी सरकार से गाइडलाइंस में बदलाव की मांग कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आज दुर्ग में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। विधायक देवेन्द्र ने कहा कि सरकार के आदेश पर जनता और व्यापारियों पर लाठी चार्ज सरकार के तानाशाही रवैए को दर्शाता है।

न्यूज गैलरी

मैत्री बाग में सफेद बाघिन जया की आकस्मिक मृत्यु

भिलाई। मैत्री बाग में स्थित चिड़ियाघर में 1 दिसम्बर को सुबह सफेद बाघिन जया की आकस्मिक मौत हो गई। इसकी जानकारी वनमंडलाधिकारी दुर्ग को दी गई। दोपहर को वनमण्डलाधिकारी दुर्ग की उपस्थिति में शासकीय चिकित्सक व वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट्स के विशेषज्ञ द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी की उपस्थिति में मृत बाघिन का दाह संस्कार किया गया।

बीएसपी के चारों ओर 200 मीटर क्षेत्र ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने उपमहानिरीक्षक सीआईएसएफयूनिट बीएसपी भिलाई के पत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दुर्ग जिला अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई की सुरक्षा की दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के चारों ओर परिधि दीवार से 200 मीटर क्षेत्र को ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा 01 दिसम्बर 2025 को पारित यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश जारी दिनांक से दो माह तक की अवधि के लिए लागू रहेगी।

अमलेश्वर में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने ली मासूम की जान, एक बच्चा वेंटिलेटर पर

टक्कर से 2 फीट हवा में उछले, ग्रामीणों में जबर्दस्त आक्रोश

भिलाई/नवप्रदेश। अमलेश्वर-पाटन मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में 12 साल के मासूम टकेश्वर साहू की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे दो मासूम बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 12 वर्षीय टकेश्वर साहू पिता रोहित साहू निवासी अमलेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में वेंटिलेटर पर है। उसके सिर में गहरी चोटें आई हैं।

अमलेश्वर में वाहन शोरूम के सामने 30 नवंबर को यह हादसा हुआ। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि साइकिल पर सवार दो बच्चे सड़क पार कर रहे थे। तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा बच्चा वेंटिलेटर पर है। उसका इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जिस वाहन से बच्चे की मौत हुई है, वो राजनांदगांव पासिंग वाली फॉर्च्यूनर (सीजी 08 ए.डब्लू 9300) है। कार तेज रफ्तार से पाटन रोड की ओर से आ रायपुर जा रही थी। इस हादसे के बाद अब तक एफआईआर तक नहीं लिखी जा सकी है। आरोपी वाहन ड्राइवर को पुलिस ने जाने दिया। वाहन को अमलेश्वर थाने में खड़ा कर दिया गया है। बच्चों को ठोकर मारने के बाद वाहन चालक वहीं पर खड़ा रहा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया।

हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और पुलिस प्रशासन से ड्राइवर पर सख्त कार्रवाई की मांग की। हादसे के बाद पिता रोहित साहू बदहवास हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनके इकलौते बेटे की जान तेज रफ्तार कार ने ली है। वाहन चालक के उपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अमलेश्वर थाना प्रभारी बसंत कुमार बघेल का कहना है कि हादसे की सूचना मिलने के बाद घायल अवस्था में बच्चों को तत्काल मेकाहारा ले जाया गया। एक बच्चे ने दम तोड़ दिया। वहीं पर बच्चे का पीएम हुआ है। मर्ग डायरी आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद वाहन चालक भागा नहीं था। वो अपनी गाड़ी में बच्चे को लेकर अस्पताल गए। अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। एफआईआर दर्ज की जाएगी।

विधायक रिकेश ने किया 9.16 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

- प्रकाश व्यवस्था के साथ डामरीकरण-सीमेंटीकरण, पुलिया निर्माण भी होगा

भिलाईनगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा में पांच स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक रिकेश सेन द्वारा किया गया। पूजन के बाद आज से ही कोहका, बजरंग पारा, शिक्षक नगर, हाउसिंग बोर्ड, सनातन नगर, इंद्रावती नगर, फरीद नगर, कोसा नाला, नेहरू नगर, सुपेला में सीमेंटीकरण, सड़क डामरीकरण, पुलिया निर्माण सहित विद्युतीकरण के कार्य शुरू हो गए हैं। विधायक रिकेश सेन ने सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने और गुणवत्ता मापदंड का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्य होने से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सड़क और दुरूस्त प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा। 9 करोड़ 16 लाख 26 हजार की कुल लागत से किये जाएंगे।

वार्ड-12 रानी अवंती बाई चौक कोहका, शिक्षक नगर वॉलीवाल ग्राउण्ड के पास और ईदगाह चौक से दादू साहू के घर तक सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक सेन ने वार्ड-12 में ही बजरंग पारा, हाउसिंग बोर्ड, सनातन नगर, शिक्षक नगर व इन्द्रावती नगर में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके बाद वार्ड-11 फरीद नगर, बजरंग पारा में डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ। वार्ड 7 कोसा नगर में पुलिया निर्माण कार्य भूमिपूजन के बाद नेहरू नगर अंडरब्रिज से भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन तक रेल्वे लाईन तक और भिलाई नगर नगर रेल्वे स्टेशन से सुपेला अण्डरब्रिज तक रेल्वे लाईन के समानांतर मार्ग निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य का पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया है।

रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता का समापन

- बहुमत से पारित किए गए देश की तरक्की का बिल
- छात्रों की लोकसभा में पास हुआ गरुड़ बिल, देश में बढ़ेगी साइबर सुरक्षा

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशल स्किल्स यूनिवर्सिटी में मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। भारत की लोकसभा की तर्ज पर बनाए गए मॉडल के तहत स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रूप में बहस की। स्कूली बच्चे केंद्रीय मंत्रियों की तरह पेश आए। विद्यार्थियों ने व्यापक और महत्वपूर्ण रूप से हुई चर्चा में रहा प्रस्ताव 'द गरुड़ बिल' बहुमत से पास कर दिया। आधुनिक डिजिटल खतरों और जनजातीय समुदायों की डिजिटल सुरक्षा को केंद्र में रखकर तैयार किए इस प्रस्ताव पर विभिन्न समितियों में लंबी बहस चली। मॉडल यूनाइटेड नेशन के सत्र में छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र की तर्ज पर डिजिटल युग की बढ़ती चुनौतियों पर गहन चर्चा की। प्रस्तावित गरुड़ विधेयक में साइबर क्राइम गलत सूचना, डेटा चोरी, एल्गोरिथमिक हेरफेर, ऑनलाइन शोषण और डार्क-वेब से जुड़े जोखिमों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। छात्रों ने कहा कि इंटरनेट और नई तकनीकों के बढ़ते प्रभाव के बावजूद समुदायों में डिजिटल साक्षरता काफी सीमित है, जिससे वे ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और गलत सूचना का सबसे आसान शिकार बनते हैं। छात्रों के बीच हुई खुली बहस के बाद पारित हुए इस बिल में ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के लिए विशेष डिजिटल सुरक्षा प्रशिक्षण देने का फैसला लिया गया। तीन चरणों की बहस, संशोधन और औपचारिक मतदान के बाद यह प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया। मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता के तहत कराई गई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के बीच बेस्ट फोटोग्राफी का पुरस्कार अस्मी श्रीवास्तव को मिला। वहीं रनर अप कृतिक गोडवानी रहीं। बेस्ड पत्रकार रेहाना सुलताना बनीं। रनरअप यशस्वी सरेनी रहे। बेस्ट वीडियोगाफर का अवॉर्ड तन्मय प्रसाद को दिया गया। रनरअप रौनक जासूजा रहे। यह कार्यक्रम ट्रेनिंग संस्था फ्नोलॉजी लर्निंग्स के सहयोग से कराया गया। टीम के प्रथम प्रवीण दावर, आर्यन मार्वा, श्रेया केडिया, अंबर खान और अक्षांस गुप्ता की मौजूदगी में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया ने भी अवॉर्ड वितरित किए।

जनस्वास्थ्य विभाग अब टंकी मरोदा में

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम रिसाली का जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय अब वार्ड 14 टंकी मरोदा से होगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने टंकी कार्यालय में पूजा अर्चना कर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यालय प्रभारी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे। अब तक निगम का जन स्वास्थ्य विभाग रिसाली बस्ती स्थित कार्यालय में संचालित होता था। यह कार्यालय भवन 30 वर्ष पुराना है। भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण छत से पानी टपकने और प्लास्टर गिरने की शिकायत थी। आयुक्त ने मरोदा टैंक स्थित ओवर हैड टैंक के नीचे भवन में कार्यालय संचालन के निर्देश दिए। कार्यालय भवन शिफ्टिंग के दौरान सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अमित चंद्राकर, जल कार्य विभाग के प्रभारी गोपाल सिन्हा, लेखा अधिकारी विनय शर्मा आदि उपस्थित थे। नया कार्यालय भवन नेवई मुख्य मार्ग स्थित पुलिस पेट्रोल पंप के निकट बीआरपी गेट मार्ग पर बने ओवर हेड टैंक भवन में संचालित है। यहां पी आई यू कार्यालय समेत चार्जिंग सेंटर और एकल खिड़की प्रणाली है। यहां नागरिकों के लिए अलग से शिकायत निवारण काउंटर की स्थापना की है। नागरिक अब जन स्वास्थ्य विभाग की शिकायत कर सकते है।

कुम्हारी में आवारा कुत्तों को लगाया एंटी रैबीज टीका

कुम्हारी। नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत दिन सोमवार को नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में एंटी रैबीज़ वैक्सीनेशन अभियान का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि आवारा एवं पालतू कुत्तों में बढ़ते संक्रमण के खतरे को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान के दौरान पालिका की टीम एवं पशु चिकित्सक के द्वारा आवारा कुत्तों को एंटी रैबीज़ वैक्सीन लगाया गया वहीं पशुपालकों को रैबीज़ से बचाव व टीकाकरण की समय-सीमा के बारे में जागरूक भी किया गया।

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र की सेवा से नवंबर 2025 माह में कुल 95 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिनमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 13 कार्यपालक व 82 गैरकार्यपालक शामिल हैं। इस माह सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में विभिन्न विभागों के अनुभवी व समर्पित सदस्य शामिल रहे। जिन्होंने लंबे समय तक संयंत्र के संचालनए उत्पादन और संगठनात्मक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यपालकों हेतु आयोजित विदाई समारोह का आयोजन निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। कार्यकारी निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र एके चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार कार्यपालक निदेशक परियोजनाएँ पीके सरकार और कार्यपालक निदेशक खदान कमल भास्कर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशकों ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किए और उनके योगदान, नेतृत्व और कार्यनिष्ठा की सराहना करते हुए जीवन के नए चरण के लिए शुभकामनाएँ दीं।

वाल्व बदलने के कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण : अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग द्वारा मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदलने का कार्य किया जा रहा है। कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने आज महापौर अलका बाघमार, प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी और सहायक जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों से वाल्व बदलने की प्रक्रिया, कार्य की जल्द और जल आपूर्ति पर इसके प्रभाव की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो और नागरिकों को पानी की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि जल विभाग की टीम तत्परता से कार्य करे, ताकि क्षेत्रवासियों को नियमित और सुचारू जलआपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

अधिकारियों ने महापौर को बताया कि 600 एम.एम. वाल्व मरम्मत कार्य को किया जा रहा है और बहुत जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद मालवीय नगर व आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति और अधिक सुचारू होगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियाँ बदल गई हैं। संशोधित तिथियों के अनुसार अब घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य 11 दिसंबर 2025 तक चलेगा। मतदान केंद्र का युक्तिकरण या पुनर्व्यवस्था का कार्य भी 11 दिसंबर 2025 (गुरुवार) तक चलेगा। इसी प्रकार नियंत्रण तालिका का अद्यतनीकरण और ड्राफ्ट रोल की तैयारी का कार्य 12 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन (ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी) 16 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा।

आपत्ति और दावा दर्ज करने की संशोधित अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सुनवाई और सत्यापन का कार्य 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। सभी संबंधितों को आयोग द्वारा जारी इन निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

भिलाई इस्पात संयंत्र... अंतरराष्ट्रीय बाजार नीतियों के कारण भारतीय इस्पात बिरादरी कठिन चुनौतियों से गुजर रहा है

सेल की आईएसपी इकाइयों के एचआर प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक शुरू

भिलाई/नवप्रदेश। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल की एकीकृत इस्पात संयंत्रों आईएसपी के मानव संसाधन एचआरद्ध प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक आज 1 दिसंबर को भिलाई निवास में शुरू हुई। महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सेल-बीएसपी के एचआर विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो 2 दिसंबर तक चलेगी।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर निदेशक कार्मिक सेल कृष्ण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर दो-दिवसीय हेड्स ऑफ एचआर मीट का औपचारिक शुभारंभ किया।

समारोह में निदेशक प्रभारी सेल-बीएसपी चित्त रंजन महापात्र, सेल के विभिन्न एकीकृत इस्पात संयंत्रों के एचआर प्रमुखों में कार्यपालक निदेशक एचआर सीएडी सेल राजीव पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक एचआर बीएसएल राजश्री बनर्जी, कार्यपालक निदेशक एचआर आरएसपी तरुण मिश्रा, कार्यपालक निदेशक एचआर डीएसपी सुष्मिता राय शामिल थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र से कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन एके चक्रवर्ती कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम कार्यपालक निदेशक एचआर पवन कुमार कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार कार्यपालक निदेशक खदान सीएमएलओ कमल भास्कर कार्यपालक निदेशक रावघाट सीएमएलओ अरुण कुमार सहित बीएसपी के अनेक मुख्य महाप्रबंधक वरिष्ठ अधिकारियों और बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप बीसीजी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक का उद्देश्य कार्यबल के अनुकूलन एचआर प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण डिजिटल व हरित प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ावा देने और आगामी वर्षों के लिए सामरिक एचआर प्राथमिकताओं को निर्धारित करना है।

निदेशक कार्मिक सेल केके सिंह ने सभी सहभागी इकाइयों के लिए इस बैठक के सामूहिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग तेज़ तकनीकी परिवर्तनों, ऊर्जा नीतियों की वैश्विक दिशा, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बदलती कार्यबल अपेक्षाओं के कारण एक रूपांतरणीय दौर से गुजर रहा है। आने वाले समय में केंद्र सरकार के नए श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन से कार्यस्थल प्रबंधन का एक नया और प्रगतिशील युग प्रारंभ होगा। ऐसे में सेल के लिए आवश्यक है कि वह दूरदर्शी और अनुपालन आधारित एचआर प्रथाओं को अपनाए।

उन्होंने कहा कि बॉटम लाइन में सुधार लाएं तो हमारे संयंत्रों का समग्र वातावरण स्वतः बेहतर होगा। यह परिवर्तन एचआर अधिकारियों से ही शुरू होना चाहिए। इसके लिए उन्हें उत्पादन से लेकर लाभप्रदता और बाज़ार गतिशीलताओं तक पूरे व्यवसाय चक्र की जानकारी होनी चाहिए। भिलाई में होने वाली यह बैठक मज़बूत एचआर नीतियाँ बनाने और कार्यान्वयन योग्य रणनीतियाँ तैयार करने में सक्षम बनाएगी।

निदेशक प्रभारी सेल-बीएसपी चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अधिक उत्पादन, शुल्क संबंधी दबाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार नीतियों के कारण भारतीय इस्पात बिरादरी कठिन चुनौतियों से गुजर रहा है, जिससे लाभप्रदता प्रभावित हो रही है। ऐसे परिदृश्य में सेल की सभी इकाइयों के एचआर नेतृत्व के लिए आवश्यक है कि वे उभरते मुद्दों को समझें। प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करें और सामूहिक रूप से आगे की दिशा तय करें। उन्होंने कहा कि यह बैठक सामूहिक सुधार का माध्यम है।

प्रधानमंत्री और ईडी के खिलाफ कांग्रेस का आक्रामक प्रदर्शन

■ **जितेंद्र मुदलियार बोले - लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला बर्दाश्त नहीं**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार पर राजनीतिक विद्वेष और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शहर में आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया। जयस्तंभ चौक पर भारी संख्या में जुटे कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई को कांग्रेस ने लोकतांत्रिक आवाज दबाने की कोशिश बताया।

पुतला दहन से पहले जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केन्द्र सरकार विपक्ष को डराने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी एजेंसियों को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले विपक्ष पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस जनता के मुद्दों पर सरकार को घेरती है, तब विपक्षी नेताओं पर एक के बाद एक मामले थोप दिए जाते हैं। मुदलियार ने इसे संवैधानिक संस्थाओं के खुले दुरुपयोग का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को कुचलने की कोशिश कभी सफल नहीं होगी। देश में आर्थिक संकट, बेरोजगारी और महंगाई अपने चरम पर है, लेकिन सरकार इन सवालों का जवाब देने के बजाय एजेंसियों की ढाल लेकर विपक्ष को डराने में लगी है। कांग्रेस इससे पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और ईडी कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की। पुतला दहन के बाद कांग्रेसजनों ने मार्च भी निकाला। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने की कार्रवाई बंद नहीं की गई, तो जिले भर में और भी बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

इस मौके पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी, पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, आफताब आलम, मामराज अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, अमित चंद्रवंशी, ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन व आसिफ अली, चुम्मन साहू, पंकज बांधव, राकेश जोशी, बबलू कसार, प्रेम रुपचंदानी, अशोक पंजवानी, नीरज कन्नौजे, सुरेश कुमार सिन्हा, राजा तिवारी, मुकेश साहू, गणेश पवार, राजिक सोलंकी, चेतन भानुशाली, सचिन तुरहाटे, ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, राजा यादव, राहुल देवांगन, राकेश चंद्राकर, झम्मन देवांगन, विनोद यादव बंटी, अब्दुल कलाम, अब्दुल राजिक, राजकुमार जायसवाल, जितेंद्र साहू, हनीफ खान, सलमान रजा, भरत सोनी, सुरेंद्र देवांगन, गोपी रजक, सागर ताम्रकार, शेषनाथ, जागेश्वर साहू, मो नासीर, हीरा सोनी, लक्ष्मण साहू, दीनू साहू, मो मुस्तफा जोया, संगीता साहू, लक्ष्मण साहू, जितेंद्र चंद्राकर, रिषभ जैन, आदित्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर कांग्रेसियों ने पीएम का पुतला फूंका

बालोद/नवप्रदेश। कांग्रेस नेत्री सोनिया गाँधी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के खिलाफ ईडी द्वारा द्वेषपूर्ण तरीके से एफआईआर दर्ज किये जाने के विरोध में सोमवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय बालोद में ईडी व प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में ईडी द्वारा दिल्ली पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर मोदी सरकार द्वारा एजेंसियों के दुरुपयोग का नायाब उदाहरण है। अप्रैल में चार्जशीट दाखिल करने के 6 महीने बाद ईडी ने दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। भाजपा सरकार को महसूस हो गया कि ईडी की चार्जशीट कमजोर है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू ने कहा कि आयकर विभाग, ईडी, दिल्ली पुलिस द्वारा कांग्रेस नेताओं पर राजनीतिक द्वेष से लगातार कार्रवाई की जा रही है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए पूरी मजबूती के साथ लड़ते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन में जिला महामंत्री धीरज उपाध्याय, शंभू साहू, कमलेश श्रीवास्तव, विनोद बंटी शर्मा, कसीमुद्दीन कुरैशी, प्रशांत बाला बोकड़े, हंसमुख टूवानी, प्रेमचंद क्षीरसागर, दाऊद खान, जमील बख्श, वैभव साहू, देवेन्द्र साहू, कल्लू मिथलेश नुरूटी सतीश यादव, अनिल चैनानी, सत्यम टाटिया, एनुराम साहू, शाहनवाज़ खान, वैभव शर्मा, सुमित शर्मा, अनिल सोनी, रोहित, कृष्णा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

धान खरीदी ड्यूटी में लापरवाही, 4 की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश

राजनांदगांव। जिले में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में अवैध धान की आवक की रोकथाम करने अधिकारियों व कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है। जिले में सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन के रोकथाम हेतु अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में मंडी व नगर सेना के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर सैनिक संतराम मारकंडे, नगर सैनिक चुम्मन सिंह, भृत्य, डोंगरगढ़ मंडी योगेश मंडलोई, भृत्य डोंगरगांव मंडी रमेश कुमार कोसरे के ड्यूटी पर उपस्थित न होने के कारण चारों कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिए गए है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने धान खरीदी कार्यों में पर्यवेक्षण व निरीक्षण हेतु लगाई गई ड्यूटी में लापरवाही न करने के निर्देश दिये हैं।

आवारा कुत्तों का टीकाकरण

पांडातराई। नगर पंचायत पांडातराई क्षेत्र में आवारा कुत्तों के संरक्षण और नागरिक सुरक्षा के उद्देश्य से टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, वेटनरी डॉक्टर और नगर पंचायत की टीम शामिल रहे। जिला पशु चिकित्सालय कबीरधाम के अनुसार नगर क्षेत्र में कुल 99 आवारा कुत्ते मौजूद हैं। अभियान के प्रथम चरण में आज 10 कुत्तों का टीकाकरण किया गया। नपं ने क्षेत्र के 15 वार्डों में भोजन और देखभाल हेतु आश्रय स्थलों का चिन्हांकन भी कर लिया है, ताकि आवारा कुत्तों को व्यवस्थित स्थान पर भोजन उपलब्ध कराया जा सके और उनमें संक्रमण या आक्रामक व्यवहार की स्थिति नियंत्रित रहे। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

व्यवहारिक ज्ञान का मिला प्रशिक्षण

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव रेडक्रॉस डॉ. डीके तुर्रे द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य उमेश पाठक के निर्देशन और रेड क्रॉस प्रभारी प्राध्यापक सनत देवांगन के संयोजन में संपन्न हुआ। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. हर्षित तिवारी नोडल अधिकारी, जिला चिकित्सालय कबीरधाम ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की वैज्ञानिक और व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम कोठार को दी 96 लाख के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से ग्रामीण अधोसंरचना हो रही सुदृढ़ : उपमुख्यमंत्री शर्मा

■ **कोठार में 83 लाख की सीसी सड़क व नाली निर्माण और 13 लाख के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन**

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्यों से गांवों की कनेक्टिविटी और अधोसंरचना मजबूत हो रही है। आज उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम कोठार में 82.95 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़क सह नाली निर्माण और 13 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

ग्राम कोठार में 41.65 लाख और 41.30 लाख रुपये की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। 13 लाख रुपए की लागत से 2 सामुदायिक भवनों का निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ग्रामों में बेहतर सड़क, स्वच्छ नाली व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्राम कोठार सहित पूरे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों, किसानों और विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने ग्राम कोठार की एक महत्वपूर्ण पहल को याद करते हुए कहा कि पहले आवास योजना के लिए ग्राम कोठार से ही आंदोलन शुरू किया गया था। सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग में इस मांग को स्वीकृति प्रदान की गई। यह कवर्धा के लोगों के संघर्ष और विश्वास की बड़ी जीत है। जिन लोगों का नाम आवास में नहीं आया है, उनके लिए नया सर्वे कार्य कराया गया है। पात्र सभी लोगों को आवास दिया जाएगा। ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर अंतिम सूची तैयार की जाएगी, किसी भी योग्य परिवार को वंचित नहीं किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। समयबद्ध, टिकाऊ और मजबूत सड़क निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आने वाले लंबे समय तक ग्रामीणों को इसका लाभ मिलता रहे। सरकार के मार्गदर्शन और सभी के सक्रिय प्रयासों से कवर्धा विधानसभा विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

अपराधियों और गुंडा तत्वों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई : एसपी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने गत दिवस क्राइम मीटिंग लेकर अफसरों को अपराधियों और गुंडा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। मीटिंग में सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी ने गुण्डा व निगरानी बदमाशों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए नियमित चेक करने और नई प्रविष्टियाँ जोड़कर गुण्डा फाइल को अपडेट करने के निर्देश दिये। एसपी अंकिता शर्मा ने नई गुण्डा फाइल खोलने और सूची तैयार करने कहा। आदतन अपराधियों के मामलों में जिला बदर व एनएसए जैसी कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि दो या उससे अधिक आपराधिक प्रकरण वाले आरोपियों की सूची बनाकर चेकिंग अभियान चलाया जाए। कबाड़ियों की चेकिंग कर अवैध कबाड़ पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। एसपी ने जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। लूट, नकबजनी के पुराने अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने कहा गया। अपराध की रोकथाम के लिये आर्म्स एक्ट के तहत सख्त और निरंतर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। शहर में पैदल गश्त और बाइक पेट्रोलिंग बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश भी दिये गए। एसपी ने शहर में निरंतर संध्या व रात्रि पेट्रोलिंग के साथ कॉबिंग गश्त अभियान चलाने के निर्देश दिये गए।

लखोली वार्ड 32 में एसआईआर फार्म भरने सहायता शिविर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र वार्ड नंबर 32 के अंतर्गत राहुल नगर, विकास नगर, राजीव नगर व जनता कालोनी में जगह-जगह चौपाल लगाकर बीएलओ द्वारा वितरित गणना पत्रक फार्म को भरने में मदद की जा रही है।

महापौर मधुसूदन यादव और निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा लगातार बैठक लेकर प्रगति की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने संबंधित बूथों के बीएलओ और प्रभारियों से कहा कि मृत व स्थानांतरित मतदाताओं की सूची तैयार करें। गणना पत्रक फार्म वितरण के बाद वापसी की संख्या कम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखकर कार्य करें।

पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वार्ड के प्रमुख चौक चौराहे पर फार्म भरने के लिये लगातार सहायता शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में अन्य वार्ड के मतदाता भी अपने फार्म भरवाने और 2003 की सूची प्राप्त करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज में एचआईवी-एड्स पर आकर्षक नाटक से दिया संदेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के मेडिसिन विभाग और ए.आर.टी. सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम अधिकार एवं संसाधनों की समझ : एड्स प्रभावित लोगों के लिए कानून और सरकारी सहायता पर केंद्रित रही। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर, अस्पताल उप अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी की नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया उपस्थित रहे। स्त्रीरोग विभाग की ज्योति यादव व डॉ. मीना आर्मो, मेडिसिन विभाग के डॉ. तिर्की और सर्जरी विभाग की डॉ. अराधना टोप्पो भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में धर्मेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र जंघेल व नागेश मुंजारे शामिल हुए। मंच संचालन डॉ. प्रकाश खुंटे और रेणु अवस्थी व अश्विनी राय ने किया। डॉ. नवीन तिर्की के मार्गदर्शन में एमबीबीएस 2021 बैच के विद्यार्थियों ने एचआईवी-एड्स पर आधारित जागरूकता नाटक एड्स की महामारी प्रस्तुत किया। नाटक में सरल, रोचक और प्रभावशाली तरीक़े से संदेश दिया गया कि एचआईवी कैसे फैलता है। इसका उपचार कैसे संभव है और किस तरह मिथक शर्म या अज्ञानता लोगों को इलाज से दूर कर देती है। विद्यार्थियों ने हास्य और भावनात्मक संवादों के माध्यम से दर्शाया कि गलत जानकारी पूरे समाज में भ्रम फैला सकती है। प्रस्तुति का मुख्य संदेश था एचआईवी अंत नहीं है। ए.आर.टी. दवाएं मरीजों को लंबा और स्वस्थ जीवन देती हैं और ये सेवाएँ सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में ए.आर.टी. सेंटर में कार्यरत भारती सिमानकर काउंसलर, धर्मशिला स्टाफ नर्स और खिलेश सिन्हा टेक्नीशियन को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समीक्षा बैठक | **पात्र कृषकों के शत-प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित करने और किसानों को दें जरूरी सुविधा**

नोडल अधिकारी प्रतिदिन धान खरीदी केन्द्रों में निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहें : कलेक्टर

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रों के लिए नियुक्त किए गए सभी नोडल अधिकारी प्रतिदिन सुबह 8 बजे अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने वरिष्ठ अधिकारियों और नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी पात्र कृषकों का उनके वास्तविक रकबे के आधार पर शत प्रतिशत धान खरीदी सुनिश्चित किया जाए। सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को अपने धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए बैठक व्यवस्था और छांव इत्यादि के अलावा पेयजल, शौचालय आदि सभी जरूरी सुविधा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए किसी भी प्रकार की लारपवारही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध एस्मा के तहत कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया, जिला खाद्य अधिकारी सहित नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने केवल साफ-सुथरे गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित करने कहा। किसी भी स्थिति में अस्वच्छ, गीले धानों की खरीदी न करने के निर्देश दिये गए। किसानों द्वारा बिक्री के लिये लाए गए धान को नमी मापक यंत्र के माध्यम से मापने के बाद धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमी होने पर किसी भी स्थिति में धान की खरीदी न करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान में नमी की प्रतिशत एकदम कम होने पर भी उस धान की समुचित जाँच करने कहा। ताकि, व्यापारियों और कोचियों के पुराने धान की खरीदी न हो सके।

सभी नोडल अधिकारियों को सुबह धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचने के बाद प्रतिदिन गेट पास, ऑनलाइन-ऑफलाइन टोकन की स्थिति, किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान की गुणवत्ता का नियमित जांच करने निर्देश दिए।

धान खरीदी केंद्रों में अतिरिक्त धान लेने की शिकायत

■ **कहीं बोरे का वजन मिलाकर 41 किलो धान ले रहे, तो कहीं ले रहे 41,700 ग्राम**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में धान खरीदी केंद्रों में कई तरह की शिकायतें मिल रही हैं। कहीं किसान खुद ट्रैक्टर से धान उतार रहे हैं तो कही खुद तौलाई करने पर मजबूर हैं। एक धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक का कहना है कि धान की गाड़ी खाली करने उन्हें अलग से पैसा नहीं मिल रहा, जिसके कारण किसान को अपना ट्रैक्टर खाली करना पड़ रहा है। कई धान खरीदी केंद्रों में किसानों से 1 किलो अतिरिक्त लिया जा रहा है। जिले के सेवा सहकारी समिति मर्यादित बम्हनी धान उपार्जन उप केन्द्र धमकी- बम्हनी में किसानों से अतिरिक्त धान लिया जा रहा है। किसान तारण दास बघेल ने बताया कि 41 किलो वजन के हिसाब से धान लिया जा रहा, जबकि बोरे का वजन उतना नहीं होता। अधिक धान अतिरिक्त लिया जा रहा है। धान को ट्रैक्टर से उतारने का काम भी किसानों को खुद करना पड़ रहा है। किसान शिव प्रसाद ने बताया कि किसानों को खुद धान उतारने का काम करना पड़ता है। इसके साथ ही 300 ग्राम धान अतिरिक्त लिया जा रहा है।

धान तौलाई के लिए व्यवस्था है लेकिन ट्रैक्टर से धान उतारने के लिए उन्हें राशि नहीं मिली है। इसी कारण किसान को ही धान स्वयं ट्रैक्टर से धान उतारना पड़ता है। किसानों से 40 किलो 700 ग्राम के हिसाब से धान लिया जा रहा है।

पूरन ठाकुर,
प्रबंधक, धान खरीदी केंद्र धमकी बम्हनी, कबीरधाम

शेष खबरो के लिए

भारत-सा. अफ्रीका वनडेः रोहित-विराट पहुंचे रायपुर, आज प्रैक्टिस मैच

बिक्री सुबह 10 बजे से शुरू हुई। इस दौरान सामने लाइन में खड़े युवाओं के बीच धक्की-मुक्की हो गई। लड़कियों ने बैरिकेड तोडने की भी कोशिश की। इस दौरान लड़कियों की पुलिस वालों से बहस भी हुई। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।

सरकार एसआईआर...

दल के कई सदस्यों ने इस चर्चा का प्रस्ताव रखा था। अब तक ऑफिशियल बयान नहीं आया है। आज सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, 'यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं।

पीएम ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने सभापति का अभिवादन किया। खडगे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खडगे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना...

में रखते हुए यह योजना तैयार की गई है। छत्तीसगढ़ के शहरों को आधुनिक, सुंदर और जीवंत बनाने में यह योजना प्रभावी साबित होगी। शहरों की सूरत और सीरत बदलने में इसकी अहम भूमिका होगी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि, जीवंत शहरों के निर्माण और इज ऑफलीविंग के लिए इस साल के बजट में शामिल कार्ययोजना के अनुसार मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना प्रारंभ की गई है। पहले चरण में राज्य के सभी नगर निगमों को इसमें शामिल किया गया है। चरणबद्ध रूप से इसे सभी नगरीय निकायों में लागू किया जाएगा। योजना के माध्यम से शहरों में बढ़ती आबादी के मद्देनजर सुगम यातायात के लिए मुख्य सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण, बाइपास सड़क, फ्लाई-ओव्हर, सर्विस-लेन, अंडर-पास तथा अन्य बुनियादी ढांचों का विकास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना से होंगे ये काम

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना से प्रमुख रूप से मुख्य सड़क निर्माण एवं मुख्य सड़क चौड़ीकरण कार्य, बाइपास रोड निर्माण, मुख्य सड़क में सर्विस रोड निर्माण कार्य, फ्लाई-ओव्हर निर्माण कार्य, अंडर-पास सड़क निर्माण कार्य, जलप्रदाय योजना के कार्य, सीवरेज नेटवर्क निर्माण कार्य, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य, मुख्य सड़कों में रोटरी चौक निर्माण पुनर्व्यवस्था कार्य, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स निर्माण, हाइटेक बस स्टैण्ड निर्माण, ऑडिटोरियम निर्माण, भव्य उद्यान विकास एवं रिवर-फ्रंट डेवलपमेंट कार्य तथा पर्यटन स्थलों के विकास के कार्य किए जाएंगे। इनके साथ ही शहर की जरूरत के अनुसार अन्य विशिष्ट कार्य भी किए जाएंगे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के कार्यों की मॉनिटरिंग और निगरानी कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी। समिति प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करेगी। संबंधित नगर निगम के आयुक्त समिति के सदस्य-सह-सचिव होंगे। वहीं जिले में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता समिति के अन्य सदस्य होंगे।

भगोड़ों पर लगाम, ...

जरूरत है। कॉन्फ्रेंस में खास सेवा के लिए प्रेसिडेंट पुलिस मेडल और शहरी पुलिस सुधारों के लिए अवॉर्ड भी दिए गए। कॉन्फ्रेंस खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अलग-अलग स्कूलों के 30 छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। बच्चों से कॅरियर और परीक्षा को लेकर चर्चा की। 28 से 30 नवंबर तक आयोजित कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हो गया।

गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया पर फोकस

कॉन्फ्रेंस में रविवार सुबह उन राज्यों को प्रेजेंटेशन देने का मौका मिला, जो शनिवार को अपनी रिपोर्ट पेश नहीं कर पाए थे। पहले सत्र में पुलिसिंग में एआई के उपयोग पर चर्चा की गई। दूसरा सत्र गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया पर फोकस रहा। सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों, राज्यों के इनपुट और पिछली सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए अंतिम गाइडलाइन का ड्राफ्ट तैयार किया गया। साथ ही देश के जियो-पॉलिटिकल चैलेंजेस पर चर्चा हुई। इसी दौरान 'मॉडल स्टेट' भी चुना गया, जिसकी बेहतरीन प्रैक्टिस को पूरे देश में लागू किए जाने की तैयारी है।

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई....

और डिजिटल अरेस्ट के इस अतिसंवेदनशील मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भी नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने पूछा कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया?

राइस मिलों में स्टॉक से अधिक संग्रहण किया गया धान, 750 कट्टा जब्त

■ **जिले में अवैध धान परिवहन व भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई जारी**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन, संग्रहण और विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर राजस्व, मंडी, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें जांच चौकियों, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। राइस मिलों में भी स्टॉक वेरिफिकेशन का कार्य निरंतर रूप से जारी है। जिले में अब तक कुल 87 प्रकरणों में 8403 क्विंटल से अधिक धान की जब्ती की गई है। इसी क्रम में खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले की दो राइस मिलों में बड़ी कार्रवाई की। स्टॉक वेरिफिकेशन के दौरान दोनों मिलों में धान का स्टॉक घोषित मात्रा से अधिक पाया गया, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। फूड ऑफिसर अजय यादव ने बताया कि सरायपाली स्थित साईं बाबा राइस मिल से 400 कट्टा धान और बसना स्थित राधा केशव राइस मिल से 350 कट्टा धान स्टॉक से अधिक पाए जाने पर जब्त किया है।

उन्होंने कहा कि जिले की सभी राइस मिलों में भौतिक सत्यापन का कार्य लगातार जारी रहेगा। स्टॉक में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थानों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी जारी रहेगी।

राइस मिल से 3000 कट्टा कस्टम मिलिंग का धान जब्त!

पिथौरा। छत्तीसगढ़ शासन के कस्टम मिलिंग नीति और खाद्य नियमों का उल्लंघन करने वाले राईस मिल पर जिला प्रशासन की सख्ती लगातार जारी है। इसी क्रम में, कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर पिथौरा एक मिल मे औचक जाँच किया गया राजाडेरा स्थित रीयांश राईस मिल से निरीक्षण दल ने 3000 कट्टा कस्टम मिलिंग का धान जब्त किया है।

क्या है पूरा मामला

?सोमवार को मंडी सचिव शैलेंद्र नायक एवं खाद्य निरीक्षक दिव्यांशु देवांगन के नेतृत्व में एक विशेष निरीक्षण दल ने रीयांश राईस मिल पर औचक भौतिक सत्यापन की कार्रवाई की। जाँच के दौरान मिल में 3000 कट्टा धान पाया गया जो कस्टम मिलिंग के तहत सरकारी धान था, लेकिन जिसका स्टॉक और संबंधित दस्तावेज़ संतोषजनक नहीं पाए गए। निरीक्षण दल में संजय कुमार सोनी, शोएब खान, और भोजराम नायक भी शामिल थे। अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से धान को जब्त कर लिया गया। मण्डी सचिव शैलेन्द्र नायक ने बताया छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश-2016 और मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है। इस आदेश के तहत राईस मिलों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग कर, निश्चित समय सीमा और निर्धारित गुणवत्ता के साथ चावल जमा करना अनिवार्य होता है। नियमों के उल्लंघन, जैसे स्टॉक में अनियमितता, समय पर चावल जमा न करना, या अवैध भंडारण करना, पर मिलर के खिलाफसख्त कार्रवाई का प्रावधान है। कस्टम मिलिंग के सरकारी धान का सही और वैध दस्तावेज न होना, राईस मिलर और सरकार के बीच हुए अनुबंध का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसपर बैंक गारंटी जब्त करने और FIR दर्ज कराने तक की कार्रवाई हो सकती है।

जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार 2 दिसंबर को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद 1 रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक का आयोजन दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्य को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

बम्हनी धान खरीदी केंद्र प्रभारी निलंबित

महासमुंद/नवप्रदेश। धान खरीदी में लापरवाही बरतने के कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी बम्हनी, आरंगी गंगाधर जगत को निलंबित कर दिया गया है। गत 28 नवंबर को तहसीलदार एवं टीम ने उपार्जन केंद्र बम्हनी समिति आरंगी में काफी अव्यवस्था पाए जाने पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

कहार भोई समाज के पदाधिकारियों का चुनाव 7 को

महासमुंद/नवप्रदेश। कहार भोई समाज का अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव मतदान प्रकिया से आगामी 7 दिसंबर दिन रविवार को होना तय हुआ है। जिसमें नामांकन जमा करने की तिथि 2 दिसंबर व नाम वापसी 3 दिसंबर शाम 5 बजे तक है। मतदान समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक व मतों की गिनती शाम 5 बजे पश्चात जीते हुए उमीदवार की घोषणा की जाएगी। यह चुनाव स्थानीय वार्ड -2 इमलीभाठा कहार भोई समाज भवन में होगा। उक्त जानकारी कहार भोई समाज महासमुंद राज के सचिव योगेश कश्यप ने दी है।

करणी कृपा पॉवर प्लांट पाइप लाइन के लिए किसानों की जमीन पर चलाया बुलडोजर

■ **विरोध करने वालों को भेजा जेल, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने ठेकेदारों और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप**

महासमुंद/नवप्रदेश। गोपालपुर एनीकट जो किसानों और पशुओं की निस्तारी के लिए बनाया गया था, उसके आसपास के गाँवों में करनी कृपा एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के पाइपलाइन ठेकेदारों ने आतंक मचा रखा है। बिना पंचायत प्रस्ताव, बिना ग्राम सभा की सहमति और बिना किसी वैधानिक अनुमति के ठेकेदार भारी मशीनों और ट्रकों से छोटे-छोटे गाँवों की सड़कों पर दौड़ लगा रहे हैं, कृषि भूमि की अवैध खुदाई कर रहे हैं और विरोध करने वाले किसानों-ग्रामीणों को खुलेआम धमकाया जा रहा है।

किसान नेता एवं किसान कांग्रेस के महासमुंद जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मानिक साहू ने कहा कि तुमगांव और आसपास के गांवों के किसान भय के साए में जी रहे हैं। ठेकेदारों के भारी वाहन गांव की संकरी सड़कों को तोड़ रहे हैं, फसलें बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन जब किसान विरोध करते हैं तो उन पर झूठे मामले दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। सबसे शर्मनाक घटना यह हुई कि जब गांव के कुछ लोग प्लांट के बाहर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित कर रहे थे, तब भी पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि वास्तविक दोषी ठेकेदार खुलेआम घूम रहे हैं। सरपंच पति को भी लूटपाट के झूठे केस में जेल भेज दिया गया। सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने ठेकेदारों का विरोध किया था।

साहू ने आगे कहा,की ग्रामीण थाने में शिकायत करते है लेकिन महासमुंद की पुलिस ठेकेदारों के इशारे पर ही चल रही है। किसान फोन करें तो पुलिस नहीं आती, ठेकेदार फोन करें तो तुरंत हाजिर होकर किसानों को ही धमकाने लगती है। यह लोकतंत्र नहीं, ठेकेदार-तंत्र है। गोपालपुर एनीकट किसानों की जीवनरेखा है, उसकी जल-स्तर को खतरे में डालकर सिर्फएक निजी प्लांट के लिए यह सब हो रहा है। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने चेतावनी दी है कि अगर अवैध खुदाई और किसानों पर दमन तत्काल नहीं रुका तो किसान कांग्रेस पूरे महासमुंद जिले में बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व और मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मानिक साहू ने आगे कहा है कि पिछले कई दिनों से लगातार गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। ग्रामीणों ने साहू को बताया है कि ठेकेदार अपनी मर्जी से सारे नियम कायदे कानून को तांक पर रख कर काम कर रहा है।

एसआईआर : बीएलओ के साथ घर-घर पहुंच रहीं जपं उपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर बीएलओ के साथ घर-घर पहुंच रही हैं, ताकि बचे हुए मतदाताओं को प्रेरित किया जा सके। जनपद क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को जनपद उपाध्यक्ष हुलसी की सक्रिय भागीदारी से एक नई दिशा मिली है। वंचित (पेंडिंग) मतदाता फॉर्मों को सीमित समय-सीमा में जमा कराने के लिए हुलसी ने स्वयं व्यक्तिगत संपर्क की रणनीति अपनाई है।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकरण से न चूके। इस दौरान, वह नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य याद दिलाते हुए चुनाव आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

बेलसोंडा में 1,284 फॉर्म ऑनलाइन होना शेष

जनपद उपाध्यक्ष का विशेष ध्यान ग्राम पंचायत बेलसोंडा पर केंद्रित है, जहां चार बूथों पर फॉर्म ऑनलाइन करने की प्रगति धीमी है। कुल 3,182 मतदाताओं वाले इन चार बूथों में से अब तक केवल 1,898 फॉर्म ही ऑनलाइन किए जा सके हैं। अभी भी 1,284 फॉर्म ऑनलाइन होने बाकी हैं, जिन पर अब विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बूथ 133 में सर्वाधिक 465 फॉर्म लंबित हैं, जहाँ 963 मतदाताओं में से 498 फॉर्म ऑनलाइन हुए हैं। बूथ 132 में 577 मतदाताओं के मुकाबले 308 फॉर्म ऑनलाइन हुए हैं, जिससे 269 फॉर्म लंबित हैं। बूथ 135 में 924 मतदाताओं में से 332 फॉर्म अभी भी बाकी हैं। बूथ 134 में 718 मतदाताओं में से 500 फॉर्म ऑनलाइन हो चुके हैं, जिसके साथ 218 फॉर्म शेष हैं। उन्होने नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही इस अभियान को सफलता मिलेगी और मतदाता सूची को जल्द ही अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

श्रीमद्भागवत सुनने उमड़ रही भीड़

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम मरार कसहीबाहरा में मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन पुराना दुर्गा चौक स्थित सिद्धेश्वर पारा में किया जा रहा है। यहां मद् भागवत कथा के छठवें दिन सुदामा चरित्र को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कथावाचक भागवताचार्या पंडित हरिओमशरण तिवारी हैं। कथा श्रवण करने ग्रामवासियों की भीड़ जुट रही है। कथा के दौरान पूर्व सरपंच कमलनारायण साहू, साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र उपाध्यक्ष खिलेश लाला साहू, सतीश साहू, दिनेश कुमार साहू, तिलक, पप्पू साहू, सरपंच 1 संगीता गुणनिधि पटेल, पारस साहू, छगन चंद्राकर, निलेश्वरी चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, भूखन पटेल, ढीलू चंद्राकर नेपाल, कीर्ति भट्ट, समेत समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं।

छात्रों ने राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए दिया पांचवा टेस्ट

महासमुंद/नवप्रदेश। नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को पांचवा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट पेपर दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण का हुआ, जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पांचवा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दी । 08 टेस्ट के क्रम में छठवा टेस्ट पेपर मेगा टेस्ट -1 का आयोजन 14 दिसंबर रविवार को (भारत का सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन) का टेस्ट होगी। साव ने आगे कहा कि आगे टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

प्रदेश में हो रहा विकास, गरीबों को मिल रहा आवास : विधायक

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत स्वीकृति पत्र एवं अनुज्ञा पत्र का हुआ वितरण**

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नगर पालिका महासमुंद द्वारा सोमवार को स्थानीय टाऊन हॉल में अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हितग्राहियों को शुभकामनाओं के साथ अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष हरवंश सिंह (नानू भाई), पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, शहर मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा भाजपा नेतागण मनीष शर्मा, राजू चंद्राकर, हफीज कुरैशी, हनीश बग्गा, शरद मराठा पार्षदगण भाऊराम साहू, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, कल्पना सूर्यवंशी, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, सीता डोंडेकर, माधुरी धनीराम यदु, धनेश्वरी सोनवानी, मुन्ना देवार, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, जितेंद्र ध्रुव, सूरज नायक सहित अन्य उपस्थित थें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने केंद्र एवं राज्य की लोक कल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त हितग्राहियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहर में आज 50 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनुज्ञा पत्र दिया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 141 लाख रुपए होगी। हर परिवार का सपना होता है ।

अन्य अतिथियों ने भी दी बधाई

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ के तुरंत बाद प्रदेश के 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने की स्वीकृति दी। परिणाम स्वरुप आज शहर की जनता को लाभ मिल रहा है। भाजपा की केंद्र एवं राज्य की सरकार गरीब जनता के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने भी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य की सरकार पहले से राशि बढ़ाकर दे रही है। अब आवास निर्माण के लिए दो लाख 50 हजार रुपए 4 किश्तों में दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने राज्य में आवास के हितग्राहियों के लिए गृह प्रवेश योजना के अंतर्गत 18 माह के अंदर आवास बनाने वाले परिवार को गृह प्रवेश के समय लगभग 32 हजार रूपये अतिरिक्त दिया जाएगा। कुल 2 लाख 82 हजार रुपए प्राप्त होगा।

निधन : भामी अम्मा माखीजा

नवापारा राजिम। पूज्य सिंध समाज नवापारा राजिम की सबसे वयोवृद्ध भामी अम्मा माखीजा धर्मपत्नी स्व. मंगूमल माखीजा अपनी इस लोक की 105 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर देवलोक गमन किया है। स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

दरवाजा खटखटा कर टंगिया से किया वार

महासमुंद/नवप्रदेश। सड़क में ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। लाफिन खुर्द के नागेश्वर साहू ने थाने में शिकायत की है कि 28 नवंबर की दोपहर करीब 12 बजे ट्रैक्टर में धान भरकर खेत से घर आ रहे थे, तभी गांव के प्रवेश द्वार के पास साइड देने के लिए चालक ने ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा किया। इसी दौरान गांव के संतोष विश्वकर्मा अपने एक साथी के साथ आया और ट्रैक्टर को बीच सड़क में खड़ा कर दिए हो कहकर वाद -विवाद कर आगे बढ़ गया। बाद उसने अपने भाई की दुकान के पास ट्रैक्टर को रूकवाया और गाली -गलौज कर धक्का-मुक्की की ,फिर रात करीब 10 बजे किसी ने दरवाजा खटखटाया।

भूरका के श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम भूरका में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भागवत भगवान की पूजा - अर्चना कर कथा वाचक का फल भेंटकर आशीर्वाद लिया तथा समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उक्त आयोजन ग्राम भूरका निवासी मेघनाथ साहू परिवार द्वारा आयोजित की जा रही है। इस दौरान साहू ने कहा कि भागवत कथा श्रवण का अवसर सौभाग्य से मिलता है। कथा के प्रभाव से गाँव में सकारात्मकता का संचार होता है। आज कथा सुनने का अवसर मिला है, इसके लिए मैं आयोजनकर्ता का आभार व्यक्त करता हूँ। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में माताएं, ग्रामीण जन व बच्चे उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर 3 को विविध गतिविधियों का आयोजन

महासमुंद। दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उन्हें समान अवसर एवं अधिकार प्रदान कराने तथा उनके सामर्थ्य से समाज को परिचित कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 दिसंबर 2025 को प्रात: 9 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भलेसर रोड महासमुंद में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। जिसमें खेल-कूद प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टॉक शो, फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शामिल है। इसके साथ ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किया जाएगा।

विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद जांच शिविर 9 को

धरसीवां/नवप्रदेश। धरसिंवा क्षेत्र के आमजन के लिए एक बड़े स्वास्थ्य लाभ के अवसर के रूप में गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड, सिलतरा तथा एम.जी.एम. आँख का अस्पताल, रायपुर के तकनीकी सहयोग से विशाल निःशुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद जाँच तथा उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 09 दिसंबर 2025, दिन मंगलवार को महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, स्टेडियम के पास, ग्राम धरसिंवा में आयोजित होगा। यह शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा।

आयोजन समिति ने बताया कि इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों तक नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुँचाना है, जो आर्थिक या अन्य कारणों से समय पर उपचार नहीं करा पाते। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों की जाँच की जाएगी तथा जाँच के उपरांत योग्य मरीजों को उसी दिन एम.जी.एम. आँख का अस्पताल रायपुर ले जाकर मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा। मरीजों के आने-जाने, भोजन एवं ठहरने की समुचित व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई है, ताकि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। शिविर में पाए गए मोतियाबिंद के मरीजों का उपचार आधुनिक तकनीक से किया जाएगा। इसमें नवीनतम ढ्हरु लेंस का प्रत्यारोपण भी शामिल है, जिससे ऑपरेशन के बाद बेहतर दृष्टि प्राप्त हो सकेगी। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इससे ग्रामीण एवं जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिलेगी।

ऑपरेशन के लिए पंजीयन कराने वाले मरीजों को अपना मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और राशन कार्ड की फोटोकॉपी साथ लानी होगी। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि शिविर में केवल मोतियाबिंद ही नहीं, बल्कि सामान्य नेत्र रोगों की भी जांच की जाएगी। विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से अपील की गई है कि वे अवश्य अपनी आंखों की जांच कराएं, क्योंकि इस उम्र में आंखों से संबंधित समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है।

धान खरीदी ... ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से धान बेचने की प्रक्रिया आसान हुई : कृषक भागवत और शिवचरण

182 धान उपार्जन केन्द्रों में अब तक 97 हजार 213 मीट्रिक टन धान की खरीदी

महासमुंद/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। आज धान खरीदी का 12वां दिन है। जिले के सभी 182 धान उपार्जन केन्द्रों में आज दिनांक तक 97 हजार 213 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

इसी क्रम में जिले के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया धान उपार्जन केंद्र में विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी सुगमता से जारी है। झालखम्हरिया के केंद्र प्रबंधक भोजराम साहू ने बताया कि धान खरीदी का कार्य बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकांश किसान पहले से ही ऑनलाइन टोकन कटवाकर निर्धारित समय पर धान लेकर केंद्र पहुंच रहे हैं। इससे खरीदी प्रक्रिया तेज़, सरल और भीड़ रहित है।

झालखम्हरिया उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आए ग्राम मांगरा के किसान भागवत साहू ने 42 क्विंटल धान बेचकर खरीदी प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से उन्हें केंद्र पर इंतजार नहीं करना पड़ा और पूरी प्रक्रिया सहज रही। इसी तरह झालखम्हरिया के किसान शिवचरण साहू ने 107 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि वे निर्धारित समय पर पहुंचे और बिना किसी परेशानी के खरीदी प्रक्रिया संपन्न की। यहां पहुंचे अन्य किसानों ने बताया कि इस बार टोकन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है एवं ऑनलाइन है। तौलाई सही हो रही है, बारदाने की कोई कमी नहीं है और सरकार की व्यवस्थाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। कृषक भागवत एवं शिवचरण सहित अनेक किसानों ने ऑनलाइन टोकन व्यवस्था व खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए राज्य शासन की सराहना करते हुए धन्यवाद किया है।

न्यूज गैलरी

भाजयुमो ने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान में दिखाई सक्रियता

धमधा/ नवप्रदेश। भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान तथा भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धमधा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उल्लेखनीय सक्रियता दर्ज कराई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विभिन्न बूथों पर पहुँचकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर रहे हैं और मतदाताओं को फार्म भरने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

अभियान के दौरान भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरुणि दानी ने भी कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, बीएलओ के कार्यों तथा सूची में सुधार की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। अरुणि दानी ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों का नाम सूची में जोड़ा जाए और फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा न रहे।भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मतदाताओं को फार्म 6 (नया नाम जोड़ने), फार्म 7 (नाम हटाने) और फार्म 8 (सुधार हेतु) के बारे में जानकारी दी तथा आवश्यक दस्तावेज भरवाने में मदद की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अद्यतन और सटीक मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है, इसलिए संगठन बूथ स्तर पर पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। अभियान के दौरान आदर्श शर्मा, तुषार राजपूत, जितेंद्र साहू, अक्षत राजपूत, गिरधारी साहू, तुकेश सोनवानी, डिसेन सिन्हा सहित अनेक भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

विमानतल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा नेता अशोक बजाज ने किया स्वागत

नवापारा राजिम। लगातार तीन दिनों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मसलों पर गहन मंथन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी रायपुर से 30 नवंबर को शाम नई दिल्ली वापस लौटे। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय एवं भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज के परिचय देने के पूर्व नाम से पुकारा तथा कुछ पल रुककर आत्मीयता से चर्चा की।

एसआईआर अभियान को लेकर विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

SIR- सांसद विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की समीक्षा

गरियाबंद / नवप्रदेश। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर रविवार को राजिम विधानसभा स्तरीय बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही राजिम विधायक रोहित साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, मंडल पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में स्क्रूटनी अभियान के सफल और निष्पक्ष क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बूथ स्तर पर मतदाता सूची में अनियमितताओं, नाम जुड़वाने और हटवाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे।

बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचक नामावली लोकतंत्र की सबसे मजबूत आधारशिला है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि किसी पात्र मतदाता का नाम छूट न जाए और किसी अपात्र का नाम गलत तरीके से दर्ज न हो। भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देंगे।

बैठक में विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधानसभा के हर गांव, हर वार्ड और हर बूथ पर हमारा कार्यकर्ता सक्रिय है। स्क्रूटनी सिर्फ चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता के सही प्रतिनिधित्व का माध्यम है। हम सबको यह सुनिश्चित करना है कि नया वोटर बने, छूटे हुए नाम जोड़े जाएं और एक भी पात्र नागरिक वंचित न रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और घर-घर संपर्क अभियान चलाने पर जोर दिया।

इसके पहले जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर यह अभियान महत्वपूर्ण है। संगठन के हर मोर्चा, प्रकोष्ठ और बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर प्रभावी कार्य करते हुए मतदाता सूची को शुद्ध, पूर्ण और अद्यतन बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर समय पर प्रपत्र भरवाने और लोगों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने में मदद करने की अपील की।इस अवसर पर बैठक में राजिम विधानसभा के बीएलए मुरलीधर सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जिप उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिप सदस्य लेखराम ध्रवा, शिवांगी चतुर्वेदी, जिला महामंत्री द्वय आशीष शर्मा, चंद्रशेखर, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मिलेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, धनराज विश्वकर्मा, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, रामलाल कुलदीप, रमेश सिन्हा, टीकम साहू, धनंजय नेताम, गोविंद तिवारी, परमेश्वर सेन, पुरुषोत्तम रुच, विष्णु मरकाम, पुष्पा साहू, देवकी साहू, संजू साहू, यश मिश्रा उपस्थित रहें।

जिले की सभी उपार्जन केन्द्र से आज 13900.40 क्विंटल हुई धान खरीदी

कृषि नीति ने बदला ग्रामीण अर्थव्यवस्था

जिले में किसानों की धान उपज का सुनियोजित और पारदर्शी तरीके से समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार की कृषि नीतियां केवल कागज पर नहीं, बल्कि धरातल पर मजबूत परिणाम दे रही हैं। खरीदी व्यवस्था की दक्षता, भुगतान की पारदर्शिता, टोकन प्रणाली की विश्वसनीयता और प्रशासन की सक्रियता के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थायी परिवर्तन आया है।

एमसीबी/ नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय ने किसानों को वह सम्मान मिला है जिसकी वे प्रतीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रुपए प्रति क्विंटल के अभूतपूर्व समर्थन मूल्य ने कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा, विश्वास और आर्थिक मजबूती का संचार किया है। इस खरीदी व्यवस्था से न सिर्फकिसानों को आर्थिक लाभ मिला है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापारिक गतिविधियां तेज हुई हैं, कृषि उपकरणों की खरीद बढ़ी है, पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति सुलभ हुई है और किसान स्वावलंबन की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में जाने से पारदर्शिता और त्वरित आर्थिक लाभ सुनिश्चित हुआ है।

आज जिले के इन 25 उपार्जन केंद्रों में हुई धान खरीदी

आज मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार धान खरीदी बेहद सफल और सुचारू रही। आज जिले में कुल 273 टोकन दर्ज किए गए जिनमें से समिति द्वारा 240 और टोकन एप्प के माध्यम से 33 टोकन जारी किए गए थे। समिति द्वारा कुल 11768.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई तथा टोकन एप्प द्वारा 2131.60 क्विंटल धान खरीदी की गई, इस प्रकार आज कुल प्राप्त धान की मात्रा 13900.40 क्विंटल रही। उपार्जन केन्द्रवार खरीदी का पूरा विवरण इस प्रकार है - कछौड़ उपार्जन केन्द्र में 6 टोकन से 296.80 क्विंटल, कमर्जी उपार्जन केन्द्र में 8 टोकन से 383.40 क्विंटल, केल्हारी उपार्जन केन्द्र में 27 टोकन से 1066.80 क्विंटल, कोटाडोल उपार्जन केन्द्र में 9 टोकन से 404.00 क्विंटल, रापा उपार्जन केन्द्र में 6 टोकन से 220.40 क्विंटल, कटकोना उपार्जन केन्द्र में 12 टोकन से 618.00 क्विंटल, कोड़ा उपार्जन केन्द्र में 15 टोकन से 695.60 क्विंटल, कौड़ीमार उपार्जन केन्द्र में 19 टोकन से 758.80 क्विंटल, खड़गवां उपार्जन केन्द्र में 19 टोकन से 790.80 क्विंटल, बरदर उपार्जन केन्द्र में 11 टोकन से 600.00 क्विंटल, रतनपुर उपार्जन केन्द्र में 6 टोकन से 344.00 क्विंटल, सिंगहत उपार्जन केन्द्र में 4 टोकन से 230.40 क्विंटल, कंजिया उपार्जन केन्द्र में 7 टोकन से 466.40 क्विंटल, कुवांरपुर उपार्जन केन्द्र में 14 टोकन से 823.60 क्विंटल, घुटरा उपार्जन केन्द्र में 13 टोकन से 402.40 क्विंटल, कठौतिया उपार्जन केन्द्र में 11 टोकन से 437.20 क्विंटल, चैनपुर उपार्जन केन्द्र में 12 टोकन से 592.40 क्विंटल, बंजी उपार्जन केन्द्र में 9 टोकन से 518.40 क्विंटल, जनकपुर उपार्जन केन्द्र में 25 टोकन से 906.80 क्विंटल, बहरासी उपार्जन केन्द्र में 7 टोकन से 408.00 क्विंटल, डोड़की उपार्जन केन्द्र में 5 टोकन से 171.20 क्विंटल, नागपुर उपार्जन केन्द्र में 12 टोकन से 443.60 क्विंटल, बरबसपुर उपार्जन केन्द्र में 14 टोकन से 592.40 क्विंटल, माड़ीसरई उपार्जन केन्द्र में 17 टोकन से 920.00 क्विंटल और सिंगरौली उपार्जन केन्द्र में 17 टोकन से 809.00 क्विंटल की खरीदी दर्ज की गई।

विश्व एडस दिवस पर छात्र-छात्राओं ने नगर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया

गरियाबंद / नवप्रदेश। स्थानीय शैक्षणिक संस्थान-इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंसेस, डिपार्टमेंट ऑफ नर्सिंग, एवं प्रेरणा कॉलेज ऑफ फॅमेसी गरियाबंद के छात्र-छात्राओं द्वारा आज दिनांकः 01/12/2025 विश्व एडस दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं के अतिरिक्त जिला एडस नियंत्रण, पुलिस प्रशासन जिला गरियाबंद के संयुक्त तत्वाधान में आज नगर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय परिसर से गरियाबंद नगर में विश्व एडस दिवस के उपलक्ष्य में जन-जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लगभग महाविद्यालय के 500 छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक श्री बी.पी. वर्मा, श्री मनोज सिन्हा, श्री पवन भारद्वाज, सुश्री कांति रूव, श्री राहुल राठौर, श्री चुनेश सेन, सुश्री सुस्मिता साहू, श्रीमती दीप्ति वर्मा, सुश्री मालती पटेल, श्री तृप्त कुमार पाण्डेय, श्री कृष्णा राजपुत ने किया। नगर भ्रमण करते हुए रैली सिटी कोतवाली थाना में थाना प्रभारी श्री यादव जी द्वारा रैली का स्वागत किया गया, वही संक्षिप्त सभा को डी.एस.पी. महोदया नेहा सिन्हा व अन्य पुलिस अधिकारियों ने संबोधन किया।

रैली के साथ नुकड नाटक का भी विशिष्ट आयोजन बाजार चौक, बस स्टैण्ड में किया गया, नुकड नाटक में एडस से बचाव एवं जानकारी जागरूकता पर जिला एडस नियंत्रण अधिकारी डॉ. अमन हुमने, डॉ. देवेन्द्र साहू, टिकेश कुमार साहू, श्रीमती सतरूपा चन्द्राकर ने संबोधित किया।

विभागीय लापरवाही से अटका 242 करोड़ के लमती नाला बैराज का टेंडर

तीन माह पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था भूमिपूजन

खैरागढ़ /नवप्रदेश।। खैरागढ़, डोंगरगढ़ सहित राजनांदगांव इलाके के 22 गांवों को सिंचित करने बहुप्रतीक्षित योजना लमती नाला बैराज निर्माण योजना विभागीय लापरवाही के चलते तीन माह से टेंडर प्रक्रिया में ही उलझी पड़ी है । तीन माह पहले इसके निर्माण प्रक्रिया के लिए टेंडर जारी किया गया था प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अब तक इसके टेंडर नही खुल पाए है । जिससे लमती नाला बैराज योजना फाइलो मे ही अटकी है । योजना के सफ्ल क्रियान्वयन के लिए इसका भूमिपूजन अगस्त मे जिला मुख्यालय पहुँचें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिपरिया मे किया था । 242 करोड़ की इस महती योजना से इलाके मे सिंचाई क्षमता मे बढ़ोत्तरी होनी है तो वर्षों से सिंचाई सुविधा के लिए तरस रहे कई गांवो को इसका सीधा लाभ मिलना है । योजना के तहत मप्र, महाराष्ट और छग सीमा पर लमती नाला मे बैराज का निर्माण होना है । प्रधानपाठ बैराज की तर्ज पर बनने वाले इस योजना की प्रशासकीय स्वीकृति जूलाई 24 मे मिली थी । 2018 मे इसका सर्वे पूरा किया गया था । अधिकारियो को इसके कार्य की जवाबदारी सौंपी गई थी लेकिन आनन फनन मे किए गए कार्य के बाद मुख्यमंत्री साय के हाथो भूमिपूजन करवाए जाने के बाद भी जलसंसाधन विभाग इसके टेंडर प्रकि या को पूरी नही कर पाया है ।

खैरागढ़ राजनांदगांव जिले में होगी सिंचाई

लमती नाला बैराज निर्माण कार्य होने के बाद इसमे 9 एमसीएम पानी का स्टोरेज किया जा सकेगा । बैराज का कुलकैचमेंट एरिया115 वर्ग किमी निर्धारित है । लमतीनाला बैराज से सिंचाई के लिए बारहमासी पानी किसानो को मिल सकेगा । बैराज निर्माण से खैरागढ़ इलाके के भंडारपुर, जवाबाधपुर, मुढीपार सहित राजनांदगांव जिले के अविभित क्षेत्र बिजनापुर, भुढ़िया, तेंदुभाठा, बसंतपुर, केशली, पैलुकसपुरी, मनकी, खुड़खुड़ी, पुरैना, कोठियापुरी, जारवाही, टेकचा, सिवनीकला, मोहारा, सहसपुर, सलटिकरी, अलिया, रूआताला, नवागांव, पेंडरी, बिल्हारी, कसारी, बखली, धनगांव, टिकरापारा टोला, सुकू लटैहान जैसे इलाके सिंचाई सुविधा से परिपूर्ण होंगे ।

साहू संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू,जिला अध्यक्ष भागवत साहू,विधायक भोलाराम साहू व पूर्व विधायक छन्नी साहू सम्मिलित हुए,

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ के निर्वाचन उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह पालन परिपेक्ष्य में तहसील साहू व नगर साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वाधान में नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन पूरे हर्षोल्लास से मां कर्मा तहसील साहू भवन डोंगरगांव में वृहद रूप से आयोजित हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू व कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने किए।प्रमुख अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा विधायक भोलाराम साहू,पूर्व खुज्जी विधानसभा विधायक छन्नी साहू तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला महामंत्री नीलमणि साहू,सरंक्षक कमल किशोर साहू, नोबल साहू ,मदन साहू,अमरनाथ साहू ,चंद्रशेखर साहू,तहसील संरक्षक हेमंत साहू,संगठन सचिव माधव साहू, रविकुमार साहू लविंद्र साव थे। मां कर्मा के सामूहिक पूजन अर्चन व अतिथि स्वागत पश्चात जिला अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा नव निर्वाचित तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शिवराम साहू,उपाध्यक्ष गणेश साहू व डेहरीन साहू,संगठन सचिव कोमल साहू व पूनम साहू,सचिव कृष्ण कुमार साहू,कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार,सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजकों को शपथ ग्रहण कराया गया।इसी क्रम में तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू द्वारा नगर साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल साहू,उपाध्यक्ष नामदेव साहू व हंसू साहू,संगठन सचिव घनश्याम साहू व लोकेश्वरी साहू,सचिव उमेश कुमार कोषाध्यक्ष ताम्रध्वज साहू सहित प्रकोष्ठ के संयोजकों को भी शपथ ग्रहण कराया गया।शपथ ग्रहण के इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए पूर्व प्रशासनिक सचिव लविंद साव ने अतिथियों को उद्बोधन के लिए आमंत्रित किए। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को सामाजिक नियमावली का पालन करते हुए एकता और अखंडता के साथ विकसित समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।कार्यक्रम को विधायक भोलाराम साहू,पूर्व विधायक छन्नी साहू,सरंक्षक किशोर साहू ने क्रमशः संबोधित करते हुए निस्वार्थ भाव से दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा देते हुए समस्त निर्वाचित पदाधिकारी गणों को शुभकामनाएं प्रेषित किए।शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफ्लतापूर्वक संचालन पूर्व प्रशासनिक सचिव तहसील साहू संघ लविंद साव व गुमान साहू ने किए।आभार प्रदर्शन तहसील साहू संघ के सचिव कृष्ण कुमार साहू ने किए तथा विशेष सहयोग पूर्व तहसील सचिव धनराज साहू का प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तहसील साहू संघ डोंगरगांव के समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में बेलस साहू,मीलू राम साहू,हकीम साहू,नवल किशोर साहू,धनेंद्र साहू,रोहित साहू,गिरधारी साहू,हेमंत साहू,भारत साहू,संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ घनश्याम साहू, धनेन्द्र साहू ओमकार साहू,रामकुमार साहू,अमरोतन साहू,तिलक राम साहू,भारतलाल साहू, महेन्द्र बघेल, भारत साहू लालदास साहू भोज साहू,मनसुख साहू,सुनीता साहू,नीलम साहू,सवल दास साहू,राधेश्याम साहू,दयालु साहू,मन्नू लाल,रमेश कुमार,दुमन लाल,गोपेन्द्र साहू बिसनाथ साहू,यादव राम साहू,संध्या साहू,रेणुका साहू, आदि।

4.29 करोड़ की लागत से बनने वाले क्रॉस रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन किया

कुरूद/ नवप्रदेश। कुरूद विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम चरमुड़िया में महानदी मुख्य नहर पर 4.29 करोड़ की लागत से बनने वाले क्रॉस रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन व शुभारंभ किया. साथ ही क्षेत्रवासियों से कहा कि इस परियोजना के शुरू हो जाने पर पानी का हर एक बूंद किसानों का सहारा बनेगा।

बुधवार को विधायक चंद्राकर ने कुरुद शहर से लगे हुये ग्राम चरमुड़िया मुख्य नहर पर इस दूरदर्शी और जन कल्याणकारी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि सही समय पर फसल को सही मात्रा में पानी पहुंचाना, किसानों के लिए अतिआवश्यक होता है. जब पानी की जरूरत ज्यादा होती है तो जल बंटवारे का विवाद भी पनपने लगता है।

इन्हीं सब समस्याओं से क्षेत्र के किसानों को निजात दिलाने भाजपा की साय सरकार ने महानदी मुख्य नहर के आर डी 28.89 कि.मी. पर क्रास रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य के लिए 4.29 लाख करोड़ की राशि स्वीकृत की है. जिसके निर्माण से न केवल किसानों को समय पर जरूरत के हिसाब से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को पेयजल समस्या से भी निजात मिलेगी।

सरकारी नौकरिया

कृषि उत्पादन को मिलेगी नई गति

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अन्नदाता है और जिसके तरक्की से प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का सपना पूरा होगा. उन्होंने किसानों से जैविक और आधुनिक खेती कर कृषि लागत में कमी कर किसानी में नवाचार करने की बात कही. उन्होंने उन्नतशील कृषकों का भी जिक्र कर प्रशंसा की, जो खेती में नवाचार कर क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं. अंत में क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि आगामी वर्षों में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, क्षेत्रवासियों को सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था और कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी।

क्या है? क्रास रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण-क्रॉस रेगुलेटर एक हाइड्रोलिक संरचना है, जो मुख्य नहर के आर-पार बनाई जाती है, ताकि ऑफ्टेक नहरों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके. भले ही मुख्य नहर में प्रवाह कम हो. यह मुख्य नहर के भीतर जल स्तर को बढ़ाकर काम करता है, जिससे ऑफ्टेक चैनल में पर्याप्त पानी पहुँच सके. इसके अतिरिक्त, यह नहर प्रणाली में उत्तार-चढ़ाव को नियंत्रित कर सकता है और सड़क या राजमार्ग के ऊपर से गुजरने का मार्ग भी प्रदान कर सकता है.

जिले में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

गरियाबंद / नवप्रदेश। समर्पित संस्था के सहयोग से संचालित (न्याय तक पहुंच) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले में 100 दिवसीय अभियान बनाएगा बाल विवाह मुक्त भारतज्ज् के प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायत डोंगरी गांव में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन तथा ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई और यह शपथ दिलाई गई कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों का विवाह नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 2 वर्ष तक की कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

समर्पित संस्था के संचालक डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि– समाज का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक होगा तभी हम बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त कर सकेंगे। बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य हेतु यह कदम बेहद आवश्यक है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नीति आयोग के श्री मोहम्मद शरीब, सोशल वर्कर सुश्री नंदिनी ध्रुव एवं वेद देवांगन का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा।

‘सरकार बीते 11 वर्षों से लगातार संसदीय मर्यादा और व्यवस्था को रौंद रही’ : मल्लिकार्जुन खड़गे

■ ‘खुद नारे लगा रहे और हमें नारे न लगाने की सलाह दे रहे’

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ‘आम आदमी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता और देश के संसाधनों की लूट से जूझ रहा है। जो लोग सत्ता में हैं, वे ड्रामेबाजी का खेल खेल रहे हैं और सत्ता के अहंकार से भरे हैं।’ खरगे ने कहा, ‘एसआईआर प्रक्रिया में काम के बोझ के कारण बीएलओ लगातार जान दे रहे हैं। विपक्ष, वोट चोरी सहित अन्य मुद्दों को प्राथमिकता देना चाहता है और संसद में हम इसे लगातार उठाएंगे।’

प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, जब भी आप कोई बयान दें तो कम से कम ये सोचकर बोलें कि आप लोग क्या कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नारेबाजी की बात करते हैं, लेकिन ‘मोदी-मोदी’ के नारे लगाकर भाजपा ने ही शुरू की। जब पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेता प्रधानमंत्री थे, क्या तब ऐसी चीजें होती थीं? क्या लोग सदन में घुसते समय उनके नाम के नारे लगाते थे? विपक्ष का काम सरकार की नीतियों की आलोचना करना है।

यहां ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए

संसद सत्र की शुरुआत में मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ‘मेरा आग्रह रहेगा कि संसद में चर्चा को गंभीरता से लें, ड्रामा करने के लिए बहुत जगह होती है, जिसे करना है करता रहे, यहां ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। नारे के लिए पूरा देश पड़ा है, जहां हारे वहां बोल चुके और जहां हारने जा रहे हैं, वहां भी बोल लेना। यहां नारे नहीं नीति पर बात होनी चाहिए। हो सकता है कि राजनीति में नकारात्मकता कुछ काम आती होगी लेकिन राष्ट्र निर्माण की सोच भी होनी चाहिए। नकारात्मकता को मर्यादा में रखकर राष्ट्र निर्माण पर ध्यान दें।’

ड्रामा खत्म करके असल मुद्दों पर चर्चा करें : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है। खरगे ने कहा कि ‘सरकार बीते 11 वर्षों से लगातार संसदीय मर्यादा और व्यवस्था को रौंद रही है और ऐसी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त मौजूद है।’ खरगे ने लिखा, ‘भाजपा को अब लोगों का ध्यान भटकाने वाले इस ड्रामे को खत्म करके संसद में असल मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए और लोगों का सामना करना चाहिए।’

‘संसद में जनता के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं’

पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, ‘चुनाव की स्थिति, एसआईआर, प्रदूषण बड़े मुद्दे हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। संसद फिर किसलिए हैं? ये कोई ड्रामा नहीं है। मुद्दों को उठाना और उन पर बात करना ड्रामा नहीं है। जनता के लिए अहम मुद्दों पर लोकतांत्रिक चर्चा कोई ड्रामा नहीं है।’

सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई को आदेश

डिजिटल अरेस्ट घोटाले की जांच करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज सीबीआई को अहम निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने देश की संघीय जांच एजेंसी से कहा कि वह पहले अखिल भारतीय स्तर पर सामने आ चुके डिजिटल अरेस्ट घोटाले के मामलों की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी राजनीतिक दलों के शासन वाले राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों से भी डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को अनुमति देने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े मध्यस्थों को भी निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों से संबंधित घटनाओं की जांच में सीबीआई को पूरा विवरण मुहैया कराएं और सहयोग भी प्रदान करें। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि जांच एजेंसी टैक्स के पनाहगाह विदेशी ठिकानों और देशों से संचालित साइबर पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता ले।

अदालत रिजर्व बैंक से भी तीखा सवाल पूछा

साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के इस अतिसंवेदनशील मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भी नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने पूछा कि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग तकनीक का

कोलकाता में बीएलओ का भारी विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी। बीएलओ का दावा- एसआईआर प्रक्रिया के चलते अमानवीय तनाव झेलना पड़ रहा। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के चलते उन्हें अमानवीय तनाव झेलना पड़ रहा है।

गठबंधन धर्म का पालन करें : शिंदे

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव के बाद जब देवेंद्र फडणवीस को राज्य की कमान मिली और एकनाथ शिंदे को डिप्टी पद से संतोष करना पड़ा, तभी से कयास लगाए जाने लगे थे कि आने वाले दिनों में राज्य की सियासत किसी भी करवट बैठ सकती है।

लखनऊ में डॉ. शाहीन के घर पर एनआईए की छापेमारी

लखनऊ। दिल्ली धमाकों से जुड़े संदिग्धों की जांच के लिए सोमवार को एनआईए की टीमों ने कश्मीर से लेकर लखनऊ तक आठ जगहों पर छापेमारी की। लखनऊ में एनआईए की टीम लखनऊ के खंदारी बाजार स्थित डॉ. शाहीन शाहिद के पिता के आवास पर जांच करने पहुंची।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फौहराज साहू पिता कन्हैयालाल साहू निवासी ग्राम कारेसरा तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम कारेसरा प.ह.नं.03 तहसील थानखम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 603/2 रकबा 0.1800 हेक्ट. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ हेतु बी-1, नक्शा खसरा में आवेदन पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 03/12/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा,जिला- बेमेतरा**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 26311 दिनांक 01-12-2025
वार्ड का नाम- 42 महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR662K0434B जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती RADHESHYAM YADU पिता /पति श्री/श्रीमती NARAYAN YADU के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती UMA YADU पिता / पति श्री/श्रीमती LT. ANUP YADU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SAH-MATI PATRA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
**(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 26307 दिनांक 01-12-2025
वार्ड का नाम- 41 पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566F00392 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती JANGLI YADAV पिता /पति श्री/श्रीमती DOMAJI YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती RAJESH KUMAR VAGHADE पिता / पति श्री/श्रीमती JANGLI RAM VAGHADE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / MALBA-BIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
**(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 26308 दिनांक 01-12-2025
वार्ड का नाम- 41 पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566F00393 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती JANGLI YADAV पिता /पति श्री/श्रीमती DOMAJI YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती PRABHAKAR VAGHADE पिता / पति श्री/श्रीमती JANGLI RAM VAGHADE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / MALBA-BIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
**(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर -
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 26309 दिनांक 01-12-2025
वार्ड का नाम- 42 महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR662K0270A जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती DULARI BAI PATEL पिता /पति श्री/श्रीमती LT. CHHOTU RAM PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती USHA PANDYA, BHAVIK BHANDYA पिता / पति श्री/श्रीमती BHARAT PANDYA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृपा विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
**(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202510104700035
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुपम कुमार त्रिपाठी आ. श्री आनंद कुमार त्रिपाठी 2. श्रीमती रानू तिवारी ध.प. श्री अनुपम कुमार त्रिपाठी निवासी- क्वा नंबर 12ए, सड़क नंबर 06, सेक्टर 10, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा कुटेलाभाठा प.ह.नं. 13. रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 73, 74, 75/1, 75/2, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 92, 93/1 एवं 93/3 समस्त खसरों का भाग रकबा 600.00 वर्गफीट भूमि को विक्रेता सी.जी. हाउसिंग कम्पनी द्वारा पार्टनर सूरज चौहान आत्मज श्री अजय चौहान से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 27/06/2022 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202510104700036
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुदिप्ता बिस्वास घ.प. श्री परिमल बिस्वास 2. श्री पीयूष बिस्वास आ. श्री परिमल विस्वास निवासी क्वा नंबर 265/ए. टाईप 2 पी, ए(एम) टाउनशिप, राजहरा छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा- खम्हरिया प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 15001/1 रकबा 1743.00 वर्गफीट भूमि को विकेता चौहान (चौहान गीन वैली), अपोजिट चौहान टाउन, प्रोपराईटर श्री अजय चौहान आत्मज स्व. श्री विपत उर्फदीपेश्वर चौहान से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 16/07/2024 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश जैन पिता बाबूलाल जैन निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम देवकर प.ह.नं. 28 तहसील देवकर स्थित भूमि ख.नं. 1199/6 रकबा 0.0100 हेक्ट. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु बी-1, नक्शा खसरा में आवेदन पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 03/12/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा,जिला- बेमेतरा**

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (TRANS.) QTR. NO.-C-08/11, FIRST FLOOR, DANGANIYA, RAIPUR (C.G.) -492 013
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450

No.02-19/Tender/P-109/1057 Raipur, Dtd: 01.12.2025

NOTICE INVITING TENDER (Through e-bidding in SAP SRM System)

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following work:-:-

Sl. No.	Tender No.	Particulars of works	Quantity	E.M.D. (in Rs.)	Due date of opening
1	02-19/ Tender/ P-109/1057 Dtd.01/12/2025 (RFx No. 8100047939	Tender for deployment of 06 Nos paramedical staff on outsourcing basis in CSPTCL, Dispensary Bhilai -3 for a period of 01 year.	Staff Nurse - 02 No. Dresser - 01 No. Pharmacist - 02 No. Lab Technician - 01 No	Rs. 15,131/-	24/12/2025 14:30Hrs.

Note: Other terms & condition, details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

Executive Director (Trans.) CSPTCL: Raipur (C.G.)

SAVE ELECTRICITY S-46082/3

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा जिला - सुकमा (छ.ग.)

क्र./1716 /लो.नि.वि. / 2025-26 सुकमा, दिनांक 28/11/25

// कॉर्रिगेंडम मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् सुकमा जिला सुकमा छ.ग. के कार्यालयीन पत्र क्रमांक / 1613/लो.नि.वि./2025-26 सुकमा, दिनांक 14/11/2025 के तहत् मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसमें आंशिक कॉर्रिगेंडम करते हुए कुल 40 भिन्न-भिन्न निर्माण कार्यों का पृथक-पृथक, निम्नानुसार तिथि में निविदा आमंत्रित किया जाता है, जिसकी कुल राशि 330.84 लाख है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि- 05.12.2025 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि- 09.12.2025 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- 12.12.2025 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि- 12.12.2025 4.00 बजे

टीप :- 1. निर्माण कार्यों की आमंत्रित निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं कार्यों की सूची कार्यालयीन अवधि पर कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा जिला सुकमा छ.ग. में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।
2. उक्त आमंत्रित निविदा में कुल 40 भिन्न-भिन्न कार्यों की पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। सभी 40 निर्माण कार्य में से प्रत्येक निर्माण कार्य की लागत राशि 10.00 लाख से कम है। जो कि निकाय के सभी 15 वार्डों में स्वीकृत कार्यों की सूची अनुसार विभिन्न अलग-अलग स्थानों में कराया जाना है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सुकमा, जिला - सुकमा (छ.ग.)**

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र 12 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक/2186/निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2025-26 कबीरधाम दिनांक 28/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में "द" श्रेणी एवं उच्च वर्ग एवं विद्युत विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 17.12.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2	3
1	विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु	20.00
2.	विकासखण्ड पण्डरिया अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु	20.00
3.	विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु	20.00
4.	विकासखण्ड स.लोहारा अंतर्गत जोनल निविदा आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु	20.00

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://cg.nic.in/resworks में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थिति होकर दिनांक 01.12.2025 से देखी जा सकती है।

**(सुरेन्द्र कुमार पटेल)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

जी-252605126/2

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202511101000045
/ब-121/वर्ष 2025-26

इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202511101000045/ब-121 वर्ष 2025 26 आवेदक प्रदीप सदाशिव मलगावकर आ. सदाशिव मलगावकर निवासी ए.सी.सी. कॉलोनी जामुल दुर्ग द्वारा ग्राम कुरूच प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1053/30 रकबा 2400 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। का आवासीय प्रयोजनार्थ पुनर्निर्धारण आदेश पारित किया गया है, जो वर्तमान में कृषि भूमि दर्ज है। जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि दर्ज किए जाने में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.11.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202511101000216
/अ-6 अ/वर्ष 2025-26

इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202511101000216/अ-6(अ) वर्ष 2025 26 आवेदक श्रीमती रिंकू गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता जोन-02 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 554/4 रकबा 0.012 हे. /1382 वर्गफीट भूमि को विक्रेता अनिमेष सिंह आ. अशोक सिंह के तरफ से आम. मु. टी.जी. मनोज आ. श्री टी.एस.जार्ज कुट्टी से रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से कय किया गया था। नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका में आवेदक का नाम दर्ज था, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में केता के स्थान प विक्रेता का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.12.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(First Call)

NIT NO: 677 RAIPUR DATED: 27.11.2025

Online bids are invited for the following works of works up to 22.12.2025 at 17:30 hours.

S. No	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract	Class of Contractor registered in P.W.D. C.G.	Tender form	SOR Applicable
1	180722	Repairing and beautification of road dividers at Zone 2 Zone 3 and Zone 4	25.77 Lacs	"D" & Above	Form "A" & Form "B"	P.W.D. Building S.O.R. 01.01.2015 & P.W.D. Electrical S.O.R. 01.06.2020 (upto date Amendment)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 28.11.2025 (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE: -1. All eligible/ interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

ई नीलामी सूचना

ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रंजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

Case No.: RC 358/2020 /ओ.ए.नं. 910/2019

ई नीलामी क्रमांक /2025

UCO BANK वि. **RANJAN KUMAR SAHOO** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 358/2020/ O.A.No. 910/2019** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 25,39,133.00 (Rupees Twenty Five Lakh Thirty Nine Thousand One Hundred Thirty Three only)** तथा उस पर **9.00** प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक **10-06-2019** से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी ।

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 17-12-2025, दोपहरः 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Part & Parcel of the Property PH **14/19**, Kurud Basti, Ward No.-14, Khasra No.- **1159/2** (old), Part **1159/28**, Kohka, Bhilai (C.G.), area **1500** sq.ft; belonging to Defendant No.-1 i.e. **Shri Ranjan Kumar Sahoo**..

प्रारंक्षित मूल्यः- रुपये Upset Price : Rs. 23,00,000.00 (Rupees Twenty Three Lakh only)

विक्रय की शर्तें

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए । अधिक विवरण हेतु मे. **M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24,** for help a bidder in e-auction contact to **Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com, E-mail ID: support@bankeauctions.com.**
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें ।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें) ।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रुपये **Rs. 2,30,000.00 (Rupees Two Lakh Thirty Thousand only)**; ई. **RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER** द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी, खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित **Account no. 569299461** in the name of Recovery Officer. E-auction account, DRT Jabalpur with **CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR (IFSC Code: CBIN0281618)** में आवश्यक रुप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रुप से उल्लेखित करना होगा ।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक **15-12-2025** अथवा इसके पूर्व **17.00** बजे तक जमा करनी होगी ।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रंजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें ।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रु. **Rs. 25,000.00/- (Rupees Twenty Five Thousand Only)** होगी । ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा ।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि **(ईएमडी)** वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी । इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि **(ईएमडी)** जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी ।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समयोजित करते हुए) अगले दिन **RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER** के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी ।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पौन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा । भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी । अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चुककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे ।
11. संपत्ति **"जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत"** के आधार पर विक्रय की जायेगी ।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **03-12-2025** प्रातः **12** से **16** बजे तक किया जा सकेगा ।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी ।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा ।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Mr. Amit Kumar Sahu, Chief Manager, Mob. No. 9348907154** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा । संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है ।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण मे. **M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24,** for help a bidder in e-auction contact to **Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com.**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Mr. Amit Kumar Sahu, Chief Manager, Mob. No. 9348907154** से प्राप्त की जा सकती है ।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/ स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं । प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी । डीआरटी/बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 27.10.2025

विवाद की स्थिति में दिनांक 02.12.2025 का अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

**(नीलेश कुमार अवधिया)
वसूली अधिकारी- 2**

पीएम मोदी से सपरिवार मिले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित आईआईएम में आयोजित तीन दिवसीय 60वीं अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने परिवार के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

डॉ. रमन सिंह ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि आज स्पीकर हाउस, नया रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सपरिवार आत्मीय मुलाकात की। इस भेंट के दौरान पूरे परिवार और विशेषकर परिवार के बच्चों के साथ पीएम मोदी की तन्मयता और स्नेह से सभी अनुग्रहित हैं। उन्होंने आगे लिखा, अपने व्यस्ततम कार्यक्रम से समय निकालकर परिवार से मिलने के लिए मैं हृदय से प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट करता हूं।

आज से 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लोगों को आज से सरकार बड़ी राहत देने जा रही है. आज से 200 यूनिट हाफबिजली योजना होगी लागू. इससे लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने वाली है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र में इसकी घोषणा की थी. अगर कोई उपभोक्ता 201 यूनिट बिजली खपत करता है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जानकारी दी थी कि प्रदेश के ऐसे घरेलू उपभोक्ताओं जिनका 200 यूनिट तक विद्युत खपत है, उन्हें 200 यूनिट तक हाफबिजली का पूरा लाभ प्राप्त होगा. इस निर्णय से राज्य के 36 लाख घरेलू उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे. 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को भी अगले 1 वर्ष तक 200 यूनिट तक हॉफबिजली बिल का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इन उपभोक्ताओं को 1 वर्ष तक की छूट दी गई है, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके। बता दें कि 4 महीने पहले यानी 1 अगस्त 2025 को राज्य सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना पर बड़ा बदलाव किया था. पूर्व भूपेश सरकार के समय लागू हुई 400 यूनिट की सीमा को घटाकर 100 यूनिट कर दिया गया था. इसका सीधा असर लाखों परिवारों को पड़ा. हालांकि नई योजना के तहत आज से 200 यूनिट तक हाफबिजली बिल योजना लागू कर दी गई है.

छत्तीसगढ़ में ठंड के बीच आज बरसेंगे बदरा, कई इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी

रायपुर/नवप्रदेश। ऊपरी वायुमंडल में हवा के साथ आ रही नमी से सोमवार को छाए बादल दिन में ठंडक लेकर आए। अगले दो दिन तक इसी तरह की स्थिति रहने का अनुमान है. इस दौरान दिन का पारा चढ़ने से रात की ठंड में थोड़ी कमी आएगी। दिसंबर महीने की शुरुआत प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश और ठंडी के साथ होने की संभावना है? कई इलाकों में अलर्ट भी जारी किया गया है. आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। रविवार को राज्य का 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। श्रीलंका चक्रवाती सिस्टम की वजह से राज्य में नमी का प्रवेश हो रहा है।इसके प्रभाव से रविवार को दिन में रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में बादल छा गए. धूप का प्रभाव कम होने से पारा नहीं चढ़ पाया और मौसम में थोड़ी ठंडकता महसूस हुई. राज्य में रात का औसत तापमान एक डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नमी का प्रभाव एक दो दिन बने रहने की संभावना है. इससे रात के न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने के आसार हैं. इसके साथ दिसंबर के महीने में ठंड बढ़ने के साथ उतार-चढ़ाव की स्थिति भी बने रहने की संभावना है. पिछले चौबीस घंटे में राज्य का सबसे अधिक तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दुर्ग का रिकार्ड किया. वहीं न्यूनतम पारा अंबिकापुर का था. रायपुर का न्यूनतम तापमान 14.6 तथा अधिकतम पारा 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

इन क्षेत्रों में बारिश का अलर्ट-मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर और दुर्ग में हलकी वर्षा की संभावना जताई है. यहां यलो अलर्ट जारी किया गया है.आज कैसा रहेगा राजधानी में मौसम?- राजधानी में सुबह के वक्त बादल छाए हुए हैं ।

भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच: सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी-डीआईजी की बैठक

होटल से स्टेडियम तक 2 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में पहली बार होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर है. फैंस अपने फेवरेट क्रिकेटर्स को देखने के लिए उत्साहित हैं. मैच की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को पुलिस अधिकारियों की बड़ी बैठक हुई. रायपुर रेंज आई अमरेश मिश्रा और डीआईजी गिरिजाशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में यह बैठक हुई, जिसमें एसएसपी रायपुर समेत डीएसपी और एएसपी लेवल के अधिकारी शामिल हुए हैं।

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) को शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम हैंडओवर किए जाने के बाद यह पहला मौका जब अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच होने जा रहा है. बीसीसीआई के नियमों के तहत सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाएगी. यातायात समेत 2 हजार पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहेंगे. होटल, स्टेडियम समेत पूरे रूट पर पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।

कब खेला जाएगा मैच ?

मैचः भारत-दक्षिण अफ्रीका दूसरा वनडे : बुधवार, 3 दिसंबर को नवा रायपुर, शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच टाइमिंगः दोपहर 1:00 बजे टॉस होगा, 1:30 बजे से मैच शुरु स्टेडियम पहली बार सीएससीएस की पूर्ण जिम्मेदारी में एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित कर रहा है। हाल ही में स्टेडियम को 30 साल की लीज पर संघ को सौंपा गया । यहां टेस्ट क्रिकेट की संभावनाएं भी इसी फैसले से मजबूत हुई हैं। फैंस को लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मैदान पर टीम इंडिया को लाइव देखने का मौका मिलेगा। मुकाबले में स्टेडियम हाउसफुल रहने का अनुमानमैच के लिए फैन्स की दीवानगी को देखते हुए उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सभी टिकटें पूरी तरह बिक जाएंगी। आयोजनकर्ताओं का अनुमान है कि मुकाबले के दिन स्टेडियम खचाखच भरा होगा, और दर्शकों को बेहतरीन क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा।

पुलिस ने ग्राहक बनकर बुलाया था ब्लैकरों को

गिरफ्तार आरोपियों के नाम ऋतिक माखीजा पिता दीपक माखीजा (25 वर्ष) और देवव्रत माखीजा पिता संजय माखीजा (21 वर्ष) बताए गए हैं। दोनों आरोपी फाफाडीह में अमित सेल्स के पास रहते हैं और रिश्तेदार बताए जा रहे हैं. शिकायत मिलने पर पुलिस के मुखबिर ने इनसे ग्राहक बनाकर फोन से संपर्क किया. 5 हजार रुपए में रेट तय होते ही आरोपी टिकट लेकर शंकरनगर में भारत माता चौक पहुंचे और सिविललाइंस थाने की टीम ने उन्हें दबोच लिया. दोनों फोन के जरिये ग्राहकों से संपर्क कर रहे थे।

टिकटें ब्लैकर को पुलिस ने ग्राहक बनकर किया गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने 3 दिसंबर को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रिका मैच की टिकटें ब्लैक करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों युवकों के पास से 2500 रुपए वाली 7 टिकटें बरामद की गई है, जिसे वह दोगुनी कीमत पर बेच रहे थे. मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। मैच से पहले सभी थानों को टिकटों की कालाबाजारी की शिकायत को लेकर अधिकारियों ने तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. सीएसपी सिविललाइंस रायपुर रमाकांत साहू ने जानकारी दी कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने कई स्तरों पर तैयारी की गई है. लोगों से टिकट ब्लैक करने वालों के बारे में सूचना देने की अपील की गई है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयुक्त से की मुलाकात

एसआईआर की समय सीमा 3 महीने बढ़ाने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात कर एसआईआर की समय सीमा 3 महीने बढ़ाने और बीएलओ को राहत देने की मांग की। साथ ही कांग्रेस ने एसआईआर में एअनियमितताओं का भी आरोप लगाया। रायपुर लोकसभा एसआईआर प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि एसआईआर को लेकर कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। दूसरे राज्यों से आई बहुओं के नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पा रहे हैं। भाजपा बीएलओ प्रभावित कर रही है, जिससे प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कांग्रेस ने एसआईआर की समयसीमा 3 महीने बढ़ाने की मांग रखी है। शैलेश त्रिवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में न विधानसभा चुनाव हैं और न लोकसभा चुनाव, फिर भी सिर्फ एक हफ्ते की अवधि क्यों बढ़ाई गई?प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग से कहा है कि इस मांग को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के सामने रखा जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमारी सभी समस्याओं और मांगों को राज्य निर्वाचन आयुक्त ने गंभीरता से सुना है।

श्रम मंत्री के घर शादी समारोह में पहुंचे सीएम साय समेत कई मंत्री

सांसद ज्योत्सना महंत भी हुईं शामिल

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी आज एक कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा पहुँचे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के कोहड़िया स्थित निवास पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री देवांगन के भाई कौशल देवांगन के सुपुत्र विश्वेश देवांगन और मेघा देवांगन के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें आर्शीवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं शादी समारोह में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ लखन लाल देवांगन के घर पहुंचे उन्होंने भी शादी समारोह में आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के कोरबा आगमन को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा पहले से ही तैयारी की जा रही थी जहां रूमगरा हेलीपैड में पुलिस बल तैनात किए गए थे वह जिस मार्ग से आना था उसे मार्ग के आवाज चाहिए पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था इसके अलावा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के घर के बाहर भी पुलिस बल तैनात किए गए थे।

नेशनल हेराल्ड मामला: सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर का विरोध

■ कांग्रेस ने किया ईडी कार्यालय का घेराव, पुलिस बल तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज होने के बाद देशभर में कांग्रेस सरकार और केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफविरोध प्रदर्शन कर रही है. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी कांग्रेसियों ने श्वष्ठ के दफ्तर का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया है. बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ताओं ने मिलकर श्वष्ठ दफ्तर के बाहर केंद्र सरकार और ईडी का पुतला फूंका है। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात हैं।

दरअसल, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बीते दिन 30 नवंबर को सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी के खिलाफनई एफआईआर दर्ज कर की है. इसमें

आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एफआईआर संख्या 0124/2025 के तहत कुल नौ आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें छह व्यक्ति और तीन कंपनियां शामिल हैं. यह स्नढ्ढक्र ईडी की 3 अक्टूबर 2025 की शिकायत पर आधारित है, जिसमें क्करू की धारा 66(2) के तहत अनुसूचित अपराध दर्ज करने का आग्रह किया गया था।

शिकायत के अनुसार, कांग्रेस से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की करीब 2,000 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों पर कथित रूप से धोखाधड़ी कर 50 लाख में कब्जा करने की साजिश रची गई। ईडी की रिपोर्ट में कहा गया है कि यंग इंडियन को स्पेशल पर्पस व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया गया, जिसके जरिए सार्वजनिक धन को निजी लाभ में बदला गया. रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि कोलकाता की कथित शेल कंपनी डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए, जिसे संदिग्ध लेनदेन माना गया है।

ईडी ने 9 अप्रैल 2025 को राऊज एवेन्यू कोर्ट में धारा 3 और 4 के तहत धन शोधन का आरोप लगाते

क्या है नेशनल हेराल्ड मामला?

आजादी की लड़ाई के दौरान नेशनल हेराल्ड एक राष्ट्रवादी अखबार के रूप में स्थापित हुआ, जिसे 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था. इसका संचालन एजेएल कंपनी करती थी. ब्रिटिश सरकार ने इस अखबार पर 1942 में पाबंदी लगाते हुए बंद करा दिया, लेकिन 3 साल बाद ये फिर से शुरू हो गया. हालांकि 2008 में आर्थिक संकट के कारण इसका प्रकाशन बंद हो गया।

AJL कंपनी पर एआईसीसी का 90.21 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण बकाया था. आरोप है कि 2010 में गठित यंग इंडियन कंपनी ने यह ऋण मात्र 50 लाख रुपए में खरीद लिया, जिससे वह एजेएल की संपत्तियों का लाभार्थी बन गई. यंग इंडियन में सोनिया और राहुल गांधी की संयुक्त हिस्सेदारी 76प्रतिशत है.

चेंबर भवन में द्वितीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

■ नवीन ट्रेड लाइसेंस को लेकर चेंबर ने व्यक्त किया तीव्र विरोध -

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 29 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे चेंबर कार्यालय चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित हुई। विषय सूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई, जिसमें पिछली कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, प्राप्त लगभग 247 नवीन सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म समीक्षा उपरांत स्वीकृति, 113 सदस्यों द्वारा प्रस्तुत फर्म नाम परिवर्तन, स्थान परिवर्तन एवं प्रतिनिधि परिवर्तन से संबंधित आवेदन, ?2000 से अधिक के व्यय अनुमोदन तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। सभी विषयों पर कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

पिछली बैठक की कार्यवाही का पठन चेंबर प्रदेश महामंत्री श्री अजय भसीन ने किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने एकमत से अनुमोदित किया। ?2000 से अधिक के व्यय तथा आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री निकेश बरडिया द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे भी सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।चेंबर के आजीवन सदस्यों की सदस्यता शुल्क 31 मार्च 2026 तक ?3500 रहेगा, इसके पश्चात सदस्यता शुल्क में संशोधन किया जाएगा।छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स के नवीन भवन हेतु नवा रायपुर में उपलब्ध 5000 वर्ग फीट भूमि की जानकारी दी गई। साथ ही यह निर्देशित किया गया कि चेंबर द्वारा 31 मार्च 2026 तक जारी किए गए 50त्न अंशदान का आय-व्यय प्रतिवेदन 30 जून 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा तथा सभी इकाईयां अपने बैंक खातों का विवरण भी उपलब्ध कराएं।प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा स्वदेशी अपनाने की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि ' आया त्योंहार -चलो बाज़ार' जैसे अभियानों से स्वदेशी उत्पादों की ओर आम जन का रुझान बढ़ा।

एसआईआर पर रार: मंत्री खुशवंत साहेब और शैलेश आमने-सामने

कांग्रेस ने घोटाले करके जीते चुनाव: मंत्री

■ पूरा देश जान रहा वोट की हो रही चोरी: शैलेश नितिन

रायपुर/ नवप्रदेश। एसआईआर को लेकर फिर प्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया कि सवाल वही उठाता है, जिसके मन में खोट होता है। वे (कांग्रेस) अच्छे काम में भी सवाल उठा रहे हैं. इससे ये प्रदर्शित होता है कि आज तक उन्होंने जितने चुनाव जीते हैं, घोटाले करके जीते हैं. कांग्रेस को इसलिए डर सता रहा है कि आने वाले समय में वे घोटाले कैसे करेंगे, गलत तरीके से चुनाव कैसे जीतेंगे? जनता इनके गलत काम पहचान चुकी है, जनता भाजपा के साथ है. इस बयान पर कांग्रेस के पूर्व संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पलटवार किया है।

आज से बिजली बिल हाफ योजना लागू-

बिजली उपभोक्ताओं को आज से बिजली बिल हाफयोजना का लाभ दिया जाएगा. इसे लेकर मंत्री गुरु खुशवंत ने कहा कि आज से बिजली बिल हॉफयोजना का लाभ मिलेगा, गरीब और भी आगे बढ़ेंगे. लोग पीएम सूर्यघर योजना का लाभ भी ले सकते हैं।

मंत्री खुशवंत के बयान पर शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पलटवार करते हुए कहा कि पूरा देश जानता है कि निर्वाचन प्रक्रिया में कैसे छेड़छाड़ हो रही है, वोट चोरी हो रही है. बिहार में 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए. खुद गलती करना और दोष कांग्रेस पर मढ़ना वाली स्थिति है. उन्होंने कहा कि देश में आज भाजपा की सरकार है. भाजपा नेताओं का कांग्रेस पर आरोप लगाना सबसे बेतुकी बात है।

नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को मंत्री ने बताया प्रोपोगेंडा

कांग्रेस अपने नए जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग देने जा रही है। इसपर मंत्री गुरु खुशवंत ने कहा कि कांग्रेस कुछ भी कर ले, जनता का विश्वास खो चुकी है. नियुक्त किए गए नाम पहले से तय थे, यह सिर्फ प्रोपोगेंडा है. जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार को जान चुकी है।

न्यूज गैलरी

छात्र-छात्राओं को एवं जनप्रतिनिधियों को न्योता भोजन कराया

नगरी/नवप्रदेश। सामूहिक गतिविधियों के तहत एकीकृत होकर कार्य करने की भावनाओं को जागरुक करते हुए प्राचार्या सुरेन्दर कौर ओबेरॉय एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को एवं सरपंच जनप्रतिनिधियों को न्योता भोजन कराया गया। शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु पालकों को न्योता भोजन की कड़ी में जोड़ा गया एवं निगरानी समिति का गठन किया गया ।।तत्पश्चात गांव के प्राथमिक छात्र-छात्राएं माध्यमिक छात्र छात्राएं एवं हाई स्कूल के सभी बच्चों की निगरानी समिति का गठन करते हुए बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने का संकल्प लिया गया। न्योता भोजन में जनपद अध्यक्ष श्री महेश गोटाजी, श्री जसपाल सिंह खनूजा शाला प्रबंधन समिति संत राज,सभी पंच एवं जनप्रतिनिधिय नागरिक उपस्थित रहे।।

बाइक सवार से 10 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल में नाकाबंदी कर बाइक सवारों के कब्जे से दस किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 30 नवंबर की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि एक ग्रे कलर की होंडा शाईन बाइक क्रमांक सीजी10 बीयू 3679 में ओडिशा की ओर से दो व्यक्ति बोरी में गांजा लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने एनएच -53 ग्राम रेहटीखोल के पास घेराबंदी कर बाइक को रोका । नाम -पता पूछने पर बाइक चालक ने अपना नाम पुराना सरकंडा लोधीपारा थाना सरकंडा जिला बिलासपुर निवासी राजकुमार ठाकुर (42) तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कोनी वार्ड -06 थाना कोनी जिला बिलासपुर सरजू वास (45) बताया। आरोपियों से 10 किलो गांजा (कीमत 5 लाख रुपए) तथा बाइक जब्त किया । आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

फर्जी दस्तावेजों से जारी किया सिम: दुकान संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जांच में जुटी पुलिस

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मोबाइल सिम जारी करने के गंभीर मामला सामने आया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा भेजी गई पीओएस (प्वाइंट ऑफसेल) सूची के आधार पर गोबरा नवापारा पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पीड़ितों के बयान ने खोली पोल

जांच के दौरान सेवाराम सेन, कौशल गायकवाड़, कोमल टंडन ने अपने पहचान दस्तावेजों, फोटो और अन्य जानकारी का उपयोग उनकी जानकारी के बिना सिम कार्ड जारी करने में किए जाने की बात कहीं। सेवाराम सेन तथा कौशल गायकवाड़ ने स्पष्ट कहा कि उन्होंने न तो संबंधित मोबाइल सिम कभी खरीदी और न ही उपयोग की। कोमल टंडन ने अपने कथन में बताया कि उन्हें एक मोबाइल नंबर मिला था, जिसे उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व एक माह उपयोग करने के बाद तोड़कर फेंक दिया था। जांच से यह भी सामने आया कि शेष अन्य कई लोगों के दस्तावेजों का भी बिना अनुमति के उपयोग किया गया।

फर्जी तरीके से जारी हुए 25 मोबाइल नंबर

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) आईडी धारक (दर्शन दीप जैन) द्वारा जारी किए गए मोबाइल नंबरों की जांच की गई। सूची में शामिल 25 मोबाइल नंबरों के सीएएफ दस्तावेज़ों की सत्यता की जांच के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए।

पीओएस संचालक पर गिरी गाज

तथ्यों व दस्तावेज़ी साक्ष्यों के आधार पर यह पाया गया कि पीओएस आईडी धारक दर्शन दीप जैन संचालक आगम टेलीकॉम, सदर रोड चौधरी कॉम्प्लेक्स नवापारा ने ग्राहकों के दस्तावेजों का छल-कपट, विश्वासघात और बेईमानी से उपयोग कर 25 मोबाइल नंबरों को जारी कर दिया गया। सभी तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने संचालक के खिलाफधारा 318(4) बीएनएस के तहत धोखाधड़ी और दस्तावेजों के दुरुपयोग का अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंदा, महिला की दर्दनाक मौत, आरोपी चालक नाकेबंदी में पकड़ाया

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। कोपरा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक फरार होने की कोशिश में था, पर राजिम पुलिस ने अलर्ट जारी कर नाकेबंदी में आरोपी को दबोच लिया। घटना गरियाबंद जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम मेडक्कर निवासी सुनील साहू और उनकी पत्नी पुष्पा साहू (28) अपने गांव से पाण्डुका आने निकले थे। वे कोपरा के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पुष्पा सड़क पर गिर गईं और कार उन्हें कुचलते हुए भाग निकली। सिर और पैर में गहरी चोटों के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुनील साहू गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर तड़पते मिले।

हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुटी और तत्काल पुलिस सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, वहीं राजिम पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही चारों तरफ नाकेबंदी कर फरार आरोपी कार चालक को कुछ ही देर में गिरफ्तार कर लिया। वाहन को जब्त कर लिया गया है।

घायल सुनील साहू को राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी कार चालक से पूछताछ कर रही है। वहीं आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

नवापारा-अभनपुर मार्ग में दर्दनाक हादसा, युवक की मौत

नवापारा राजिम। नवापारा-अभनपुर मार्ग पर देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा के पास हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक की पहचान अभनपुर निवासी राहुल वैष्णव के रूप में हुई है। राहुल किसी काम से नवापारा आया हुआ था। रात लगभग 10 बजे जब वह कुर्रा के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल राहुल सड़क पर बेहोश स्थिति में पड़ा था। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि युवक का स्थिति बेहद नाजुक थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए रायपुर रेफर किया गया। लेकिन रायपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक राहुल का अभनपुर और नवापारा दोनों जगहों पर घर था। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। केस डायरी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निरा बेड़ा परिसर में किए गए कार्य की मजदूरी महीनों से लंबित

मजदूर वन विभाग कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर, आर्थिक स्थिति दयनीय

नगरी/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र सांकरा के निरा बेड़ा परिसर में 132 केवी लाइन के नीचे किए गए वृक्षारोपण, सफाई, खुदाई, पौधरोपण तथा टी-गार्ड निर्माण कार्य का भुगतान कई महीनों से लंबित है। मजदूरों ने बताया कि यह कार्य 22 मई 2025 से शुरू किया गया था और वर्तमान में सफाई कार्य जारी है, लेकिन अब तक उन्हें अपनी मेहनत की मजदूरी प्राप्त नहीं हुई है।

मजदूरों के अनुसार, पिछले पाँच महीनों से वन विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद भुगतान नहीं मिल रहा है। मजदूरों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा हर बार एक माह बाद पैसा मिल जाएगा कहकर आश्वासन दिया जाता है, परंतु आज तक किसी भी प्रकार की राशि उनके हाथ में नहीं पहुँची।

मजदूरी का भुगतान न होने से सैकड़ों मजदूर गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है और मजदूर अपने ही मेहनत के पैसों के लिए भटकने को मजबूर हैं। मजदूरों ने बताया कि उन्होंने मेहनत और लगन से वृक्षारोपण व साफ-सफाई का पूरा कार्य किया है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरे राज्य से आने वाले अवैध धान परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने हेतु प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आज दिनांक 30.11.2025 को मुखबीर द्वारा थाना देवभोग को सूचना मिला की उड़िसा प्रांत से अवैध रूप से धान बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना से पुलिस स्टाफ रवाना कर चेक पोस्ट में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान 60 कट्टा (24 क्विंटल) कीमती 74 हजार 400 रूपये का अवैध धान परिवहन करते बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक ओ.डी.26-7259 को थाना देवभोग के द्वारा जप्त किया गया। इसी प्रकार विगत 21 दिनों से विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग-अलग कुल 23 प्रकरणों में 1926 कट्टा 770.4 क्विंटल अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेष नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

जप्तधान : विगत 21 दिवस में कुल 21 चार पहिया वाहनों में भरा हुआ अवैध धान एवं 03 प्रकरणों मे जप्त लवारिश धान के साथ कुल 1926 कट्टा धान कुल 770.4 क्विंटल कुल कीमती 23 लाख 88 हजार 240 हजार रूपये।

कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा

■ **अब तक 51 प्रकरण में 1529 क्विंटल अवैध धान जब्त**

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने धान के रिसायक्लिग एवं अवैध धान पर निगारनी रखने के लिये रईस मिल के साथ ही पोहा मिलों का भी स्टॉक वेरिफिक्रेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी मण्डी में धान क्रय -विक्रय से सम्बधित अनुबंध पत्र व सौदा पत्रक नियमानुसार संधारित करें। किसानों से आधार कार्ड की छायाप्रति भी जमा कराएं।उन्होंने किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों से अतिरिक्त रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराएं। अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये उड़ानदस्ता दल एवं चेक पोस्ट से प्रतिदिन की कार्यवाही की जानकारी लेने के निर्देश दिये।

बताया गया कि खाद्य विभाग एवं मण्डी सचिव द्वारा अब तक़ 51 प्रकरणों में 1529 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है वहीं2070 किसानों का लगभग 35 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं बच्चों से संबंधित अपराध पर आधारित कार्यशाला संपन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं स्टेट प्लान आफएक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश 1 अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर आज विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय महासमुंद के सभाकक्ष में रिवरडेल स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विधिक जागरूकता पर अधारित एड्स और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव 1 आफरीन बानो ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय के सभाकक्ष में एक विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं एचआईव्ही एडस पर अधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया साथ ही रिवरडेल स्कूल से पहुंचे छात्र-छात्राओं के साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसे प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश 1 अनिता डहरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में एड्स एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गुप्तेश आचार्य ने एड्स एवं साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों और डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित छात्र-छात्रों के मध्य विधि विषयों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

राशि त्रिवेदी एबीवीपी की केंद्रीय कार्यकारिणी में हुई शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन 28 से 30 नवंबर तक उत्तराखंड की देवभूमि देहरादून में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देश के कोने-कोने से आए छात्र प्रतिनिधियों ने शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य, राष्ट्रीय चिंतन तथा युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संगठन कार्य को और अधिक मजबूत बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गईं। इसी क्रम में एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने भाटापारा की बेटी राशी त्रिवेदी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किए।

सुखचंद बेसरा को कांग्रेस कमेटी की कमान मिलने पर खुशी

■ **वहीं भाजपा संगठन गरियाबंद में मचा हैं घमासान**

कोपरा नवापारा/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिला बनने के बाद पहली बार लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस पार्टी हाई कमान ने संगठन सृजन अभियान के अंर्तगत लिए गए फीडबैक से जिला कमेटी के अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। जिसमें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के देवभोग के सुखंचद बेसरा को गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी का कमान सौंपा गया है।

गरियाबंद जिला कांग्रेस के इतिहास में पहली बार बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र मे किसी कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष का नेतृत्व करने का मौका मिला है जिससे कार्यकर्ताओं एवं समर्थको में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद सुखचंद बेसरा को बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है वहीं जमकर आतिशबाजी पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेता राहुल गांधी के मंशानुसार विगत महीनो पार्टी मे संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान चला, योग्य और उर्जावान कार्यकर्ताओं को जिला ब्लॉक स्तर पर नेतृत्व देने फीडबैक लिया था। लंबे इंतजार के बाद जब जिला अध्यक्षो की सूची जारी हुई तो उसमे कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता सुखचंद बेसरा को गरियाबंद जिला अध्यक्ष का कमान सौंपा गया है। ज्ञात हो कि सुखचंद बेसरा एनएसयुआई, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर सरपंच, जनपद सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पदों में रह चुके है। पार्टी के प्रति उनके कार्य और निष्ठा तथा समर्पण को देखते हुए उन्हे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गरियाबंद जिला के अंतर्गत दो विधानसभा आता है जिसमें राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा आता है जिसमे लगातार अब तक राजिम विधानसभा से ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष बाबूलाल साहू, बैसाखू राम साहू, भाव सिंग साहू बनते आए हैं।

आयोजन — भारत सरकार जनजाति विरासत को सहजने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए कई संग्रहालय का निर्माण कर रही

जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत व्याख्यान माला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में जनजाति गौरव माह के अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर व्याख्यान माला एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया यह आयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो. हितेशा नंद ठाकुर के संयोजन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजन में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ बूढ़ा देव, भगवान बिरसा मुंडा एवं शहिद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलन एवं फूलमाला अर्पित कर किया गया इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बुडा देव की आरती एवं स्वागत गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्त छत्तीसगढ़ स्थानीय स्वास्थय परंपरा एवं औषधी पादप बोर्ड (राज्य मंत्री) अध्यक्ष विकास मरकाम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय ध्रुव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा धमतरी, अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, श्रवण मरकाम जी पूर्व विधायक सिहावा उपस्थित रहे। विशिष्ट तिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी श्री हृदय लाल साहू, उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी विकास बोहरा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी नागेन्द्र शुक्ला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा बेलरगांव अकबर कश्यप, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा धमतरी कमल डागा, प्रभारी मण्डल भाजपा नगरी रविकांत दुबे, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी दिनेश्वरी नेताम, पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति प्रेमलता नागवंशी, जनभागीदारी समिति सदस्य राजेन्द्र नाथ गोसाई, जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा भाजपा महेन्द्र नेताम उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समस्त अतिथि गणों को पीला गमछा एवं जनजाति संस्कृति का प्रतीक जनजातीय संस्कृति का प्रतीक खुमरी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनदीप खालसा ने अपनी उद्बोधन में कहा कि जनजाति गौरव माह कार्यक्रम पूरे देश में जश्न के रूप मनाने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा निर्णय लिया गया।

इसका मुख्य उद्देश्य जनजाति इतिहास संस्कृति और विरासत को जीवित रखना है उनके योगदान को पहचान दिलाना है भारत सरकार जनजाति विरासत को सहजने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए कई संग्रहालय का निर्माण कर रही है जिनमें से कुछ जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर भी है। हमारे विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी पोस्टर रंगोली नृत्य के माध्यम से सक्रिय रूप से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया हमारा महाविद्यालय दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

वंशीय कसेर समाज महिला मंडल ने महावीर समता वृद्धा आश्रम में किया सेवा कार्य

डोंगरगांव/नवप्रदेश। सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वंशीय कसेर समाज महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर समता वृद्धा आश्रम में जरूरतमंद वृद्धजनों को गरम कपड़े, कंबल, शाल, मोजे तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सपना भारद्वाज, सुनंदा खांबले, कोषाध्यक्ष ममता हरिहारनो, सचिव पिंकी हरिहारनो, वरिष्ठ सदस्य शशि हरिहारनो, राजकुमारी हरिहारनो, बरखा कसार, अंजू हरिहारनो, विनीता हरिहारनो, संगीता हरिहारनो, अनीता हरिहारनो, पूजा हरिहारनो, आरती हरिहारनो, विजेता हरिहारनो, मुक्ता हरिहारनो, रजनी हरिहारनो, शैल कसार, दीप्तिशिखा देशमुख सहित महिला मंडल की अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। सदस्यों ने वृद्धजनों को स्नेहपूर्वक सामग्री वितरित की तथा उनके साथ समय बिताकर खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर सभी ने आश्रम के निवासियों से आशीर्वाद लेकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। महिला मंडल के इस मानवीय पहल की समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा सराहना की जा रही है।

जल संरक्षण का नया अध्याय ग्रामीण विकास का उज्ज्वल भविष्य

एमसीबी/नवप्रदेश। भारत में जल हमेशा से जीवन, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी रहा है। लेकिन समय के साथ बदलते मौसम, अनियमित वर्षा और भूजल स्तर में लगातार गिरावट ने गाँवों में पानी की उपलब्धता को चुनौतीपूर्ण बना दिया। इसी पृष्ठभूमि में देशभर में शुरू हुए अमृत सरोवर अभियान ने जल-संरक्षण को एक नए स्वरूप और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया है। यह सिर्फ एक तालाब निर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी, पर्यावरण-संरक्षण और ग्रामीण विकास का समन्वित मॉडल बन चुका है।

सोच से साकार तक

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रारंभ हुए इस राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य प्रत्येक जिले में अनेक ÷अमृत सरोवर÷ विकसित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़े, मिट्टी व जल संरक्षण हो और स्थानीय समुदाय को स्थायी लाभ मिल सके। अमृत सरोवर की संकल्पना तीन प्रमुख आधारों पर टिकी है- जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण समुदाय की भागीदारी। इस मॉडल में गाँव का हर व्यक्ति पंच-सरपंच से लेकर श्रमिक, किसान और युवा अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है।

आवश्यक है अमृत सरोवर

ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले वर्षों में पानी की कमी और बरसाती जल का बहाव एक गंभीर समस्या बन चुका था। अमृत सरोवर इसके जवाब में एक समग्र समाधान बनकर उभरा- भूजल स्तर में वृद्धि, कृषि के लिए सिंचाई सुविधा में सुधार, पशुओं के लिए सुरक्षित पानी की उपलब्धता, बाढ़ नियंत्रण में सहायता, सूखे की समस्या में राहत, पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होती है। इन सभी प्रभावों ने अमृत सरोवर को ग्रामीण विकास योजनाओं में केंद्र बिंदु बना दिया है।

सिर्फ संरचना नहीं, सजीव संसाधन

एक अमृत सरोवर का निर्माण मात्र मिट्टी खुदाई या सफाई भर नहीं है। इसके साथ कई दीर्घकालिक प्रावधान सुनिश्चित किए जाते हैं। गहरी खुदाई कर बड़ी जल क्षमता का निर्माण, तल एवं तटों पर घास/वनस्पति रोपण, चारों ओर सुरक्षा तटबंध, वर्षा जल संग्रहण के वैज्ञानिक प्रबंध, आसपास वृक्षारोपण कर जल संरक्षण चक्र को मजबूत करना, गाँव के लिए पर्यटन/मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाएं तलाशना भी है। इससे सरोवर केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि पूरे गाँव की पर्यावरणीय और सामाजिक धुरी बन जाता है।

उत्कृष्टता का मॉडल

जिला एमसीबी में अमृत सरोवर अभियान ने विकास का नया मानक स्थापित किया है। यहाँ प्रत्येक ब्लॉक में सरोवरों को समयबद्ध तरीके से विकसित किया गया, स्थानीय मजदूरों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार, ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी, संरक्षण के आधुनिक उपाय के साथ लागू किया गया। सरोवरों के पूर्ण होने के बाद आसपास के किसानों को फसल की सिंचाई में बड़ी सहायता मिली है। बरसात के बाद जल भराव से बचाव और तालाबों की स्थायी जल उपस्थिति ने ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। कई गाँवों में अमृत सरोवर आज पिकनिक स्पॉट, समुदाय मिलन स्थल, और पर्यावरण शिक्षा केंद्र के रूप में पहचान बना चुके हैं।

मिशन की सबसे बड़ी ताकत

एक अमृत सरोवर तभी सफल होता है जब गाँव स्वयं इसमें भागीदारी करता है। ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह, युवा मंडल, स्कूल, किसान-सभी अपने-अपने स्तर पर योगदान देते हैं इसमें श्रमदान, पौधारोपण, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता, रखरखाव और सुरक्षा, सरोवर में कचरा न डालने की प्रतिज्ञा लेना शामिल है। इससे सरोवर लंबे समय तक जीवित रहता है और जल सतत उपयोग योग्य बनता है।

स्थायी जल प्रबंधन का मजबूत आधार

अमृत सरोवर अभियान ग्रामीण भारत में स्थायी जल प्रबंधन का मजबूत आधार बन रहा है। यह जल संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं रहने देता बल्कि सामुदायिक आंदोलन में बदल देता है। भविष्य में सरोवर पर्यटन केंद्र, पर्यावरण शिक्षा संस्थान, आजीविका मॉडल (मत्स्य पालन, पर्यटन), सामुदायिक विकास परिसर के रूप में सामने आ सकते हैं।

अमृत सरोवर, अमृत भविष्य

अमृत सरोवर केवल जल संचयन का माध्यम नहीं, बल्कि गाँवों में आत्मनिर्भरता, सामुदायिक शक्ति और प्रकृति के साथ संतुलन की नई कहानी है। यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों के लिए वह मूल्यवान जल-धरोहर तैयार कर रहा है, जो भविष्य में गाँवों की जीवनरेखा बनकर उभरेगी। जल है तभी कल है और अमृत सरोवर इस कल को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प है।

निर्मला की धान बिक्री बनी बेटी के भविष्य की नई उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। निर्मला कहती हैं, इस साल धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था पहले से बेहतर है। तौल सटीक है लाइन नहीं लगानी पड रही है, भीड़ भी नहीं होती। किसानों को इंतजार नहीं करना पड़ता, स्टाफसहयोगी है। व्यवस्था साफ और सुचारू रूप से संचालित है। किसानों को सम्मान मिल रहा है। यह बदलाव उनके लिए राहत जैसा है। उन्होंने कहा कि इसी से बेटी की पढ़ाई पूरी हुई। उनकी बेटी इंजीनियरिंग कर चुकी है और अब पीएससी की तैयारी कर रही है।

सरकार पर है भरोसा

ग्राम अछोटा की किसान निर्मला देवांगन सुबह-सुबह 60 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचीं। चेहरे पर सुकून था। मन में अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें थीं। धान बेचकर मिलने वाली राशि उनके लिए सिर्फ आमदनी नहीं, बल्कि एक भरोसा है। इसी से वे घर का खर्च चलाती हैं।

किसान परिवारों के लिए उम्मीदों को नई दिशा

निर्मला देवांगन जैसे हजारों किसान इस व्यवस्था का लाभ ले रहे हैं। उनकी मेहनत सुरक्षित दाम पर बिक रही है। परिवार के सपने मजबूत हो रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की जरूरतें पूरी हो रही हैं। धान खरीदी सिर्फसरकारी प्रक्रिया नहीं। यह किसान परिवारों की उम्मीदों को नई दिशा देने वाली व्यवस्था है। अछोटा जैसी जगहों में यह व्यवस्था बदलाव की कहानी लिख रही है। निर्मला की मुस्कान उसी बदलाव का प्रमाण है।

'टोकन तुंहर दुवार' ऐप से समय और मेहनत की बचत

सरकार ने खरीदी की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उपार्जन केंद्रों में परछाई, पीने का पानी, तौल व्यवस्था और सुरक्षा की पूरी तैयारी है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। सबसे बड़ी राहत 'टोकन तुंहर दुवार' ऐप से मिली है। अब किसानों को घर बैठे टोकन मिल जाता है। समय तय होता है, भीड़ नहीं होती। समय और मेहनत दोनों बचते हैं। महिला किसानों के लिए यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित हुई है।

मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से ग्रामीण अधोसंरचना हो रही सुदृढ़

- **ग्राम कोठार को दी 96 लाख रुपए की बड़ी सौगात**
- **सड़क एवं सामुदायिक भवन निर्माण से बदलेगा गांव का स्वरूप**

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सशक्त नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्यों से गांवों की कनेक्टिविटी और अधोसंरचना मजबूत हो रही है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिल रही है। इसी क्रम में आज उपमुख्यमंत्री शर्मा ग्राम कोठार पहुंचे, जहां उन्होंने 82.95 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़क सह नाली निर्माण और 13 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। ग्राम कोठार में 41.65 लाख रूपएएवं 41.30 लाख रूपए की लागत से दो महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में वर्षों पुरानी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही 13 लाख रुपए की लागत से 2 सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ग्रामों में बेहतर सड़क, स्वच्छ नाली व्यवस्था, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्राम कोठार सहित पूरे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। सड़कें मजबूत होंगी तो कृषि, व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की पहली जरूरत होती है।

सुकमा में विकास की नई पहल

सीमा से सटे मरईगुड़ा में पहले साप्ताहिक बाजार की शुरुआत

- **कई गांवों को मिलेगा सीधा लाभ**

सुकमा/नवप्रदेश। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और स्थानीय समुदाय की भागीदारी से दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भी मुख्यधारा से जुड़ने लगे हैं। इसी क्रम में सुकमा के जनपद पंचायत कोंटा के मरईगुड़ा (वन) क्षेत्र में पहली बार साप्ताहिक बाजार की शुरुआत की गई, जो यहां के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मूलभूत आवश्यकता को पूरा करता है।

15 से अधिक गांवों को फायदा

इस नए साप्ताहिक बाजार से आसपास के 15 से अधिक गांवों को सीधी सुविधा मिलेगी, जिनमें प्रमुख हैं-मरईगुड़ा (वन), रामपुरम, लिंगनपल्ली, कन्हैगुड़ा, विरापुराम, टेटेबंडा, दोरामंगू, कोतूर, रेगड़गट्टा, पुसगुफा, गंगलेर, जगावरम, सोमलगुड़ा, रेडलापल्ली, चिन्नाबंकामडगु, पेदाबंकामडगु इन गांवों के ग्रामीण अब जरूरी सामान खरीदने और अपने उत्पाद बेचने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करेंगे।

जनप्रतिनिधियों की पहल से शुरू हुआ बाजार

इस बाजार की शुरुआत जनपद सदस्य रमादेवी हपका, सरपंच स्वपना कोरसा और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से हुई। प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल की और शनिवार से बाजार का संचालन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया। शुभारंभ के अवसर पर ग्राम के माटी प्रधान ने पारंपरिक तरीके से नारियल फोड़कर बाजार की शुरुआत की। ग्रामीणों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और आयोजन पर प्रसन्नता जताई।

रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा

बाजार शुरू होने से स्थानीय किसानों और कारीगरों को उत्पाद बेचने का नया अवसर मिलेगा, महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आय के नए रास्ते खुलेंगे, कृषि उपज, जंगल उत्पाद और हस्तशिल्प के व्यापार में तेजी आएगी और तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आएगी।

ग्रामीणों ने जताई खुशी

साप्ताहिक बाजार की शुरुआत से वनांचल क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बाजार न केवल व्यापार का केंद्र बनेगा, बल्कि लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का पुल भी साबित होगा।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया बाल संप्रेषण गृहों का व्यापक निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ में बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और अधिकार संरक्षण को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज कोरबा जिले के बाल संप्रेषण गृह (बालक), बाल गृह (बालिका) एवं बाल गृह (बालक) का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा भी उपस्थित थीं।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े और आयोग अध्यक्ष ने बच्चों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, उपलब्ध सुविधाओं और देखभाल की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थाओं में स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी आवश्यक रिकॉर्ड, पंजी और शासन के निर्देशों को अद्यतन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि बच्चों से संबंधित सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुरूप संचालित हों।

बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े और अध्यक्षश्रीमती शर्मा ने सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी नियमित मॉनिटरिंग और प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की उचित तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संस्थाओं के प्रवेश-द्वारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को और मजबूत करने पर भी बल दिया गया।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, और इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है।

थप्पड़बाज मास्टर गिरफ्तार

- **गिनती ना सुनाने पर दूसरी कक्षा के छात्र को मार-मार कर सुजा दिया था गाल**

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के प्रायमरी स्कूल जावाखाड़ी में एक शिक्षक ने गिनती नहीं सुना पाने के कारण छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए शिक्षक उदय यादव निलंबित कर दिया। वहीं आरोपी शिक्षक के खिलाफएफआईआर दर्ज गिरफ्तार कर लिया। मामला त्रिकुंडा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, 28 नवम्बर को कक्षा दूसरी में पढ़ने वाला 7 वर्षीय छात्र प्रतिदिन की तरह स्कूल गया था। भोजन अवकाश के बाद शिक्षक उदय कुमार यादव ने छात्र को गिनती सुनाने को कहा। गिनती सुनाने के दौरान जैसे ही छात्र ने गलती की तो शिक्षक ने बच्चे के दोनों गाल पर थप्पड़ जड़ दिए जिससे बच्चे ने डरकर सिर झुका लिया। छात्र के सिर झुकाने से शिक्षक और भी नाराज हो गए और उन्होंने इस छात्र दोनों गालों पर थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। शिक्षक की पिटाई से बच्चे का गाल सूज गया। स्कूल की छुट्टी होने पर जब छात्र घर पहुंचा तो उसने मामले की शिकायत परिजन से की जिसके बाद परिजन का आक्रोश भड़क उठा।

खान-पान और जीवनशैली में प्रकृति के विरुद्ध जाने से बचें: राज्यपाल

'कोडकॉन' के तृतीय वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि स्वस्थ रहने के लिए हमें प्रकृति के नियमों का ध्यान रखा जाना चाहिए। हमारा खान-पान और जीवन शैली प्रकृति के अनुरूप होने से हम बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। राज्यपाल श्री रमेन डेका कल रायुपर के एक निजी होटल में आयोजित छत्तीसगढ़ ओबिसिटीज़, डायबिटिज एंड इंडोक्राइन (मोटापा, मधुमेह, अंतःस्रावी) सोसाइटी (कोड) के तृतीय वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज डायबिटीज़, मोटापा और हार्मोन संबंधी बीमारियां न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में भी एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभर रही है। भारत को दुनिया का डायबिटीज कैपिटल कहा जाने लगा है, छत्तीसगढ़ की स्थिति भी चिंता बढ़ाती है। राज्य में 15 से 19 आयु समूह में लगभग 9 से 10 प्रतिशत वयस्कों में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से अधिक पाया गया है और शहरी क्षेत्रों में यह प्रतिशत और तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि डायबिटीज, मोटापा और मानसिक बीमारी ये सब हमारी सिविलाइजेशन से पैदा हुई समस्या है। दरअसल, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण-विशेषकर माइक्रो प्लास्टिक का उपयोग हमारी सेहत पर विपरीत असर डालने वाली एक बड़ी चुनौती है। श्री डेका ने कहा कि आज हम जीवन शैली और व्यवहार में पश्चिमी शैली का अनुसरण कर रहे हैं। राज्यपाल ने 600 ईसा पूर्व रचित प्राचीन ग्रंथ चरक संहिता का उल्लेख करके हुए कहा कि उस समय भी भोजन की गुणवत्ता और प्रकृति को चयापचय संबंधी रोगों का मूल माना गया था। राज्यपाल ने कहा कि हमारे ऋषि पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अनुचित आहार ही शरीर के संतुलन को बिगाड़कर रोगों की जड़ बनता है। आज विज्ञान भी यही सिद्ध कर रहा है।

टीबी के उन्मूलन में योगदान

राज्यपाल ने चिकित्सकों को समाज का मार्गदर्शक बताया। राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में निजी चिकित्सक और चिकित्सा संस्थान जो योगदान दे रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि छत्तीसगढ़ में सिकलसेल के प्रति जनजागरूकता लाने और टीबी के उन्मूलन में योगदान दें। कार्यक्रम में प्रो. एसएन मिश्रा को लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया, साथ ही क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com